13. **लोक में सभी जगह हमेशा सभी धनवान ही बलवान होते हैं ।**
14. यह बालक बुद्धिमान है और विनयवालों में श्रेष्ठ है ।
15. **बुद्धिशाली मनुष्यों को भी दरिद्रता दिखती है ।**
16. ये चरवाहे गायवाले हैं, इसलिए इनका शरीर ज्यादा बलवान है ।
17. **बड़ों को ही संपत्ति और बड़ों को ही आपत्तियाँ आती हैं ।**
18. मुझे जीवन की आशा बलवान है और धनकी आशा कमजोर है । हे मुसाफिर, तुम जाओं या रहों । (मैंने) खुद की अवस्था सचमुच कहकर बता दी है ।
19. **साँप क्रूर है और दुर्जन क्रूर है, परंतु साँप से दुर्जन ज्यादा क्रूर है । साँप मन्त्र से शान्त मगर दुर्जन को किसी भी तरह शान्त नहीं किया जा सकता है ।**
20. पुत्र, स्त्री और मित्रजन सभी धन से रहित (व्यक्ति) को छोड़ देते हैं, पैसेवाले होने पर फिर से उनका आश्रय करते हैं । लोक में सचमुच, पैसा ही पुरुष का बंधु है ।

पाठ-47

हिन्दी का संस्कृत अनुवाद

1. हे राजन् ! त्वं प्रजां पालय ।
2. **अस्याः कन्यायाः कबर्यां द्वे दाम्नी स्तः ।**
3. युष्माकं बन्धोर्नाम कथय ।
4. **अस्मिन् राज्ञि प्रभूतः पराक्रमोऽस्ति ।**
5. राजमहिष्यौ रथ उपविश्योद्यानं गतौ ।
6. **बालेनाकाशे शश्यदृश्यत ।**
7. गुणी गुणं पश्यति न दोषम् ।
8. **भाव्यन्यथा न भवति ।**
9. योगिनः शिखरिणां गुहासु वसन्ति ।
10. **हस्तिनो मूर्धनि मौक्तिकं जायते ।**

संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. अहो ! इस राजा के विवेक की सीमा ।
2. **उनके घर में अनाज के ढेर की तरह रत्नों के ढेर हैं ।**
3. स्वयं को प्रतिकूल आचरण दूसरों के साथ न करें ।
4. **राजाओं में विद्या पूजित है, परंतु धन नहीं ।**
5. जन्म का दुःख, जरा का दुःख और मरण का दुःख बार-बार आता है ।
6. **कर्म की गति विचित्र है ।**
7. जैसा राजा वैसी प्रजा ।
8. **जो खुद को पसंद नहीं है, उस मधुर भोजन से भी क्या ?**
9. सचमुच पशु भी अपने प्राणों की तरह खुद के पुत्र को संभालते हैं ।
10. **लंबे समय बाद भी कर्म सभी को अवश्य फल देता है ।**
11. भविष्य का कार्य हुआ ।
12. **सेवाधर्म कठिन है, योगियों को भी अगम्य है ।**
13. सचमुच, स्त्रियाँ मायावी होती हैं ।
14. **जैसे नेत्र बिना मुख, स्तंभ बिना घर शोभा नहीं देता, उसी प्रकार मंत्री के बिना राज्य शोभा नहीं देता है ।**
15. धीर पुरुषों का भूषण विद्या है, मंत्रियों का भूषण राजा है, राजाओं का भूषण न्याय है, शील सब का भूषण है ।

पाठ-48

हिन्दी का संस्कृत अनुवाद

1. वणिक् स्वग्रामात् सर्पिर्पत्तनं नयति ।
2. **कवीनां वाक्षु माधुर्यमस्ति ।**
3. सर्पि र्भक्षणेनायुर्वर्धते ।
4. **क्षुधा समा वेदना नास्ति ।**
5. हरिणाः ककुभो लङ्घन्ते ।
6. **दुर्योधनः पाण्डवानां द्विडासीत् ।**
7. स्वर्गेऽप्सरोभिः सह देवाः क्रीडन्ति ।

संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. **कुलवान की वाणी झूठी नहीं होती ।**
2. सर्पों के लिए दूध का पान जहर के लिए होता है ।
3. **दूसरों को पीड़ा देनेवाला सत्य वचन भी बोलना नहीं चाहिए ।**
4. दुष्टों का निग्रह और साधु का रक्षण करना राजाओं के लिए योग्य है ।
5. **लोक में चंदन शीतल है, चन्दन से भी चन्द्रमा शीतल है, इन दोनों से भी साधु की संगत ज्यादा शीतल मानी गयी है ।**
6. उस गाँव में यश जिसका धन है, ऐसा धन नाम का सार्थवाह था, जैसे सागर नदियों का वैसे वह संपत्तियों का एक स्थान था ।

पाठ-49

हिन्दी का संस्कृत अनुवाद

1. सीतात्मनो ननान्दुः शान्तायाः पादयोरपतत् ।
2. **योषितां जामाता वल्लभोऽस्ति ।**
3. अभिमन्योर्मातुर्नाम सुभद्राऽऽसीत् ।
4. **हे देवरेष हरिणः शोभनतमोऽस्ति ।**
5. एषां वैद्यानामौषधानि रोगस्यापहर्तॄणि सन्ति ।
6. **अस्य दातृ राज्ञो राज्ञ्योऽपि दात्र्य आसन् ।**
7. मम भर्तर्येकोऽपि दोषो नास्ति ।

8. **जना नावा समुद्रे तरन्ति ।**
9. इयं मम स्वसुः श्वश्रूरस्ति ।

संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. सच्ची या झूठी मनुष्य की कीर्ति जयवाली होती है ।
2. **सास के दु:ख में बेटी को पिता का घर शरण है ।**
3. रे चित्त ! क्यों भाई ! पिशाच की तरह दौड़ता है ।
4. **स्वयं से प्रसिद्ध हुए उत्तम, पिता से प्रसिद्ध हुए मध्यम, मामा से प्रसिद्ध हुए अधम और श्वसुर से प्रसिद्ध हुए अधम में अधम गिने जाते हैं ।**
5. मित्र, स्वजन, पुत्र, भाई, माता-पिता भी, भाग्य प्रतिकूल होने पर स्वजन को छोड़ देते हैं ।
6. **लोभी मनुष्य दरिद्रपने की शंका से पैसे को नहीं देता है और सचमुच दाता उसी शंका से पैसे दे देता है ।**
7. धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का उत्तम कारण आरोग्य है, रोग उनका (आरोग्य) कल्याण और जीवन का हरण करनेवाला है ।
8. **ऋण करनेवाला पिता शत्रु है, मूर्ख पुत्र शत्रु है । (ऐसा) अप्रिय और हितकारी कहनेवाला और सुनने वाला दुर्लभ है ।**

पाठ-50

हिन्दी का संस्कृत अनुवाद

1. एतस्य देवालयस्य चत्वारि द्वाराणि सन्ति ।
2. **त्रिंशतो दिनानामेको मासो भवति ।**
3. पतनाच्चतुर्षु योजनेषु गतेषु महेशानमागच्छति ।
4. **एकस्मिन्वर्षे षड्ऋतव आगच्छन्ति ।**
5. भगवतो महावीरस्यैकादश गणभृत आसन् ।
6. **अस्माकं सेनायां तिस्त्रः कोट्यश्चत्वारि लक्षाणि विंशतिश्च सहस्त्राणि सैनिकाः सन्ति ।**
7. तस्य सेनायां पञ्चाशद् लक्षाणि षष्टिः सहस्त्राणि पञ्च शतानि नवतिश्च सैनिकाः सन्ति ।
8. **अद्य मया सप्तति विद्यार्थिनः परीक्षिताः ।**

संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. राजा की पत्नी, गुरु की पत्नी, भाई की पत्नी, पत्नी की माता और खुद की माता ये पाँच माताएँ मानी हुई हैं ।
2. **कमल में लालिमा, सत्पुरुषों का परोपकारीपना, दुर्जनों का निर्दयपना इन तीनों में ये तीन स्वभाव-सिद्ध हैं ।**
3. दान, भोग और नाश ये तीनों धन की गतियाँ हैं ।
4. **सौ में एक शूरवीर होता है और हजारों में एक पंडित होता है, दश हजार में एक वक्ता होता है, परंतु दातार होता या नहीं भी होता है ।**
5. सचमुच, चींटी धीरे-धीरे हजार योजन जाती है, नहीं चलनेवाला गुरुड़ एक कदम भी नहीं जाता है ।

पाठ-51

हिन्दी का संस्कृत अनुवाद

1. इमे द्वे नगर्यावतिशोभने स्तः तत एनयोर्बहवो धनिका वसन्ति ।
2. **आगच्छ, गच्छ, उत्तिष्ठोपविश, वद, मौनं भज–इति धनिका याचकैः क्रीडन्ति ।**
3. एतयो र्द्वयो वृक्षयो र्य एते विहगा दृश्यन्ते तेऽस्मिन् पञ्जर आसन् वयमेनान् पञ्जराद्मुञ्चाम ।
4. **यद्यहं प्रजां पालयेयं तर्हि प्रजा मामनुसरेत् ।**
5. धर्मो वो धनयँ्यच्छतु नो ज्ञानम् ।

संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. जिस कारण से एक सेवक होता है और दूसरा स्वामी होता है, एक भिक्षा माँगता है और दूसरा भिक्षा देता है ।
2. **इत्यादि अच्छी तरह से यहाँ धर्म अधर्म के बड़े फल को देखकर भी जो न माने उस बुद्धिशाली का कल्याण हो ।**
3. स्वभाव से अति भयंकर इस असार संसार में, समुद्र में जलजंतु की तरह दु:ख की सीमा नहीं है ।
4. **गज, भुजंग और पक्षियों के बंधन को, चन्द्र सूर्य के ग्रहपीड़न को**

और बुद्धिमान की द्ररिद्रता को देखकर, अहो ! विधि बलवान है, इस तरह मेरी मति है ।

5. सह्याद्रि पर्वत के उत्तर भाग में जहाँ गोदावरी नदी है, वह प्रदेश इस समस्त पृथ्वी में मनोरम है ।

6. **कौन किसको हँसता है ? कौन दो किन दो को हँसते हैं ? कौन किसको हँसते हैं ? स्त्री का होठ, पल्लव को देखकर हँसता है, दो हाथ दो कमलों को देखकर हँसते हैं और दाँत कलियों को देखकर हँसते हैं ।**

7. सुख का अर्थी विद्या को छोड़ता है, विद्या का अर्थी सुख को छोड़ता है, सुख के अर्थी को विद्या कहाँ से ? और विद्या के अर्थी को सुख कहाँ से ?

8. **विद्याभ्यास और विचार समान को शोभते हैं । वैसे विवाह और विवाद समान को ही शोभा देते हैं ।**

9. दिन में उल्लू नहीं देखता, कौआ रात को नहीं देखता । (परंतु) कामान्ध कोई अपूर्व है, जो दिन और रात नहीं देखता है ।

10. **शिशिर ऋतु में अग्नि अमृत है, प्रिय का दर्शन अमृत है, राजा का सन्मान अमृत है और दूध का भोजन अमृत है ।**

सुभाषितानि

1. पुरुष का आभूषण रूप है, रूप का आभूषण गुण है, गुण का आभूषण ज्ञान है और ज्ञान का आभूषण क्षमा है ।

2. **विद्या के समान नेत्र नहीं, सत्य के समान तप नहीं, लोभ के समान दुःख नहीं और त्याग के समान सुख नहीं है ।**

3. उद्यम, साहस, धैर्य, बुद्धि, शक्ति और पराक्रम ये छह जिसमें होते हैं, उस पर देव प्रसन्न होते हैं ।

4. **असती स्त्री लज्जावाली होती है, खारा पानी शीतल होता है । दंभी, विवेकी होता है, और धूर्तजन प्रिय बोलनेवाला होता है ।**

5. यह अपना अथवा पराया है, इस तरह की गिनती तुच्छ मनवालों की होती है, उदार मनवालों के लिए तो पृथ्वी ही कुटुम्ब है ।

6. **देना चाहिए, भोगना चाहिए, वैभव हो तो संचय नहीं करना चाहिए । देखो, यहां मधुमक्खियों के द्वारा एकत्र किये मधु को दूसरे लेकर जाते हैं ।**

7. चींटियों द्वारा उपार्जित अनाज, मक्खियों के द्वारा इकट्ठा किया मधु, लोभियों के द्वारा एकत्र किया द्रव्य, जड़सहित विनाश पाता है ।

8. कृपण मनुष्य खुद के हाथ में रहे मांस की तरह धन का रक्षण करते हैं, और सज्जन मनुष्य उस द्रव्य का मैल की तरह दान करते हैं ।

9. पर्वत बड़ा है, पर्वत से समुद्र बड़ा है, समुद्र से आकाश बड़ा है, आकाश से भी ब्रह्म (ज्ञान) बड़ा है और ब्रह्म से भी आशा बड़ी है ।

10. आशा सचमुच मनुष्य को कोई आश्चर्ययुक्त बेड़ी है, जिससे बँधे हुए (मनुष्य) दौड़ते है, (और) मुक्त हुए पंगु की तरह खड़े रहते हैं ।

11. सचमुच, मूर्खों को उपदेश कोप के लिए होता है, शान्ति के लिए नहीं होता है । साँपों को दूध पिलाना केवल विष बढ़ानेवाला होता हैं ।

12. जिसके पास धन है, वह मनुष्य कुलवान है, वही वक्ता है, और वही दर्शनीय है, वही पंडित है, वही श्रुत (ज्ञान) वाला है और गुण को जाननेवाला है, सब गुण सुवर्ण के आश्रित रहते हैं ।

13. मनोहर अच्छे मुख से बोलता है और सचमुच तीक्ष्ण चित्त द्वारा प्रहार करता है । स्त्रियों की वाणी में शहद होता है और हृदय में भयंकर जहर होता है ।

14. भूमि के नाश में अथवा बुद्धिशाली नौकर के नाश में राजा का नाश ही है, उन दोनों को समान कहा गया, (वह) सचमुच बराबर नहीं है, (क्योंकि) नष्ट हुई भूमि सुलभ है, परंतु नष्ट हुए नौकर सुलभ नहीं ।

15. दिन के पूर्वार्ध की छाया प्रारंभ में बड़ी और क्रम से क्षयवाली (कम-कम) होती है, (दिन के दूसरे भाग की छाया) पहले छोटी और फिर वृद्धिवाली होती है । वैसे खल और सज्जन की दोस्ती दिन के पूर्वार्ध और परार्ध की छाया की तरह भिन्न-भिन्न होती है ।

16. बाघ, हाथी आदि द्वारा सेवित, मनुष्य से रहित और बहुत काँटों से युक्त वन अच्छा । (वनमें) घास की शय्या और पहनने के लिए वृक्ष की छाल होती है । (ये सब ठीक) परंतु धनहीन होकर भाइयों के बीच रहकर जीना अच्छा नहीं है ।

17. विपत्ति में धैर्य, अभ्युदय में क्षमा, सभा में वाणी की पटुता, युद्ध में पराक्रम, यश में अभिरुचि, शास्त्र-श्रवण का व्यसन, सचमुच महात्माओं को ये स्वभाव सिद्ध हैं।

सुभाषितानी–समासविग्रह

1) आश्चर्यशृङखला (प्र.ए.व.) आश्चर्येण युक्ता (तृतीया तत्पुरुष)
आश्चर्ययुक्ता चासौ शृङ्खला च आश्चर्यशृङ्खला
(मध्यम पद लोपी तत्पुरुष)

2) आरम्भगुर्वी (प्र.ए.व.) आरम्भे गुर्वी आरम्भगुर्वी (सप्तमी तत्पुरुष)

3) पूर्वार्धपरार्धभिन्ना (प्र.ए.व.) पूर्वार्धश्च परार्धश्च पूर्वार्धपरार्धौ (द्वन्द्व)
पूर्वार्धपरार्धयोर्भिन्ना पूर्वार्धपरार्धभिन्ना (षष्ठी तत्पुरुष)

4) व्याघ्रगजादि सेवितम् (प्र.ए.व.) व्याघ्राश्च गजाश्च व्याघ्रगजाः (द्वन्द्व) व्यघ्रगजा आदौ येषां ते व्याघ्रगजादयः (बहुव्रीहि) व्याघ्रगजादिभिः सेवितम् व्याघ्रगजादिसेवितम् (तृतीया तत्पुरुष)

5) परिधानवल्कलम् – परिधाने वल्केलम् (सप्तमी तत्पुरुष)

कथा

किसी स्थान में एक कुंभकार रहता था, वह एक बार प्रमाद से आधे टूटे हुए घड़ों के ठीकरों पर खूब वेग से दौड़ते हुए गिर पड़ा। उन ठीकरों से उसका ललाट फट गया। खून से लथपथ शरीरवाला बड़ी मुश्किल से खड़ा होकर अपने घर गया। उसके बाद अपथ्य के सेवन से उसका वह घाव भयंकर हो गया। फिर कठिनाई से नीरोग हुआ।

अब एक बार दुष्काल से पीड़ित देश में वह कुंभकार कुछ राजसेवकों के साथ दूसरे देश में गया और किसी राजा का सेवक बना। उस राजा ने भी उसके मस्तक में बड़े प्रहार का घाव देखकर सोचा कि यह कोई वीर पुरुष है, निश्चय ही इसके ललाट में प्रहार का चिह्न है, इसलिए सभी राजपुत्रों के बीच उसको सम्मान आदि द्वारा प्रसन्नता से देखता है। वे राजपुत्र भी उसकी उस प्रसन्नता को देख ईर्ष्या रखते हुए राजा के भय से कुछ बोलते नहीं हैं।

अब एक बार युद्ध का प्रसंग आने पर उस राजा ने उस कुंभकार को एकान्त में पूछा, **'हे राजपुत्र ! तुम्हारा नाम क्या है ?'** और तुम्हारी जाति

कौनसी है ? कौनसे युद्ध में प्रहार लगा है ? वह बोला, **'देव ! यह शस्त्र का प्रहार नहीं है ।'** मैं युधिष्ठिर नाम का कुंभकार हूँ । मेरे घर में बहुत घड़ों के टुकड़े पडे थे । एक बार मैं दारु पीकर निकला और दौडतें हुए ठीकरों पर गिर पड़ा, उन ठीकरों के प्रहार से मेरा ललाट ऐसी विकरालता को प्राप्त हुआ है ।

राजा ने सोचा, **'अहो ! मैं कुंभकार के द्वारा ठगा गया । उसने कुंभकार को कहा, 'हे कुंभकार ! तुम यहाँ से जल्दी चले जाओं ।'**

कथा–समासविग्रह

1) अर्धभग्नघट खर्परोपरि (अव्यय)
अर्धेन भग्ना: अर्धभग्ना: (तृतीया तत्पुरुष)
अर्धभग्नाश्च ते घटाश्च अर्धभग्न घटा: (कर्मधारय)
अर्धभग्नघटानां खर्पराणि अर्धभग्नघटखर्पराणि (तृतीया तत्पुरुष)
अर्भभग्नघट खर्पराणामुपरि अर्धभग्नघटखर्परोपरि । (षष्ठी तत्पुरुष)

2) रुधिरप्लाविततनु: (प्र.ए.व.)
रुधिरेण प्लाविता रुधिरप्लाविता (तृतीया तत्पुरुष)
रुधिरप्लाविता तनु: यस्य स रुधिरप्लाविततनु: । (बहुवीहि)

3) युधिष्ठिरनामा (प्र.ए.व.)
युधिष्ठिरो नाम यस्य स युधिष्ठिरनामा । (बहुव्रीहि)

आओ ! संस्कृत सीखें (भाग-2) की मार्गदर्शिका

पाठ-1

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. धर्म रक्षण का साधन (त्राणम्) है और शरण भी है ।
2. **यमुना गंगा में मिलती है ।**
3. हे राजा ! विजय पाओ ।
4. **हे पुत्र ! तुम क्या इच्छा करते हो ?**
5. तुम अभी अकार्य से रुक जाओ ।
6. **हे पुत्री ! तुम मेरे पीछे चलो ।**
7. बालक स्तन से दूध पीता है ।
8. **राजा प्रजा के हित के लिए प्रवृत्ति करे ।**
9. हे वत्स ! रथ में बैठकर तुम्हारी राजधानी की ओर प्रयाण करो ।
10. **हे माता ! यह पुरुष मुझे 'पुत्र' इस प्रकार कहकर आलिंगन करता है ।**
11. बड़ों के गुण अपने आप प्रकट होते हैं ।
12. **अरे ! यह बालक, क्या मालूम वास्तव में क्रीड़ा करने के लिए सिंह के बच्चे को जबरदस्ती खींच रहा है ।**
13. तुम्हारा शस्त्र दु:खियों के रक्षण के लिए है, निरपराध पर प्रहार करने के लिए नहीं है ।
14. **पैसे कमाने में दु:ख है और कमाये हुए पैसों का रक्षण करने में भी दु:ख है ।**
15. अगर मैं संसार-समुद्र में भटक रहा हूँ, तो मेरा पुरुषार्थ कौन सा ?
16. **शरद्ऋतु के समय जैसा, यह प्रात: समय अभी प्रकट हो रहा है ।**
17. हे पुत्री ! जिस कारण से तुम मौन हो, उस कारण को तुम कहो ।
18. **हे हाथ ! मैं किसी मनोरथ की इच्छा नहीं रखता हूँ, तुम फिजूल में क्यों स्पंदन कर रहे हो (दायाँ हाथ स्पंदन कर रहा है, उसे व्यक्ति स्वयं कह रहा है)**
19. हे हृदय ! तुम अभिलाषा वाले बन जाओ, अभी संदेह का निर्णय हुआ है 'जिसको तुम अग्नि मान रहे हो, वह तो स्पर्श करने योग्य रत्न है ।'

20. हे भगवन्त ! मेरे उस प्रमाद के आचरण को आप सहन करो । वास्तव में पृथ्वी की उपमा वाले महान् पुरुष हमेशा सब कुछ सहन करने वाले होते हैं ।

21. पृथ्वी, समुद्र और पर्वत को पार कर सकते हैं, लेकिन राजा के मन को किसी के द्वारा या कैसे भी, कभी भी समझ नहीं सकते ।

22. वास्तव में जिसका जन्म, याचना करनेवाले मनुष्य की मनोवृत्ति को पूर्ण करने के लिए नहीं है, उसके द्वारा यह भूमि अति भारवाली है, परन्तु वृक्षों से, पर्वतों से और समुद्रों से अतिभार वाली नहीं है ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. मुनयः परिषहान्सहन्ते ।

2. सूर्य उदयति कुमुदानि च म्लायन्ति ।

3. व्यवसायिभिर्जनैस्त्वर्यते ।

4. व्याघ्रा अपि पलायन्ते ज्वलज्ज्वलनदर्शनात् ।

5. स्वं न श्लाघ्यम् ।

6. सूर्यस्य तापेन तडागस्यतोयं उत्क्वथति ।

7. तव वपुः विभ्राजते ।

8. स्पर्धमाणाय कर्मणा नमोऽस्तु वर्धमानाय ।

पाठ-2

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. साधु सदाचार का पालन करते हैं ।

2. घास भी गाय के दूध के लिए समर्थ है ।

3. गधे आपस में दाँतों से काटते हैं ।

4. तुम उस कथा को छुपाओं मत, (छुपाए बिना) कहो ।

5. जो मन को नियम में जोड़ता है, वास्तव में उसके पाप नष्ट हो जाते हैं ।

6. याचकों को धन (इच्छित) देने वाले राजा ने उत्कृष्ट ख्याति प्राप्त की ।

7. कमल के पराग को चूस-चूस कर भ्रमर खुश होवे ।

8. **वे दोनों पति-पत्नी, बार बार मीठे झरणों के पानी को पीते-पीते वृक्ष की गाढ़ छाया में आराम करते-करते अलग-अलग फूलों को सूँघते-सूँघते पर्वत के ऊपर चढ़े ।**

9. उसके बाद चोरों ने सभी मनुष्यों के अलंकार आदि को लूटना शुरू किया ।

10. **सूर्य के तपने पर रात्रि, लोगों की दृष्टि के आवरण के लिए कैसे समर्थ हो ?**

11. बजाना, (धमेत्) बजाना (लेकिन) ज्यादा मत बजाना, ज्यादा बजाना शोभास्पद नहीं है (ज्यादा अच्छा नहीं है)

12. **चंदन, अगरु, कस्तूरी और कपूर वगैरे की गंध से साँप की तरह काम भी अचानक मनुष्य पर आक्रमण करता है ।**

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **भीममपि दन्दशूकं पिपीलिकाप्रकरो दशति ।**
2. वल्लयः पर्णैः फलानि गूहन्ति ।
3. **कुमारपालस्य कीर्तिं साधवोऽपि पणायन्ति ।**
4. सिद्धराजः स्वीयाञ्शत्रूनधूपायत् ।
5. **वयं जिनं पनायामहे ।**
6. वणिजः कोटिभी रूप्यकै र्नित्यं पणन्ते ।
7. **दन्दशूको बिलान्निरक्रामददशच्च ।**
8. यूयमकार्येषु कथं सज्जथ ।
9. **तस्य चित्तमध्ययनेऽसजत् ।**
10. रजको राज्ञ्या वस्त्राणि रजति ।

पाठ-3

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कुम्भकार के चक्र पर चढ़ी हुई मिट्टी के समान, मेरा मन भी बहुत समय से भटकता है ।
2. **स्त्री की खुशामत करने वाले जीव संसार में भटकते हैं ।**
3. जो स्त्रियों में रागी नहीं होता है, ज्ञान और विवेक उसकी ओर आता है ।
4. **अपने खुद के पुत्र की तरह इस बालक में मेरा मन क्यों स्नेह करता है ।**

5. वास्तव में जीव जन्म लेते हैं और मरते हैं ।

6. निर्धन मनुष्यों के मनोरथ (उनके) हृदय में ही लीन हो जाते हैं ।

7. सभी प्राणी, इच्छित वस्तु को पाकर सुखी होते हैं ।

8. आज मेरा मन वैराग्य में तल्लीन है ।

9. तुम ही एक मेरे भाई हो, जिस कारण मेरे कार्य के लिए दु:खी हो रहें हो ।

10. जिस कारण अयोग्य भी वन्दनीय होता है, वह प्रभाव वास्तव में धन का है ।

11. उत्तम पुरुष, विद्यावान पुरुष सदैव प्रशंसनीय और पूजनीय होते हैं । विद्याहीन पुरुष विद्वान मनुष्यों की सभा में शोभा नहीं पाते हैं ।

12. सत्पुरुषों को वृद्धावस्था, पहले चित्त में आती है, उसके बाद काया में आती है, लेकिन असत्पुरुषों को वृद्धावस्था पहले काया में आती है, लेकिन चित्त में कभी भी नहीं आती है ।

13. कुपित भाग्य के बींधने पर प्राणियों के लिए धर्म ही कवच है, अत: वही (धर्म) हमारा शरण हो ।

14. अति दु:खदायी ऐसे विषयों में सुख मानने वाला मनुष्य, आश्चर्य है कि (उसमें) थोड़ा भी वैराग्य पाता नहीं है, जिस प्रकार अशुचि में भी सुख मानने वाला अशुचि का कीड़ा अशुचि में वैराग्य नहीं पाता है ।

15. जहाँ दया नहीं, वह दीक्षा नहीं है, वह भिक्षा नहीं है, वह दान नहीं है, वह तप नहीं है, वह ध्यान नहीं है, (और) वह मौन नहीं है ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. कपि-र्बालानभ्यधावद्, बाला अत्रस्यन्नतो रक्षायाययस्यन्नक्लाम्यंश्च किन्तु भीमो नाऽत्रसदत एव रक्षाया अयसन्नक्लामँश्च कौतुकेन कपिं द्रष्टुं समयसत् ।

2. स सह दीव्यद्भयो बालेभ्य: फलानि यच्छति ।

3. युधि योधा इषुन्निरस्यन्ति इषवश्च योधान् विध्यन्ति ।

4. जीर्यतो जनस्य केशा, जीर्यन्ति दन्ता, जीर्यन्ति नेत्रे श्रोत्रे च जीर्यतस्तृष्णैका न जीर्यति ।

पाठ-4

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे पिता ! (आपके द्वारा) भरत (का) बहुत हर्ष के साथ राज्य के लिए अभिषेक कराया जाय ।
2. **हे पुत्री ! तुम मुझे और सखियों को मिलो ।**
3. ये मनुष्य मेरे रत्न और सोने वगैरे को छीन लेते हैं ।
4. **सभी लोग (कर्म द्वारा) लिप्त होते हैं, ज्ञानसिद्ध लिप्त नहीं होता है ।**
5. मैं सभी प्रकार से (मेरे) खुद के प्रमाद से लज्जा पाया हुआ हूँ, आप मेहरबानी करो । (मेरे ऊपर आप प्रसन्न हो)
6. **निश्चय से जो जीव मरता है, वही वापस उत्पन्न होता है ।**
7. वहाँ सबका भाता और घास आदि समाप्त हो गया ।
8. **यह आश्रम द्वार है, जितने में प्रवेश कर रहा हूँ । (उतने में) आश्रम स्थान शान्त है और (मेरा दायाँ) हाथ फरक रहा है, यहाँ फल कहाँ से होगा अथवा अवश्य होनेवाले (कार्य) का कारण सर्वत्र होता है ।**
9. मानों अंधकार अंगों को लिपटता है, मानों आकाश काजल को बरसाता है, असत्पुरुषों की सेवा की तरह (मेरी) दृष्टि निष्फल हुई है । (अन्धा मनुष्य बोल रहा है) ।
10. **अज्ञानी मनुष्य वास्तव में अज्ञान में ही मग्न रहता है, जैसे सूअर विष्ठा में मग्न रहता है, उसी प्रकार ज्ञानी ज्ञान में मग्न रहता है, जैसे हंस मानसरोवर में मग्न रहता है ।**

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **वैद्येन व्याधिभिः म्रियमाणस्य जनस्य व्याधि र्ह्रियते ।**
2. गृहाद्गच्छन्पुत्रः पितरमापृच्छत ।
3. **वल्लभोऽद्भुतेन विनयेन शौर्येण च राज्ञश्चित्ते न्यविशत ।**
4. गुरुः सुधातुल्यया वाचा शिष्याणां संशयं वृश्चति, येन शिष्याः स्वीयं मस्तकं धुवन्तो गुरुं नुवन्ति ।
5. **अर्जुनो द्रोणाचार्याद्धनुर्विद्यामविन्दत ।**
6. तेन जातेन पुत्रेण को गुणो मृतेन च कोऽवगुणो यतो यस्मिन्सति पितु भूमिरपरेणाक्रम्यते ।

पाठ-5

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. स्पृहा वाले मनुष्य घास और रुई जैसे हल्के दिखते हैं।
2. **जिसके हाथ जोड़े हुए हैं ऐसे स्पृहा वाले मनुष्यों के द्वारा कौन-कौन प्रार्थना नहीं कराये जाते है। (अर्थात् सभी कराये जाते हैं)**
3. फिर भी, अभी भी उनको देखकर मेरे पापों को मैं धो रहा हूँ।
4. **जैसे मेघ पानी के द्वारा (विश्व को खुश करता है), उसी प्रकार उसने धर्म के द्वारा विश्व को खुश किया।**
5. ग्रीष्म ऋतु में प्राणी मानों पकाए जाते हैं, धूल मानों तपाई जाती है, पानी मानों उबलता हैं, (और) पर्वत मानों धमधमते हैं (तपते हैं)।
6. **दूध पिलाना आदि क्रियाओं से धाव माताओं के द्वारा लालन-पालन कराता हुआ वह राजपुत्र क्रमश: वृक्ष की तरह बढ़ा।**
7. चार (तत, वितत, घन, सुषिर) प्रकार के वाद्ययंत्र में चतुर ऐसा यह गन्धर्व वर्ग तुम्हारे आगे संगीत के लिए सज्ज (तैयार) खड़ा है।
8. **पुत्री के वियोग रूपी नये दु:खों से क्या गृहस्थ पीड़ा नहीं पाते हैं ? (पीड़ा पाते हैं)।**

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **लोक उद्योतकरांस्तीर्थकरानहं कीर्तयामि।**
2. यो गुरो र्दोषांश्छादयति स छात्र: कथ्यते।
3. **जनान्प्रीणन्ज्याकर्षणेन च धनु र्धूनयन्नर्जुनो रङ्गभूमावागच्छत्।**
4. जनो यानि कष्टानि धनाय साहयति तानि कष्टानि धर्माय न सहति।

पाठ-6

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. यदि किसी काम के लिए विलम्ब न हो तो अभ्युदय के लिए प्रयाण किया जाय।
2. **उस राजा ने वैद्यमंडल को बुलाया। राजाओं द्वारा निष्प्रयोजन अधिकारी लोग बुलाए नहीं जाते हैं।**
3. ताजे पुष्पों की माला की तरह आपकी आज्ञा सैकड़ों राजाओं के द्वारा वहन की जाती है।

4. **मृग के भय से क्या जौ नहीं बोए जाते हैं ? (बोते हैं)**
5. और गंधर्वों ने मधुर मंगल गायनों द्वारा गाया ।
6. **जिस प्रकार (मनुष्य) कुदाल के द्वारा खोद कर भूमि में से पानी लेता है, वैसे ही गुरु में रही हुई विद्या को सेवा करने वाला प्राप्त करता है ।**
7. वास्तव में वह विद्या नहीं है, वह दान नहीं है, वह शिल्प (कारीगरी) नहीं है, वह कला नहीं है, वह स्थिरता नहीं है, यदि याचकों के द्वारा धनवानों का गान नहीं होता । अर्थात् याचक धनवानों को सर्वगुणसम्पन्न कहते हैं ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **सूरस्स एवास्ति हि येनेन्द्रियाणि जीयेरन्, पण्डितस्स एवास्ति हि येन धर्म आचर्येत, वक्ता स एवास्ति हि येन सत्यमुद्येत, दाता च स एवास्ति हि येनाभयं दीयेत ।**
2. परीक्षकेण छात्रा: प्रश्नं पृच्छ्यन्ते छात्रै: स्मर्यते परीक्षकाय चोत्तरं दीयते ।
3. **तन्तुवाय: तन्तून्वयति ।**
4. (य:) गर्तां खनेत् स पतेत् ।
5. **किङ्करैरयं भारो ग्रामं नेतुमुह्यते ।**
6. तस्य भ्रात्रा पुष्करेण नल: सर्वमप्यजीयत ।
7. **आचार्येण धर्मकथा कथयितुमारभ्यते ।**

पाठ-7

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जो लोग निश्चय ही मेरे विनाश के लिए चन्द्रगुप्त की सेवा में तैयार थे, वे ही मेरी सेवा क्यों कर रहे हैं ?
2. **उस सन्देश को सुनने के लिए देव लायक है ।**
3. अन्धा मनुष्य गले में डाली हुई माला को भी सर्प की शंका से हिलाता है ।
4. **कान में सुई के प्रवेश जैसा उसने पुत्री का जन्म सुना ।**

5. हे आर्यपुत्र ! आपके बिना एक मुहूर्त भी रहने के लिए मैं शक्तिमान नहीं हूँ, इसलिए मेरे द्वारा भी अवश्य जंगल (अरण्य) में जाया जाए । यदि मेरी अवगणना करके जाते हो तो जाओ, तुम्हारा इष्ट सिद्ध हो ।

6. यह बड़ी कथा है, संक्षेप में कहना मुश्किल है ।

7. वर्णन कराता हुआ उसका वृत्तान्त तुम सुनों ।

8. दशरथ राजा ने सामन्त और सचिवों को भी राम को लाने के लिए भेजा ।

9. दु:ख की बात है कि हर रोज इसी प्रकार बोलती हुई मैं तुम्हें भी दु:खी कर रही हूँ ।

10. किस प्रयोजन से मेरे द्वारा यह भेजा गया है ? इस प्रकार प्रयोजन बहुत होने से वास्तव में मैं याद नहीं कर पाता हूँ ।

11. जितेन्द्रियता विनय का साधन है, विनय से गुणों की अधिकता प्राप्त होती है, गुण की अधिकता से लोग अनुरागी बनते हैं, और लोगों के अनुराग से सम्पत्ति होती है ।

12. हे महानुभाव ! तुम खेद मत करों, अभी वास्तव में शान्त हो जाओं, खोज करते हुए मेरे द्वारा तुम्हारी प्रिया प्राप्त हुई है ।

13. शास्त्र रूपी दीपक के बिना अदृष्ट अर्थ में दौड़ते हुए जड़ लोग कदम-कदम पर स्खलना पाते हुए अत्यन्त दु:खी होते हैं ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. हंसा कुसुमान्यचिनोत्तेषां च स्त्रजमसृजत् ।

2. स शिखरिणो गुहायामुपविश्य विद्यामसाध्नोत्, विद्यादेव्यकथयत् वरं वृणु, अहं वरं दातुं शक्नोमि ।

3. सत्कार्येण जनस्य कीर्ति लोंकेऽश्नुते ।

4. अरि-सैन्यं पराजेतुं तेऽधृष्णुवन्, यथा च दात्रैस्तृणं कृणुयुस्तथासि-भिश्शत्रुसैन्यमकृन्तन् ।

5. अरे सुशीले ! कुथमत्र प्रस्तृणु ।

6. अखिला लोका महत्वाय प्रस्पन्दन्ते, किन्तु महत्वं मुक्तेन हस्तेन प्राप्यते ।

7. दिवसैरर्जितं खाद, मूर्ख ! एकमपि द्रम्मं मा सञ्चिनु, यत: किमपि तद्भयमापतति हि येन जन्म समाप्यते ।

पाठ-8

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. गुणों में प्रयत्न करो, आडम्बर करने से क्या प्रयोजन है ?
2. **'इसका हम वध कर रहे हैं' 'इसकी हम भक्ति कर रहे हैं', इस प्रकार जो दोनों की बुद्धि है, उन दोनों पर भी हितबुद्धि रखनी चाहिए ।**
3. अगर तुम वास्तव में सुख को चाहते हो, तो मन को थोड़ा भी विषयों में लिप्त मत करो और खराब काम मत करो ।
4. **हे मूढ़ ! हवा की तरह चपल मन को तुम स्थिर (निश्चित) करों ।**
5. अहो ! अति घमण्डवाले ये चक्रीपुत्र हमारा योग्य कहा हुआ भी मानते नहीं हैं । घमण्ड को धिक्कार हो !
6. **भगवान सुमतिनाथ स्वामी आपके इच्छित (विस्तारों) को पूर्ण करें ।**
7. देशकाल के अनुसार उचित क्रिया को करता हुआ (मनुष्य) वास्तव में दु:खी नहीं होता है ।
8. **आलस्य, वास्तव में मनुष्य के शरीर में रहा हुआ बड़ा शत्रु है । उद्यम जैसा कोई मित्र नहीं है, जिस (उद्यम) को करके (मनुष्य) दु:खी नहीं होता है ।**
9. जैसे हजारों गायों में बछड़ा अपनी माता को खोज लेता है, वैसे ही पूर्व में किया हुआ कर्म, करने वाले के पीछे चलता है ।
10. **निर्गुणी प्राणियों पर साधु दया करते हैं । वास्तव में चन्द्र चाण्डाल के घर से (गिरती) किरणों को रोक नहीं लेता है ।**
11. कुलवानों के साथ संगति, पण्डितों के साथ मित्रता और ज्ञातिजनों के साथ मेल करने वाला मनुष्य कभी विनाश नहीं पाता है ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **अहं भरतस्य पार्श्वे एकं शोभनं पुस्तकमपश्यमवन्वि च, अपि स मह्यं तन्नायच्छत् ।**
2. लोका: कोपं कृत्वा स्वीयां निर्बलतामाविष्कुर्वन्ति ।
3. **भगवान् महावीरो घोरेण तपसा कर्माण्यक्षिणोत् ।**
4. यस्स्वस्य गुणाँश्छादयति परस्य च गुणान्प्रकटान्करोति, तस्य सुजनस्य यूयं पूजां कुरुत ।

पाठ-9

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. मुझे छुट्टी दो, जहाँ मेरे बन्धुजन हैं, वहाँ जाउँ ।
2. **उसने बर्तन बेचे ।**
3. हे सारथी ! घोड़ों को हाँकों ! पवित्र आश्रम के दर्शन करके आत्मा को तो पवित्र करें ।
4. **कड़वी तुम्बड़ी का पका हुआ फल भी कौन खाता है ?**
5. इन फलों को आप ग्रहण करो !
6. **यह आपकी स्त्री है, इसको छोड़ो या अपनाओ ।**
7. किस कर्म से भव रूपी अटवी में भ्रमण होता है और किस कर्म से मोक्ष मिलता है, इस प्रकार जानने के लिए, हे मूढ़ ! जो तुम समझते हो (इच्छा करते हो) तो जैन आगमों को देखों ।
8. **भासुरक ! यह सब जानता है, बाहर ले जाकर जितनी देर में कहे, तब तक तुम्हारे द्वारा (उसे) मारा जाय ।**
9. हे विजया ! क्या तुम इस भूषण को पहिचानती हो ?
10. **इस विद्या को भक्ति पूर्वक, नम्र मन से, विकल्प किए बिना ग्रहण करों ।**
11. मेरे भी चरित्र को संक्षेप में जानों ।
12. **हे नृपचन्द्र ! मेरे मन के सन्तोष के लिए तुम इस पर प्रसन्न हो जाओं ।**
13. महान् शील द्वारा वह अपने दोनों कुलों को पवित्र करती है ।
14. **(तुम) रत्नों की चोरी करों और देवांगनाओं का हरण करों ।**
15. यहाँ मेरा बहुत धन है, हे भाई ! उसको तुम ग्रहण करों ।
16. **कर्मविपाक के परवश हुए जगत् को जानने वाले मुनि दु:ख में दीन नहीं बनते हैं और सुख में विस्मित (आनन्दित) नहीं होते हैं ।**
17. (काम–क्रोधादि) अभ्यन्तर शत्रुओं का मन्थन करने में क्रोध के आडम्बर से (आवेश से जैसे) लाल नहीं हुई हो ऐसी पद्मप्रभ प्रभु के देह की कान्ति आपका कल्याण करे ।

18. (मनुष्य) बाहर भेजने पर नोकर को जानता है (पहिचानता) । दु:ख आने पर भाइयों को जानता (पहिचानता) है, आपत्ति आने पर मित्र को जानता (पहिचानता) है, और वैभव (ऋद्धि) का क्षय होने पर स्त्री को जानता (पहिचानता) है ।

19. भववास से विमुख बनी हुई आत्मा को मोहराजा की नोकरानी ऐसी इन्द्रियाँ विषम पाश से बाँधती हैं ।

20. असार पदार्थों का भी समूह वास्तव में दुर्जय है । घास द्वारा भी डोरी बनती है जिससे हाथी भी बँधा जाता है ।

21. जो खुद के चरित्र द्वारा अपने पिता को खुश करता है, वह (सच्चा) पुत्र है । जो पति का हित चाहती है वह (सच्ची) पत्नी है । जो सुख में और दु:ख में समान क्रिया वाला है, वह (सच्चा) मित्र है, जगत् में ये तीन वस्तुएँ पुण्य करने वाले को ही प्राप्त होती हैं ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. तं दुरात्मानं निबिडैर्बन्धनैर्बधान कारागृहे च निक्षिप ।

2. पश्यत ! मधुव्रत: पुष्पेऽलीनान्मधु च पिबति ।

3. यदा जना असत्यं गृणन्ति तदा सतां हृदयं क्षुभ्नाति ।

4. यूयं पुष्पाणां मालां ग्रथ्नीत वृथा न क्लिश्नीत, त्वं पुष्पं मा मुषाण, यूयन्तु कुसुमानि मृद्नीथ ।

5. कलिकालसर्वज्ञप्रभुश्रीहेमचन्द्रसूरेर्व्याकरणं दृष्ट्वा पण्डिता मस्तकं धुनन्ति ।

6. कन्या: स्वीयान्घटान् जलेनापृणन् ।

7. तापसो वृक्षाणां पल्लवैस्स्वीयमुटजमस्तृणात् ।

8. जनो वृक्षात्फलानि गृह्णाति कटूनि च पर्णानि परिवर्जयति, तदापि महाद्रुम: सुजन इव पर्णान्युत्सङ्गे धारयति ।

9. काले पक्वं धान्यं यथा कृषीवलो लुनाति तथा जातं प्राणिनं कृतान्तो लुनाति ।

10. स्ववचसा परिहृतमाहारमहं कथं गृह्णीयाम् ।

11. पण्डिता: प्रियस्य वियोगविषस्य वेगं जानन्ति तत एव बिलगतं सर्पमिव प्रेमं परिहरन्ति ।

12. तस्या मुखकबरीबन्धौ शोभां धरत: जाने शशिराहू मल्लयुद्धं कुरुत: ।

पाठ-10

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. सिद्धराज ने अवन्ती नगरी को घेर लिया था।
2. **(मनुष्य को) धर्म कार्य में धन को उपयोग में लेना चाहिए।**
3. तुम्हारे उत्सुक चित्त को रोकना चाहिए।
4. **जैसे तैसे (किसी भी प्रकार से) भी प्राणियों पर दया करों, जैसे तैसे धर्म करों, जैसे तैसे भी शान्ति रखों, जैसे तैसे भी कर्म का छेद करों।**
5. जो रात में भी खाते हैं, वे पाप रूपी सरोवर में डूबते हैं।
6. **सूखे लकड़े और मूर्ख को भेद सकते हैं, फिर भी वे झुकते नहीं हैं।**
7. हजारों मुर्खों से एक बुद्धिमान ज्यादा है–विशेष है।
8. **उसी के बुद्धिरूपी बाण से (उसी के) मर्म को भेद रहा हूँ।**
9. क्या पता ! उनके हृदय को लज्जा भेदती नहीं है।
10. **मेरे हाथियों का झुण्ड नगर को घेर ले।**
11. मित्र के स्नेह से विह्वल बना हुआ वह अभी मुझे साहस में जोड़ता है।
12. **यह स्त्री पानी ढो रही है, यह स्त्री सुगन्धित द्रव्यों को पीस रही है।**
13. जिसके लिए (पैसे के लिए) पुत्र पिता को, पिता पुत्र को शत्रु की तरह मारते हैं और मित्र, मित्र से मित्रता तोड़ते हैं।
14. **जिस (स्पृहा या विषलता) का फल, मुखशोष, मूर्छा और दीनता है, उस स्पृहा रूपी विषलता को पण्डित पुरुष ज्ञान रूपी दातरड़े से काट लेते हैं।**
15. (रोहणाचल की भूमि में भी) वहाँ भी उपाय बिना रत्न के ढेर प्राप्त नहीं होते हैं। सामने पड़ा हुआ भी भोजन हाथ बिना (प्रयत्न बिना) वास्तव में कौन खाता है !

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **कमपि प्राणिनं न हिंस्यात्।**
2. सन्तः सदसद् विविञ्चन्ति।
3. **त्वं सद्भिस्सह संपृङ्ग्धि तत्त्वं च विन्त्स्व।**
4. मरुद्वृक्षान्भनक्ति तथा त्वं मम मनोरथानभनक्।
5. **इष्टस्य वियोगेऽनिष्टस्य च संयोगे मूर्खाः खिन्दतेऽपि यः प्राज्ञस्स न खिन्ते, मन्यते च हि जनः कृतस्य कर्मणः फलं भुनक्ति।**

6. जनोऽन्यस्य गुणानेव व्यञ्ज्यात् ।
7. **सा हरिद्रां लवणं मरिचं चाक्षुन्त तदाहं गोधुममपिनषं त्वं चाधुना पिप्पलीं पिण्ढि ।**
8. त्वं मामकार्यं कुर्वाणमरुणस्तच्छोभनतरमकुरुथा: ।

पाठ-11

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जो सत्य वचन बोलता है, जो विशेष उपशम को धारण करता है और जो शत्रु को भी मित्र समान देखता है, उसे मोक्ष मिलता है ।
2. **वह इस प्रकार विचार करता हुआ जाकर राजा को बोला ।**
3. जाओ ! इस प्रकार प्रधान को कहो ।
4. **यह बालक मुझे महान् तेज का बीज (कारण) लगता है ।**
5. आप ही लोक-व्यवहार में अच्छी तरह से निपुण हो ।
6. **हे स्त्री, तुम्हारे हृदय में से दु:ख दूर हो ।**
7. इस प्रकार गुणवान् चक्रवर्ती पुत्र को प्राप्त कर ।
8. **अरे पुत्र ! अरे पुत्र ! अरे पुत्र ! इस प्रकार बोलता हुआ राजा मूर्च्छित होकर जमीन पर गिरा और प्राणों से मुक्त हुआ ।**
9. जो मन में पश्चात्ताप हुआ है उसे प्रकट करना शक्य नहीं है ।
10. **कैकेयी ने भरत के भूषण रूप भरत नाम के पुत्र को जन्म दिया ।**
11. हम आपकी बुद्धि का उल्लंघन करने में समर्थ नहीं हैं ।
12. **हे माता ! खेलने गए कृष्ण ने स्वेच्छा से मिट्टी खाई है ।**
    'कृष्ण ! सच्ची बात है ?'
    इस प्रकार कौन कहता है ?
    बलराम कहता है ।
    माता ! गलत बात है (मेरा) मुख देखो ।
13. हे भूपाल ! तीन भुवन का उदर बहुत बड़ा है, अत: उसमें समाने के लिए अशक्य भी तुम्हारा यश उसमें समाता है ।
14. **पहले राजा, पहले साधु और पहले तीर्थंकर, ऐसे ऋषभ स्वामी की हम स्तवना करते हैं ।**
15. एक ही चैतन्य बाल्यावस्था में से युवावस्था और युवावस्था में से वृद्धावस्था में जाता है वैसे एक जन्म से दूसरे जन्म में (भी) जाता है ।

16. आओ, जाओ, बैठो, खड़े हो जाओ, मौन रखो, इस प्रकार आशा रूपी ग्रह से पीड़ित याचकों द्वारा धनिक क्रीड़ा करते हैं ।

17. क्या करूँ ! कहाँ जाऊँ ! किस की शरण स्वीकार करूँ ! दुष्ट-दुर्भर उदर से मैं प्राणों द्वारा भी विडम्बित हुआ हूँ ।

18. आज रात्रि के प्रारम्भ में ही सोया हुआ मेरा यह छोटा पुत्र अचानक महाक्रूर सर्प द्वारा डंसा गया है ।

19. हे वत्स ! वृद्धावस्था से पीड़ित मनुष्य प्राय: करके दूसरों की निन्दा में तत्पर होते हैं, कदम कदम पर क्रोध करते हैं और सिर्फ सोते रहते हैं ।

20. सत्य बोलना चाहिए, प्रिय बोलना चाहिए, सत्य भी अप्रिय लगे, ऐसा नहीं बोलना चाहिए और प्रिय भी असत्य नहीं बोलना चाहिए, यह शाश्वत धर्म है ।

21. प्रहर की तरह दिन बीतता है और दिन की तरह मास व्यतीत होता है, और मास की तरह वर्ष व्यतीत होता है, वर्ष की तरह यह यौवन व्यतीत होता है और यौवन की तरह जगत् का जीवन चलता रहता है ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. स्वं धनं दातुं दुष्करमस्ति, तप: कर्तुं न प्रतिभाति, एवमेव सुखं भोक्तुं मनोऽस्ति, अपि न भुज्यते ।

2. अनीतिं कुर्वाणं पुरुषमापदायाति ।

3. अखिलां पृथ्वीं जेतुं त्यक्तुं च व्रतं लातुं पालयितुं च भगवच्छान्तिनाथं विना भुवनेऽन्य: कोऽपि न शक्नोति ।

4. सिद्धहेमव्याकरणस्याष्टाप्यध्यायानहमध्यैयि ।

5. अहं सिद्धहेमव्याकरणस्य कर्त्तारमाचार्यहेमचन्द्रं भक्त्या नौमि ।

6. प्रातर्विहगा मधुरं रुवन्ति, छात्रा आनन्देनाधीयते, वायु र्मन्दं मन्दं वाति, सर्वे स्वेष्टदेवं स्तुवन्ति, अरुण उदयति, पक्षिणस्स्वीयान्नीडान् विमुच्यारण्यं यान्ति, तन्द्रिलाश्च जना: शेरते ।

7. कार्यभारेणाधुनाखिलां रात्रिं मया न शय्यते ।

पाठ-12

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. अहो ! प्रतापवाले भी इस शरीर का विश्वास करने की योग्यता !

2. आप मुझे आज्ञा करो ।

3. हे हृदय ! आश्वासन धर, आश्वासन धर, यह वास्तव में आर्यपुत्र है ।

4. तुम क्यो रो रहे हो ? तुम्हारे रोने का क्या कारण है ?

5. हृदय में नहीं समाते हुए शोक के कारण वह खूब रोई ।

6. श्वास छोड़कर (निःश्वस्य) वह धीरे से बोली, 'हे महाभाग ! मन्द भाग्यवाली मैं क्या करूँ ?

7. प्रताप से प्रकाशित दशरथ ने पृथ्वी पर राज्य किया ।

8. प्रयोजन बिना चाणक्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता है ।

9. विश्वास करने योग्य भी अपने वर्ग के विषय में हमारी बुद्धि विश्वास नहीं करती है ।

10. दमयन्ती ने रात्रि के शेष भाग में इस प्रकार का स्वप्न देखा, 'मैंने फले-फूले पत्ते वाले आम के वृक्ष पर चढ़कर भ्रमर की आवाज को सुनते हुए उसके फल खाए ।'

11. एक भी सुपुत्र द्वारा सिंहनी निर्भय होकर सोती है, जब कि दश पुत्र होने पर भी गधी भार को वहन करती है ।

12. जिसके दिन (धर्म-अर्थ-काम) तीन वर्ग से शून्य आते हैं और जाते हैं, वह लुहार की धमण की तरह श्वास लेने पर भी जीता नहीं है ।

13. जो (तत्त्वदृष्टि) सभी प्राणियों में रात्रि (समान) है, उसमें संयमी जागृत होते हैं और जिसमें (मिथ्यादृष्टि) प्राणी जागृत होते हैं, वह मुनि के लिए रात्रि समान है ।

14. शकुन्तला को देखकर दुष्यन्त बोलता है–अथवा मनुष्य की स्त्रियों में यह रूप कैसे संभव हो, प्रभा से देदीप्यमान ज्योति पृथ्वीतल में उदय नहीं पाती है ।

15. जिन सत्पुरुषों के हृदय में परोपकार की क्रिया जागृत है, उनकी विपत्तियाँ नष्ट होती हैं और कदम-कदम पर सम्पत्तियाँ होती हैं ।

16. दुर्विनीतों को शिक्षा करनेवाला पौरव राजा पृथ्वी पर राज्य करता हो तब वह कौन है, जो भोली तपस्वी कन्याओं के साथ अविनय का आचरण करता है ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. हे भ्रमर ! तं मार्गं दृष्ट्वा मा रुदिहि, यस्य वियोगे त्वं म्रियसे सा मालती देशान्तरं गतास्ति ।

2. बान्धवेषु करुणं रुदत्सु, जनो म्रियते ।

3. यथाकाशे तारामण्डले चन्द्रश्चकास्ति तथा वसुधावलये मुनिमण्डले आचार्यहेमचन्द्रश्चकास्ति ।

4. यावज्जनः श्वसिति तावत्प्राण्यात् ।

5. जैना उपवासदिने न किमपि जक्षति ।

6. ये पुरुषाः पुरुषार्थं न कुर्वते ते दरिद्रति ।

पाठ-13

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आप यहीं पर एक मुहूर्त तक बैठो ।

2. मारों ! मारों, पास में जाओं ! पास में जाओं ! पकड़ों ! पकड़ों ।

3. शत्रुओं को तृण समान गिनने वाला अकेला ही रथ में बैठा ।

4. क्यों भाई ! तुम माता को प्रेमवाली नहीं जानते हो ?

5. तृष्णा का छेद करों, क्षमा धारण करों, मद को छोड़ों, सत्य बोलों ।

6. अयश को साफ करने की मैं इच्छा करता हूँ ।

7. हे श्रेष्ठी ! भले आए, यह आसन, आप उस पर बैठो ।

8. वह मूर्ख से द्वेष करता है, पंडित से नहीं ।

9. स्त्री घर कहलाती है ।

10. अथवा क्या ! सूर्य को परिश्रम नहीं करना पड़ता है, या निश्चल (चले बिना) बैठता नहीं है ।

11. शत्रु और मित्र पर समान भाव रखने वाला, सम्पूर्ण लोक को आर्द्र-करुण दृष्टि से देखने वाला, प्रमाणसर और प्रिय बोलने वाला (मनुष्य) मोक्षमार्ग में रहता है ।

12. जैसे दावानल से पेड़ों के झुण्ड जलते हैं, उसी प्रकार विषय की लोलुपता से मनुष्य का विनाश होता है, इसलिए विष की तरह विषयों को दूर कर समाधि में लीन चित्त (मन) से बैठों ।

13. तपस्या के तेज से दु:सह ऐसे गुरुजन को तुम प्रणाम करों, इस प्रकार हम आपको कह रहे हैं ।

14. अरे ! अरे ! राजन् ! यह आश्रम का मृग है । मारने योग्य नहीं है, मारने योग्य नहीं है ।

15. इस अशोक वृक्ष के मूल के नीचे आप तब तक बैठों, जितने में मैं आता हूँ ।

16. जो पहले, पृथ्वी के रक्षण के लिए भवनों में निवास चाहते हैं बाद में उनके लिए वृक्षों के मूल में घर बनते हैं ।

17. आपने जिसको संस्कारित किया है, उसके विषय में हम सब चाहते हैं ।

18. धर्म के प्रयोजन से अथवा रसनेन्द्रिय की लोलुपता से जो मनुष्य मांस खाते हैं अथवा प्राणियों को मारते हैं, वे नरक की अग्नि में पकाए जाते हैं ।

19. जो शत्रु को मित्र करता है, मित्र से द्वेष रखता है, मित्र को मारता है और खराब काम करता है, उसे (लोग) मुर्ख मनवाला कहते हैं ।

20. मानों देहधारी पुण्य का समूह न हो ! ऐसे ये मुनि, हताश ऐसे मेरे द्वारा मारे गए ! कहाँ जाऊँ और क्या करूँ ?

21. आपको नाथ (की तरह) स्वीकार करते हैं, आपकी स्तुति करते हैं, आपकी उपासना करते हैं, वास्तव में आप से अन्य (कोई) रक्षण करने वाला नहीं है, क्या कहूँ और क्या करूँ ।

22. पहले सभी में 'गुणवान' हैं, इस प्रकार जो कहा गया है, उसका दोष प्रतिज्ञा भंग से डरने वाले मनुष्य को बोलना नहीं चाहिए ।

23. विकसित नेत्रवाले सभी लोगों से आशीर्वाद दिया जानेवाला धन सार्थवाह प्रतिदिन सूर्य की तरह प्रयाण करता था ।

24. धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की स्थिति के लिए (आधार) प्राण हैं, उन (प्राणों) को मारते हुए क्या नहीं मारा गया और रक्षण करते हुए किसका रक्षण नहीं हुआ ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. दिनेश ! त्वं तव मुखं हस्तौ पादौ च मृड्ढि नवानि च वसनानि वरस्व ।
2. **सायं प्रातश्च गोपो धेनू दोग्धि ।**
3. अधुनाखिले भारतवर्षे प्रजाः प्रजा ईशते ।
4. **त्वं गुणिनं जनमीडिषे ।**
5. अणहिलपुरपत्तनं गुर्जर-राष्ट्रस्य राजधानी आसीत् तद्यूयं न वित्थ ?
6. **गोपालो यस्मिन् समये धेनूरधोक् तदा वयं व्याकरणमध्यैमहि ।**
7. अलिः पुष्पाद् मधु लेढि ।
8. **प्रातः सायं च शीतलेन जलेन नयने प्रमृज्यात् ।**
9. कंचिदपि न द्विष्यात्, कंचिदपि न हन्यात् ।

10. ये प्राणिनो घ्नन्ति ते पापेन निजमात्मानं दिहन्ति ।
11. त्वमेतां वार्त्तामवेरपि मां नाऽवक् ।
12. स खड्गेन तं मस्तकेऽहन् ।

पाठ-14

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. मिथ्या धर्म को छोड़कर सद्धर्म का आचरण करों ।
2. **मैं, पति के साथ वृद्धों के सामने जाने में शरमाती हूँ ।**
3. अभक्त बालकों को भी पूज्य सलाह देते हैं, परन्तु छोड़ते नहीं हैं ।
4. **तरुणावस्था समाप्त होने के बाद इन्द्रियों की हानि होने पर भी खेद की बात है कि वृद्ध भी विषयों की विलासिता को छोड़ते नहीं हैं ।**
5. वास्तव में शिव की जटा के समूह को, अथवा आकाश को छोड़कर क्षीण भी चन्द्र पृथ्वी पर स्थान बाँधता (लेता) नहीं है ।
6. **दुर्दशा में पड़े हुए पति को तुम्हारे द्वारा भी छोड़ा जाय तो निश्चय ही सूर्य पश्चिम में उगेगा ।**
7. अत्यंत क्रोधायमान राजाओं को वास्तव में खुद का कोई आत्मीय नहीं है । स्पर्श किया हुआ अग्नि, अच्छी तरह से होम करने वाले को भी जला देता है ।
8. **अंग शिथिल हो गया है, सिर सफेद हो गया है, मुँह में दाँत गिर गये हैं, लकड़ी लेकर चलता है, तो भी वृद्ध मनुष्य आशा रूपी पिंड को छोड़ता नहीं है ।**
9. जैसे भ्रमर प्रभात में, अन्दर बर्फवाले मचकुन्द के फूल को छोड़ने में और भोगने में समर्थ नहीं है, उसी प्रकार मैं त्याग करने और भोगने में समर्थ नहीं हूँ ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. अहं मृत्योर्न बिभेमि यतोमृतमिय जिनवचनमपिबम् ।
2. **तपोऽग्नौ कर्मसमिधं जुहुधि ।**
3. ते भयान्न बिभ्यति धैर्यं च न जहति ।
4. **वयं मदिरा – पानमजहीम ।**
5. तेऽसत्यं ब्रुवन्तो न जिह्रियति ।

पाठ-15

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आश्चर्यचकित दृष्टिवाले नगरजनों के द्वारा अनेक प्रकार से अभिनन्दन कराता हुआ वह राजा अत्यन्त खुश हुआ ।
2. **हे महात्मा ! सर्व शक्ति से तुम आत्मा की रक्षा करो ।**
3. किसी के साथ सज्जन मनुष्य विरोध नहीं करता है ।
4. **नहीं दिया हुआ, तृण जितना भी धन कदापि लेना नहीं ।**
5. जो वास्तव में थोड़ा खाता है, वह बहुत खाता है ।
6. **वास्तव में जो मनुष्य अपात्र को अमृत जैसा सत्ज्ञान देता है, वह मनुष्य सज्जनों के बीच हँसी का पात्र बनता है और अनर्थ का मूल बनता है ।**
7. चलने वाले मनुष्य की कहीं पर प्रमादवश भूल होती ही है, वहाँ दुर्जन हँसते हैं और सज्जन समाधान करते हैं ।
8. **बड़ों को मारकर और छोटों को भी कपट से ठगकर जो राज्य ग्रहण होता है, वह बड़ा भी (राज्य) मुझे न मिले ।**
9. हे पृथ्वी देवी ! प्रसन्न हो, फुटकर जगह दो । आकाश से भी गिरनेवाले को पृथ्वी ही शरण है ।
10. **जैसे मूर्ख मनुष्य बोर के बदले में चिंतामणि दे देता है, उसी प्रकार अति खेद की बात है कि मनुष्य, जनरञ्जन के लिए सद्धर्म को छोड़ देता है ।**
11. ज्ञानमग्न को जो सुख होता है, उसे कहना अशक्य है । प्रिय के आलिंगन के साथ और चन्दन के विलेपन के साथ भी तुलना की जाए वैसा नहीं है ।
12. **दान, भोग और नाश ये धन की तीन गतियाँ हैं, जो देता नहीं और खाता भी नहीं, उसके धन की तीसरी गति (नाश) होती है ।**
13. सत्पुरुषों का अलंकार कौन-सा ? शील ! लेकिन सोने से बना हुआ (आभूषण) नहीं । प्रयत्न से ग्रहण करने योग्य क्या ? धर्म, लेकिन धन आदि नहीं ।
14. **समुद्र सहित पृथ्वी को जीते बिना, अनेक प्रकार के यज्ञों द्वारा यज्ञ किये बिना और अर्थिजनों को दान दिए बिना, मैं राजा कैसे बनूँ ?**

15. अचानक क्रीड़ा के रस के भंग को सामान्य व्यक्ति भी सहन नहीं करता है, तो लोकोत्तर तेज को धारण करनेवाला राजा क्या सहन करेगा ?

16. एकदम जल्दी से काम नहीं करें । अविवेक परम आपत्ति का स्थान है, वास्तव में सोचकर करनेवाले को, गुणों में लुब्ध (लोग) सम्पत्ति अपने आप प्राप्त करती है ।

17. कलहंस के समूह को पास में लानेवाली, अगस्ति की दृष्टि द्वारा पानी को निर्मल करती हुई, मोती की सीप में उज्ज्वल गर्भ को धारण करनेवाली शरदऋतु विचित्र आचरण द्वारा शोभती है ।

18. मलिन दो वस्त्रों को पहनती हुई, तप से शुष्क मुखवाली, एक वेणी को धारण की हुई ऐसी शुद्ध शीलवंती, अति निर्दय ऐसे मेरे दीर्घ विरह व्रत को धारण करती है ।

19. राम सोने के मृग को नहीं पहिचान सके । नहुष राजा ने ब्राह्मणों को पालकी में जोड़ा । ब्राह्मण की बछड़े वाली गाय की चोरी करने में अर्जुन की बुद्धि हुई, धर्मपुत्रने (युधिष्ठिर ने) दाँव में चार भाई और पटराणी दे दी । प्राय: सत्पुरुष भी विनाश के समय बुद्धि से भ्रष्ट हो जाते हैं ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. यदि महत्वमिच्छथ तर्हि दत्त, न मार्गयत ।
2. **जीवानां यावद् मध्ये विषमा कार्यगतिरायाति तावदितर–जनस्त्वास्तां सुजनोऽप्यन्तरं ददाति ।**
3. किल न खादति न पिबति न ददाति धर्मे च न व्ययति कृपणो न जानाति यद् यमस्य दूत: क्षणात्प्रभवति ।
4. **आशाश्वतमसारं मरणान्तं च देहावासं जानन्को जनो मृत्योरुद्विज्यात् !**
5. केऽपि प्रणयिनो मनोरथान्पिप्रति केचिच्च कुक्षिमपि न बिभ्रति ।
6. **सर्पस्य विषं तस्य शोणितेऽवेवेट् ।**
7. रजकस्तडागे वस्त्राणि नेनेक्ति ।
8. **नृपतेरिमेऽधिकारिणो भूमिं मिमते ।**
9. अहमिमं ग्रन्थं निर्माय ममशक्तिममिमि ।
10. **भगवान् हेमचन्द्रसूरिरणहिलपुर-पत्तने सिद्धहेमव्याकरणं निरमिमीत ।**
11. कर्मणो मुक्तो जीव उज्जिहीते लोकाग्रमधितिष्ठति च ।

पाठ-16

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे मित्र ! त्याज्य वस्तुओं में पौरव राजाओं का मन प्रवृत्ति नहीं करता है।
2. **उस कारण पति के हाथ के स्पर्श का सुख भी मुझे मिला नहीं।**
3. वास्तव में दुर्दशा में गिरी हुई स्त्रियों को धैर्य गुण कहाँ से होगा ?
4. **पहले के न्याय और पहले के धर्म में यह (राजा) तत्पर है।**
5. पृथ्वी का शासन करते हुए राम राजा ने पृथ्वी को स्वर्ग जैसी कर दी।
6. **कोई भी प्राज्ञ पुरुष स्त्रियों को स्पृहा सहित देखने में उद्यम नहीं करता है।**
7. हड्डियों में धन, मांस में सुख, चमड़ी में भोग, आँखों में स्त्रियाँ, गति में वाहन, स्वर में आज्ञा (है) मगर सत्त्व में सब कुछ प्रतिष्ठित है।
8. **जब तक मनुष्य आरम्भ बिना का होता है, तभी तक लक्ष्मी विपरीत मुखवाली होती है, परन्तु आरम्भ सहित मनुष्य के लिए लक्ष्मी स्नेही, चपल नेत्र वाली होती है।**
9. इस पृथ्वी का राज्य पवन युक्त मेघ के समान विलास वाला है, विषयों का भोग प्रारम्भ में ही मधुर है। मनुष्य के प्राण घास के अग्रभाग पर रहे हुए जलबिन्दु समान हैं, वास्तव में धर्म ही परलोक की यात्रा में परम मित्र है।
10. **परोपकार के लिए नदियाँ बहती हैं। परोपकार के लिए वृक्ष फलते हैं। परोपकार के लिए गाय दूध देती है। सज्जन पुरुषों की विभूतियाँ (वैभव) परोपकार के लिए होती हैं।**

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. त्वं दध्ना सहौदनं भुङ्क्ष्व माषान्मा भुङ्क्ष्व।
2. **सोऽक्षणा काणोऽस्ति कर्णाभ्यां च बधिरोऽस्ति।**
3. प्रातस्तमोभिस्सह क्रोष्टारोऽपि कुञ्जेषु निविशन्ते।
4. **गोः पयः प्रकृत्यातिमधुरमस्ति बुद्धिं च पुष्णाति।**
5. स्त्रियो वदनेन कमलं गत्या च हंसं जयन्ति।
6. **सत्यः स्त्रियः पत्युराज्ञां प्रभोराज्ञामिव मन्वते।**
7. हे वत्स ! रायं लभस्व रायम्, राया विना किमपि नास्ति जनाः कथयन्ति यद् **'वसु विना ना पशुः'**।

पाठ-17

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे मित्र ! यह आसन है, तुम इस पर बैठों ।
2. **हर मार्ग पर राज्य के लोग कुमार को प्रणाम करते हैं ।**
3. जाओ, सभी प्रकार से तुम्हारा मार्ग कल्याणकारी बने ।
4. **वह एक पुरुष है, जो कुटुम्ब का भरणपोषण करता है ।**
5. हंस वास्तव में दूध को ग्रहण करता है और उसके साथ रहे हुए पानी को छोड़ देता है ।
6. **प्रधान, राजा, मंत्री तथा सामन्तों से असहाय ऐसे मुझे, अत्यधिक सैन्य जिसने दिया उसने मुझे पवित्र दिन में भेजा ।**
7. जैसे स्वर्ग में असंख्य देव हैं और आकाश में असंख्य तारे हैं, वैसे ही परमात्मा में असंख्य गुण हैं ।
8. **धन के साधन रूप सामग्री को प्राप्त कर स्त्री भी धन कमाती है ।**
9. आपको मुनि परमपुरुष मानते हैं ।
10. **जैसे-जैसे प्रयत्न भाग्य से सिद्धि प्राप्त नहीं करता है, वैसे-वैसे धीरपुरुषों के हृदय में अधिक उत्साह होता है ।**
11. हर एक महीने में कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चांदनी समान होती है, फिर भी उन दोनों में से एक पक्ष शुक्ल कहलाता है, क्योंकि यश पुण्य द्वारा प्राप्त होता है ।
12. **विद्या और विनय युक्त ब्राह्मण में गाय, हाथी, कुत्ता और चाण्डाल में भी पण्डित पुरुष समान दृष्टि वाले होते हैं ।**
13. रात्रि में दीपक, समुद्र में द्वीप, मारवाड़ में वृक्ष, बर्फ में अग्नि, उसी प्रकार कलिकाल में दु:ख से प्राप्त हो ऐसे, आपके इन चरण कमलों की रज प्राप्त हुई है ।
14. **असंयमी इन्द्रियों को आपत्ति का मार्ग कहा है और इन्द्रियों पर जय को सम्पत्ति का मार्ग कहा है । जो मार्ग इष्ट हो, उस मार्ग से जाए ।**
15. अग्नि, पानी, स्त्री, मूर्ख, सर्प और राजकुल ये छह तत्काल प्राण लेने वाले हैं इसलिए इनका सेवन सावधानीपूर्वक करना चाहिए ।
16. **अच्छा स्वप्न देखकर सोना नहीं और दिन में अच्छे गुरु को कहना, लेकिन खराब स्वप्न देखकर इससे विपरीत करना ।**

17. नीति में निपुण मनुष्य, निंदा या प्रशंसा करो, लक्ष्मी आओं या इच्छा से जाओं, मृत्यु आज हो या दूसरे काल में हो, लेकिन धीर पुरुष न्याय मार्ग से एक कदम भी विचलित नहीं होते हैं ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **स राजा द्विषामस्ना राक्षसानप्रीणयत् ।**
2. गोप्यो यथा दधि मथ्नन्ति तथा देवा मेरुं मन्थानं कृत्वाम्भोधिममथ्नन् ।
3. **यदा भगवतो जन्म भवति तदा मघवा (सौधर्माधिपतिः) सकलसुराऽसुरेन्द्रैः सह समागत्य सविनयमर्हद्भट्टारकं गृहीत्वा गत्वा कनकाद्रिशृङ्गे भगवतो जन्माभिषेकं करोति ।**
4. जरस्यपि जना भोगतृष्णां न जहति ।
5. **अस्मिन्नासनि भवानास्तामस्मिँश्चासनेऽहमासै ।**
6. अस्य यूनो मतिः शून्या लाङ्गूलमिव वक्रास्ति ।
7. **आद्भिरस्नात्वा नृपतयो ब्राह्मणेभ्यो रायं रान्ति ।**
8. अस्य पुंसः स्कन्धै दृढौ स्तः दौषौ प्रशस्यौ स्तः तस्मादयं पुमाननड्वानिवाभाति ।
9. **पुषा तमो हन्ति ।**

पाठ-18

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. क्या होगा ? जो होना होगा वह होगा, कोई जानता नहीं कि कल क्या होगा ?
2. **तुम जल्दी मत करो, तुम्हारी यह इच्छा पूर्ण होगी ।**
3. हे मित्र वसुदत्त ! मैं क्या उत्तर दूंगा ?
12. पापी मनुष्य की कथा करने से वास्तव में पाप को बढ़ाती है, यश को दूषित करती है, लघुता को धारण करते हैं, मन के परिणामों को बिगाड़ते हैं और धर्मबुद्धि का नाश करते हैं ।

13. काले साँप के बच्चे द्वारा चन्दन दूषित होता है ।

14. बहुत कहने से क्या ? और भी तुम्हारे मन में हो वह सब बताओ, जिससे मैं उसे जल्दी से सम्पन्न कर लूँ ।

15. स्वयंवर में आई हुई कन्याओं के साथ माता-पिता के द्वारा उसकी शादी हुई ।

16. **राक्षस – उठों उठों, अभी काल विलम्ब करना छोड़ दो । विष्णुदास को निवेदन करो कि यह राक्षस चन्दनदास को मौत से छुड़ाता है ।**
17. सभी कारण पूर्व जन्म में किये हुए कर्मों के उदय की अपेक्षा बिना फल नहीं देते हैं ।
18. **सुमित्रा ने भी, वर्षा ऋतु के बादलों जैसे वर्ण वाले सम्पूर्ण लक्षणवाले (और) जगत् के मित्र (समान) पुत्ररत्न को जन्म दिया ।**
19. राजा ने पकड़े हुए मंगल पाठक और शत्रुओं को भी छुड़ा दिया, यानी उत्तम पुरुषों के जन्म से कौन सुख से नहीं जीता है ।
20. **उसने सैन्य के समूह द्वारा पृथ्वी को दुःखी किया, शेषनाग को भार की पीड़ा बताई, शत्रुओं को यमपुरी बताई और पिशाचों को शत्रुओं का मांस खिलाया ।**
21. मोह आदि के द्वारा क्रीड़ा के हेतु से मैं क्षण में रागी बना, क्षण में विरागी बना, क्षण में क्रोधी बना और क्षण में शान्त बना ।

हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. तथा कुर्वन् राजा तस्य राज्ञ्या पुष्पावत्याऽवार्यत किन्तु तामपि स नाऽजीगणत् ।
2. **हे आर्यपुत्र ! त्वं सर्वथा दुःखं मा कृथाः, अहमचिराद् भ्रातरं बोधयिष्यामि त्वदीप्सितं च कारयिष्ये ।**
3. नमद्ग्रीवा यशोभद्रादयः शिष्या ऊचुः, भवता प्रथममस्मानपत्य-सम्बन्धः कथं न ज्ञापितः ।
4. **भूरिहर्षः सूरिरूचे, अपत्यसम्बन्धं ज्ञात्वा नूनं यूयं मणकेन मुनिनोपास्तिं नाऽकारयिष्त तस्माच्च स स्वार्थं व्यमोक्ष्यत ।**
5. तं रङ्कं प्रव्राज्य मोदकादीष्टभोजनं यथारुचि वयमबूभुजाम ।
6. **राजाऽशोकस्तं बालमानाययत्तस्य च नाम सम्प्रतिरित्यकृत ।**
7. राजाऽशोकः, दशार्हादनन्तरं सम्प्रतिं स्वराज्ये न्यवीविशत् ।
8. **कुमारस्तं लेखं वाचयामास वाचयित्वा च तूष्णीभूतः ।**
9. चन्द्रगुप्तं विषं दत्त्वा कोऽपि न घातयेदिति हेतुना चाणक्येन स दिनं प्रत्यधिकाधिकं विषाहारमभोज्यत ।
10. **मौर्यमाज्ञाप्य चाणक्येन सुबन्धुस्तस्य सचिवः कारितोऽभूत् ।**

परिशिष्ट

संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

(1)

(1) महासत्त्वशाली, तत्त्वज्ञ, सद्बुद्धिवाले, विद्याधर के स्वामी शतबल राजा एक दिन यह विचार कर रहे थे ।

(2) स्वाभाविक अपवित्र ऐसे इस शरीर को संस्कारों के द्वारा पवित्र करके, खेद की बात है कि कितने समय रखेंगे ?

(3) वास्तव में दुर्जन की तरह यह काया, अनेक बार संस्कार करने पर भी जब संस्कार नहीं करते हैं, तब विकृत हो जाती है ।

(4) अहो ! आश्चर्य है कि बाहर गिरे हुए विष्ठा, मूत्र और कफ आदि से प्राणी लज्जित होते हैं, परन्तु काया के भीतर रही विष्ठा आदि से लज्जित नहीं होते हैं ।

(5) जीर्ण होते हुए वृक्ष के छिद्रों में क्रूर सर्प उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार इस शरीर में अत्यन्त पीड़ादायी रोग पैदा होते हैं ।

(6) शरद् ऋतु के मेघ की तरह यह काया स्वभाव से ही नष्ट हो जानेवाली है और उसमें पहले देखी गई और नष्ट हुई (क्षणिक) यौवन की शोभा बिजली की तरह है ।

(7) आयुष्य ध्वजा के समान चपल है, लक्ष्मी तरंग की तरह अस्थिर है, भोग साँप के फण समान हैं और संगम स्वप्न तुल्य है ।

(8) काम-क्रोध-आदि ताप से रात दिन तपाता हुआ शरीर के भीतर रही आत्मा, पुटपाक की तरह पकायी जाती है ।

(9) जिस प्रकार अशुचि में सुख माननेवाला विष्ठा का कीड़ा लेश भी वैराग्य नहीं पाता है, उसी प्रकार अति दुःखदायी विषयों में सुख माननेवाला मनुष्य, आश्चर्य है कि वह लेश भी वैराग्य नहीं पाता है ।

(10) जिस प्रकार अन्धा व्यक्ति अपने पाँव के सामने रहे कुए को नहीं देखता है, उसी प्रकार खराब परिणामवाले विषयों के आस्वाद में मनवाला मनुष्य अपने पाँव के आगे रही मृत्यु को नहीं देखता है ।

(11) प्रारम्भ में ही मधुर ऐसे विष समान विषयों से आत्मा मूर्च्छित ही रहती है, वह स्वहित के लिए जागृत नहीं होती है ।

(12) चारों का पुरुषार्थ समान होने पर भी खेद की बात है कि पापी ऐसे अर्थ-काम में आत्मा प्रवृत्ति करती है, परन्तु धर्म और मोक्ष में प्रवृत्ति नहीं करती है ।

(13) इस अपार संसार सागर में प्राणियों को महारत्न की तरह अमूल्य मनुष्यपना अति दुर्लभ है ।

(14) मनुष्य पणा प्राप्त होने पर भी देव के रूप में अरिहंत भगवान और गुरु के रूप में सुसाधु की प्राप्ति पुण्ययोग से होती है ।

(15) यदि मैं मनुष्यपने का फल प्राप्त न करूँ तो अभी पाटण में रहते हुए भी चोरों के द्वारा ठगा गया हूँ ।

(2)

जैसे-तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए । देखो, मूर्ख ऐसे बन्दर ने सुघरी (पक्षी) को घर रहित बना दिया ।

दमनक ने कहा `यह कैसे ?'

उसने कहा, किसी वन प्रदेश में खीजड़े का वृक्ष है, उसमें लटकनेवाली शाखा में जंगली चिड़ा व चिड़िया रहते थे ।

उसके बाद किसी समय वे दोनों सुखपूर्वक रहे हुए थे, तभी हेमन्तऋतु का मेघ धीरे-धीरे बरसने लगा ।

उस समय पवनयुक्त बरसात से भीगा हुआ, रोमांचित देहवाला, दाँतों की वीणा को बजाता हुआ और कँपता हुआ कोई बन्दर खीजड़े के वृक्ष के मूल को पकड़कर बैठा ।

उसके बाद उसकी इस स्थिति को देखकर सुघरी ने कहा: `हे भद्र, तुम हाथ-पाँव सहित पुरुष की आकृतिवाले दिखते हो, तो हे मूढ़ ! ठंड़ी से क्यों दु:खी हो ? घर क्यों नहीं बनाते हो ?

इस बात को सुनकर गुस्से में आकर उस बन्दर ने कहा, `हे अद्यम ! तुम क्यों मौन नहीं रहती हो ।'

`अहो ! उसकी धृष्टता ! आज मुझ पर हँस रही है । सुई जैसे मुखवाली दुराचारिणी, अपने आपको पंडित माननेवाली, रंडा ! बोलती हुई शरमाती नहीं है ? तो क्यों न उसे मारूँ ? इस प्रकार प्रलापकर उसको कहा `हे मुग्धे ! तुम्हें मेरी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है ।'

कहा भी है–`श्रद्धालु को कहो, पूछनेवाले को विशेष कहो, परन्तु श्रद्धा रहित को कहना तो अरण्यरुदन जैसा ही होता है । तो (हे भाई) ज्यादा कहने से क्या फायदा ?

उस समय उस बन्दर ने खीजड़े के वृक्ष पर चढ़कर उसके घोंसले के सौ-सौ टुकड़े कर दिए । इसलिए मैं कहता हूँ–`जैसे-तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए ।'

(3)

(1) हिरण हिरण के साथ, गाय गाय के साथ, घोड़ा घोड़े के साथ, मूर्ख मूर्ख के साथ और समझदार समझदार के साथ संग करता है, समान आचार और आदतवालों के साथ मैत्री होती है ।

(2) अपार इस संसार में किसी भी प्रकार से मनुष्यभव को प्राप्त कर विषयसुख की तृष्णा में डूबा हुआ जो मनुष्य धर्म नहीं करता है, वह मूर्खों में मुख्य है, वह तो समुद्र में डूबते हुए भी श्रेष्ठ जहाज को छोड़कर पत्थर पकड़ने का प्रयत्न करता है ।

(3) विद्वान पुरुष के परिश्रम को वास्तव में विद्वान पुरुष ही समझता है क्योंकि वन्ध्या स्त्री, गर्भवाली स्त्री की प्रसववेदना को नहीं जानती है ।

(4) सूर्य उगते समय लाल होता है और अस्त समय भी लाल होता है । बड़े व्यक्ति सम्पत्ति और विपत्ति में एक समान होते हैं ।

(5) नीच जाति, अनिष्ट का समागम, प्रियवियोग, भय, दरिद्रता, अपयश और सभी लोगों का पराभव ये सभी पाप रूपी वृक्ष के फल हैं ।

(6) वास्तव में हमेशा आवाज करने में होशियार प्रत्येक वटवृक्ष पर बगले आवाज करे, प्रत्येक पिपल वृक्ष पर बिचारे कौए का-का करे, (परंतु) वह रसिले नए पान को कवल करने के उल्लास में होशियार, खेलती हुई कोयल के कंठ कुंजन की कला का लीला-विलास का क्रम कुछ और ही है ।

(7) हे भाई ! कहो, सत्संगति पुरुषों को क्या नहीं करती है । वह बुद्धि की जड़ता दूर करती है, वाणी में सत्य का सिंचन करती है, मान की उन्नति करती है, पाप को दूर करती है, चित्त को प्रसन्न करती है और सभी दिशाओं में कीर्ति फैलाती है ।

(8) जब तक लीला से उन्नत पूँछवाला सिंह नहीं आता है, तभी तक मद से उन्मत्त बने हुए हाथी वन में गर्जना करते हैं ।

(9) तपे हुए लोहे पर गिरे हुए पानी का नाम ही नहीं रहता है, वही पानी कमल के पत्ते पर रहा हुआ हो तो मोती के आकार से शोभता है। स्वाति नक्षत्र में सीप के सम्पुट में गिरा हो तो वह पानी मोती बनता है। प्राय: करके अधम, मध्यम और उत्तम गुण संगति के अनुसार होते हैं।

(10) गुणीजन अपने गुणों से ही सेवनीय हैं, लक्ष्मी से नहीं। क्या फल की ऋद्धि से रहित चन्दन का वृक्ष आनन्द नहीं देता है ?

(11) दरिद्रता समान होने पर भी अहो ! चित्तवृत्ति में कितना अन्तर है ? कुछ `नहीं दे पाए' इस कारण शोक करते हैं, तो कुछ `कुछ नहीं मिला' इस प्रकार विचार कर शोक करते हैं।

(12) कई (संत पुरुष) अत्यधिक दु:ख में भी विपरीत आचरण नहीं करते हैं, जलता हुआ भी कपूर अपनी सुगन्ध को नहीं छोड़ता है।

(13) सज्जन के संग में इच्छा, दूसरों के गुणों में प्रीति, गुरु में नम्रता, विद्या में व्यसन, अपनी स्त्री में रति, लोक निन्दा में भय, अरिहन्त में भक्ति, आत्मदमन में शक्ति, दुर्जन के संग से मुक्ति – जिसमें ये निर्मल गुण रहते हैं, वे इस पृथ्वी पर प्रशंसनीय हैं।

(14) राज्य, सम्पत्ति, भोग, सुकुल में जन्म, सुन्दर रूप, पाण्डित्य, दीर्घ आयुष्य और आरोग्य–ये धर्म के फल हैं।

(15) हे प्रभो ! हमें इच्छित की प्राप्ति नहीं होती है, उसमें आपका दोष नहीं है, वह हमारे ही कर्मों का दोष है, उल्लू दिन में नहीं देखता है तो उसमें सूर्य का दोष कैसे ?

(16) यदि सज्जनों के मार्ग का सम्पूर्ण अनुसरण शक्य न हो तो आंशिक भी अनुसरण करना चाहिए क्योंकि मार्ग में रहा हुआ खेद नहीं पाता है।

(17) विपत्ति में दीन न बनना, महान् पुरुषों के मार्ग का अनुसरण करना, न्याययुक्त वृत्ति को प्रिय बनाना, प्राणनाश के प्रसंग में भी मलिन कार्य को करणीय नहीं मानना, दुर्जनों से प्रार्थना नहीं करना, सज्जनों के इस विषम असिधाराव्रत को किसने बताया है ?

(18) शक्य बात में प्रमादी मनुष्य टपके का पात्र बनता है, अशक्य बात में मनुष्य अपराध के योग्य नहीं है।

(19) जो मनुष्य अपने और दूसरे के बल-अबल का विचार किए बिना अशक्य अर्थ में प्रवृत्ति करता है, वह विद्वानों के लिए हँसी का पात्र ही बनता है ।

(20) शक्ति होने पर बुद्धिशाली व्यक्ति को परोपकार करना चाहिए, परोपकार की शक्ति न हो तो स्व उपकार में विशेष आदर करना चाहिए ।

(21) विद्या और ध्यानयोग में अच्छी तरह से अभ्यास होने पर भी हितेच्छु को सन्तोष नहीं करना चाहिए, बल्कि उन दोनों में स्थिरता ही हितकर है ।

(22) सत्पुरुष, नम्र व्यक्तियों में दयालु, दीन का उद्धार करने में तत्पर, स्नेहपूर्वक चित्त देनेवाले के विषय में अपने प्राण भी देनेवाले होते हैं ।

(23) गुरु प्रत्यक्ष में स्तुति योग्य है । मित्र और बन्धु परोक्ष में स्तुति योग्य हैं । नौकर वर्ग कार्य के अन्त में स्तुति योग्य है । पुत्र स्तुति करने योग्य नहीं है और स्त्रियाँ मरने के बाद स्तुति करने योग्य हैं ।

(24) एकान्त सुख और एकान्त दुःख को पाया हुआ कौन है ? चक्र की धारा के समान मनुष्य ऊपर और नीचे जाता है ।

(4)

चाणक्य:– सुन्दर ! वत्स, मणिआर शेठ चन्दनदास को अभी देखने की इच्छा करता हूँ ।

शिष्य:– वैसा ही करता हूँ । (बाहर निकलकर चन्दनदास के साथ प्रवेश करके) श्रेष्ठी ! इधर–इधर ।

चन्दनदास : (अपने मन में सोचता है)

दयाहीन चाणक्य के विषय में, अचानक बुलाए हुए निर्दोष व्यक्ति को भी शंका पैदा होती है तो दोषयुक्त मुझे शंका क्यों न हो ?

इसलिए मैंने अपने घर रहे धनसेन आदि को कहा है–कदाचित् वह दुष्ट चाणक्य घर की छानबीन कराए, `तो मालिक राक्षस मंत्री के गृहजनों को सँभालना, मेरा जो होना हो सो हो ।'

शिष्य: (पास में आकर) उपाध्याय, ये श्रेष्ठी चन्दनदास !

चन्दनदास : `आपकी जय हो !'

चाणक्य : (नाटक के द्वारा देखकर) श्रेष्ठी ! आपका स्वागत है। इस आसन पर बैठो।

चन्दनदास : (प्रणाम करके) क्या आप नहीं जानते हो कि अनुचित उपचार (सम्मान) हृदय को पराभव से भी अधिक दु:ख पैदा करता है, इस कारण यहीं पर उचित भूमि पर बैठता हूँ।

चाणक्य : हे श्रेष्ठी ! ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है, हमारे द्वारा यह सम्भवित ही है, अत: आप इस आसन पर बैठो।

चन्दनदास : (अपने मन में सोचता है) इस दुष्ट के द्वारा कुछ बाहर लाया गया। (प्रगट बोलता है) आप जैसी आज्ञा करते हैं। (ऐसा कहकर बैठ गया।)

चाणक्य : हे श्रेष्ठी चन्दनदास ! क्या व्यापार में वृद्धि और लाभ मिल रहा है ?

चन्दनदास : (मन में सोचता है) अति आदर शंका के पात्र है। (प्रगट बोलता है) हाँ ! आपकी मेहरबानी से मेरा व्यापार अखण्डित है।

चाणक्य : चन्द्रगुप्त राजा के दोष क्या अतिक्रान्त राजा के गुणों की याद नहीं दिलाते हैं ?

चन्दनदास : (कान बन्द करके) पाप शान्त हो, ऐसा न बोलो। शरद् ऋतु की रात्रि में उदय पाए हुए पूर्णिमा के चन्द्र समान चन्द्रगुप्त राजा से प्रजा अधिक खुश है।

चाणक्य : हे श्रेष्ठी ! यदि ऐसा है तो खुश प्रजा से राजा प्रतिप्रिय (बदले में प्रिय वस्तु) चाहता है।

चन्दनदास : फरमाइए ! इस मनुष्य के पास से आप क्या चाहते हो ?

चाणक्य : हे श्रेष्ठी ! यह चन्द्रगुप्त का राज्य है, नन्द राजा का नहीं। अर्थरुचि ऐसे नन्दराजा को ही अर्थ (धन) का सम्बन्ध प्रीति उत्पन्न करता है। चन्द्रगुप्त राजा को तो आपका अक्लेश ही प्रीति उत्पन्न करता है।

चन्दनदास : (खुश होकर) हे आर्य ! आपके द्वारा मैं अनुगृहीत हूँ।

चाणक्य : संक्षेप में राजा के विषय में अविरुद्ध वर्तन होना चाहिए।

चन्दनदास : वह कौन अभागी है, जो राजा से विरुद्ध है– ऐसा आपके द्वारा जाना गया है।

चाणक्य : पहले तुम ही ।

चन्दनदास : (कान बन्द कर) पाप शान्त हो, पाप शान्त हो, ऐसा न बोले, ऐसा न बोलें । तृण को अग्नि के साथ विरोध कैसे ?

चाणक्य : यह ऐसा विरोध है, जो तुम अभी भी राजा के अहितकारी राक्षस मंत्री के गृहजन को अपने घर में लाकर रखते हो ।

चन्दनदास : आर्य ! यह असत्य है, किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपको निवेदन किया है ।

चाणक्य : हे श्रेष्ठी ! शंका रहने दो । भयग्रस्त पहले के राजपुरुष, नगरजनों को नहीं चाहते हुए भी घर में अपने लोगों को छोड़कर देशान्तर में जाते हैं, अतः उन्हें छिपाना, गुनाह ही है ।

चन्दनदास : उस समय हमारे घर में राक्षस मंत्री के गृहजन थे ।

चाणक्य : पहले कहते थे `असत्य है' और अब कहते हो `वे थे' ये परस्पर विरोधी वचन हैं ।

चन्दनदास : इतना ही मेरी वाणी का छल-कपट है ।

चाणक्य : चन्द्रगुप्त राजा के विषय में छल का अपरिग्रह है, अतः राक्षस मंत्री के गृहजनों को सौंप दो । तुम्हारे छल का अभाव हो ।

चन्दनदास : हे आर्य ! मैं आपसे विनती करता हूँ कि उस समय, हमारे घर में राक्षस मंत्री के गृहजन थे ।

चाणक्य : तो अब कहाँ गए ?

चन्दनदास : मुझे पता नहीं है ।

चाणक्य : (थोड़ा हँसकर) क्यों नहीं जानते हो ? हे श्रेष्ठी ! सिर पर भय है, उसका प्रतिकार अतिदूर है ।

चन्दनदास : (मन में बोलता है) `क्या यह दुःख आ पड़ा है । ऊपर आकाश में मेघ की गर्जना है और स्त्री दूर है । सिर पर साँप पड़ा है और दिव्य औषधियाँ हिमालय में हैं ।

(5)

उज्जयिनी नगरी के मार्ग में बीच में एक बड़ा पीपल का वृक्ष है, उसके ऊपर हंस और कौआ रहता है । एक बार ग्रीष्म ऋतु में एक थका हुआ मुसाफिर उस झाड़ के नीचे धनुष में बाण जोड़कर सोया है ।

थोड़ी देर में उसके मुख पर से वृक्ष की छाया चली गई, अतः सूर्य के तेज से उसके मुख को व्याप्त देखकर उस वृक्ष पर रहे हंस ने दया से अपनी पाँखों को फैलाकर उसके मुख पर छाया की ।

उसके बाद अत्यन्त निद्राधीन उस व्यक्ति ने अपना मुख चौड़ा किया ।

दूसरे के सुख को सहन नहीं करनेवाला कौआ अपने दुर्जन स्वभाव से उसके मुख में बीट (विष्टा) कर भाग गया । उसी समय उस मुसाफिर ने उठकर ऊपर देखा, उसने वहाँ रहे हंस को देखा । उसने बाण से हंस को मार दिया । इसीलिए कहा जाता है 'दुर्जन के साथ न रहें ।'

दुर्जन व्यक्ति दुष्ट आचरण करता है और निश्चय ही उसका फल सज्जनों को मिलता है । रावण ने सीता का हरण किया और बन्धन समुद्र को हुआ ।

(6)

(1) न बाजुबंध, न चन्द्र जैसे उज्ज्वल हार, न स्नान, न विलेपन, न फूल, न अलंकृत बाल पुरुष को विभूषित करते है । एक मात्र वाणी ही पुरुष को अच्छी तरह से अलंकृत करती है, जो संस्कार की हुई धारण करता है । वास्तव में आभूषण नष्ट होते है, (परंतु) वाणी का भूषण हमेशा ही भूषण (रहता) है ।

(2) मनुष्य को विद्या ही वास्तव में श्रेष्ठ रुप, छीपा हुआ गुप्त धन है । विद्या ही भोग का कारण, यश=सुख का कारण और विद्या ही गुरु का गुरु है । विदेश यात्रा में विद्या ही बन्धुजन है । विद्या ही श्रेष्ठ देवता है । विद्या ही राजा में पूजी जाती है, न कि धन । (इसलिए) विद्या रहित मनुष्य पशु के समान है ।

(3) हिंसा का त्याग, परधन को चुराने में संयम, सत्यवचन, उचित काल में शक्ति अनुसार दान, परस्त्रीजन की कथा में मुंगा बनना (परस्त्री कथा का त्याग) तृष्णा के फैलाव को रोकना, गुरु में विनय करना, सभी जीवों के प्रति अनुकंपा, सभी शास्त्रों में अप्रयुक्त विधि–सुख का सामान्य से यही मार्ग है ।

आओ ! संस्कृत सीखें (भाग-3) की मार्गदर्शिका

संस्कृत वाक्य के हिन्दी अनुवाद

पाठ-1

1. दिशाओं में बादल इकट्ठे होते (जमा होते) है, आकाश में (चन्द्र, सूर्य, तारा आदि) ग्रह फीके पडते है, वर्षाऋतु कुछ प्रेरणा करती है (आती है) और कामी मनुष्य के शरीर स्वयं क्षीण होते है ।

   वाक्य में **क्षीयन्ते कामिविग्रहा :–** ये कर्मकर्तरि प्रयोग है ।
   अर्थात् कामी मनुष्यों के शरीर स्वयंमेव ही क्षीण होते है । वर्षाऋतु कामी मनुष्यों के शरीर को क्षीण करती है, ऐसी विवक्षा नहीं की है क्योंकि वर्षाऋतु को अल्प प्रयत्न करना पडा है ।
2. **सभी मनुष्य धन के द्वारा अक्कड (गर्विष्ठ) होते है और दूसरा विद्या के द्वारा अक्कड होते है, विद्या और धन के द्वारा समृद्ध होने पर भी सज्जन ऐसा है जो अक्कड नहीं होता । (ऐसे श्लोक एक कृष्ण नाम के राजा को उद्देश्य करके कहे गए है ।)**
3. दिशाओं को लहराता हुआ और कदंब वृक्षों को भी हिलाता हुआ यह पवन मेरे मन को हिलाता है और मेरी आशा का छेद कर देता है ।
4. **उतने में गधा एकदम उछला । (=भडक उठा ।)**
5. हे भीरु ! जिससे तुम तिरस्कार की शंका रखते हो, वह ये तुम्हारे संगम के लिए उत्सुक खडा है, प्रार्थना करनेवाले मनुष्य लक्ष्मी को प्राप्त करे या न करे, परंतु लक्ष्मी ने जिसको मिलने की इच्छा की है ऐसा मनुष्य लक्ष्मी के द्वारा मुश्किल से प्राप्त किया जाय ऐसा कैसे हो ?
6. **इस बीच कोई बंदर हवा और वर्षा से पीडित, रोमांचित शरीरवाला दांतों की वीणा को बजाता हुआ और थरथर कांपता हुआ शमीवृक्ष के मूल में आकर बैठा ।**

पाठ-2

1. चार समुद्र की जिसे सीमा है ऐसी यह पृथ्वी का वह रक्षण करता है, पाप से डरता है, हमेशा उदारमति वाला है, जो याचकों से धन को

भी छिपाता नहीं है, ऐसा धीर पुरुष बडे भी कार्य समुह में व्याकुल नहीं होता है ।

2. **जो क्षमावान पुरुष है वह अपराधवाले साधुओं के प्रति भी क्षमा करता है, स्तुति करनेवाले बन्दी समूह के द्वारा बोली हुई वाणी जिसे निरंतर उत्तेजित-उत्साहित करती है ।**

3. जिसकी मति नष्ट नहीं होती, जो शत्रु समूह का नाश करता है, वह व्याधि का प्रतिकार करता है और प्रजा में अच्छी तरह से निवास करता है ।

4. **जो परस्त्रिओं से डरता है, जो युद्ध में मति करता है (मजबूत करता है), जिसके शत्रुओं की स्त्रियाँ दु:ख से पीडित होकर बालों को बांधती नहीं है । (शत्रुओं को वश किया है ।)**

5. खड्गलता (बडी तलवार) को तीक्ष्ण करता है, तलवार रुपी चन्द्रिका (छोटी तलवार) को तीक्ष्ण करता है, युद्ध में तत्पर जिसका सैन्य है, वह गात्र (शरीर) को जल्दी तीक्ष्ण करता है । (मजबूत करता है ।)

पाठ-3

1. **अहो ! बाहर गिरे हुए विष्टा, मूत्र और कफ आदि के द्वारा ये प्राणी रोष करते है । (जबकि) काया के अंदर रहे हुए विष्टा आदि के द्वारा रोष क्यों नहीं करते है ?**

2. हमेशा गाय की पूजा करते है, भक्ति के द्वारा ब्राह्मणों की पूजा करते है, लोक में जिसकी कीर्ति बढती है और जिसकी लक्ष्मी बढती है ।

3. शब्दादि विषय जिसे आपत्ति बिना सुख देते हैं, जो हमेशा लक्ष्मी के द्वारा सुख का अनुभव करता है और विद्या के द्वारा सुखी होता है ।

4. **इस प्रकार वहाँ नगरजनों के खेलने पर, स्वामी (प्रभु) ने विचार किया–क्या ऐसी क्रीडा किसी स्थान पर देखी है ?**

5. कमलों के फल द्वारा और मूल द्वारा मुनि की तरह जो इस प्रकार की मेरी (हंस की) वृत्तियाँ (आजिविका) है, उस विषय में भी आज दंडधारी तुम्हारे जैसे पति के द्वारा पृथ्वी (प्रजा) क्यों लज्जित नहीं होती है ।

पाठ-4

1. ...और इस प्रकार होने पर, हे महाराज ! जो इन जिनवचन रूपी अमृत से बाहर रहे हुए संसार रूपी गर्भ में रहे जन्तु, बिचारे मजबूत कर्म की परंपरा रूपी डोरी से निरंतर बंधे जाते है, असंतोष रूपी विषय की (तृष्णा) भूख के द्वारा पीडित होते है, विषयों की आशा रूपी तृषा की गरमी के द्वारा सतत तप्त रहते है, मिथ्यात्व रूपी महाकोढ रोग से ग्रहण किया जाते है, दूसरों की इर्ष्या रूपी शूल से पीडित होते है, दीर्घ काल तक संसार में रहने के द्वारा जीर्ण होते है, राग रूपी महाज्वर से बार-बार अतिशय जलते है, काम रूपी काचपटल के द्वारा अन्धे किये जाते हैं, भाव दरिद्रता से आक्रमित किये जाते है, वृद्धावस्था रूपी राक्षसी से हराए जाते है, मोह रूपी अंधकार के द्वारा ढके जाते है, इन्द्रिय रूपी घोडों के द्वारा खींचे जाते है, क्रोध रूपी तीव्र अग्नि के द्वारा पकाये जाते है, मान रूपी महापर्वत से आश्रित किये जाते है, माया रूपी जाल से घेरे जाते है, लोभ रूपी सागर के बहाव से बहे जाते है, (खीचे जाते है), इष्ट वियोग रूपी वेदना से तपाये जाते है, अनिष्ट के संग रूपी ताप से अतिशय दु:खी कराये जाते है, काल परिणति की परवशता से चक्कराए जाते है, कुटुम्ब के पोषण की पराधीनता के कारण अतिशय दु:खी होते है, कर्म रूपी कर (टॅक्स) ग्रहण करनेवालों के द्वारा हैरान किये जाते है, महामोह रूपी निद्रा से मूर्च्छित कराये जाते है, मृत्युरुपी महामगरमच्छ के द्वारा कवल किये जाते है ।

पाठ-5

1. शराब पीनेवाला व्यक्ति भूत से पीडित की तरह बार-बार नांचता है, शोकातुर की तरह बार-बार रोता है और दाह ज्वर से ग्रसित की तरह बार-बार भूमि पर आलोटता है । (सोते हुए करवट बदलता है ।)
2. **क्या तुम अप्सरा अतिशय हो ? अथवा क्या अति उद्यान देवता हो ? (क्योंकि) जो तुम्हारा अतिशय लावण्य है वह तुम्हारे दिव्यता को अच्छी तरह से कहता है । (द्वाश्रय काव्य सर्ग-9, श्लो-42)**

3. क्रोध से धमधमे हुए मनुष्य के प्रति मधुर वचन कलह को बढाने वाला है । (जैसे) तपा हुआ घी वास्तव में पानी के द्वारा अतिशय जलता है, (भडकता है) इसमें कोई संशय नहीं है ।

'द्वाश्रय महाकाव्य सातवाँ सर्ग'

4. अब दूसरे दिन, पृथ्वी का रक्षण करनेवाले, इन्द्र के साथ स्पर्धा करने वाले, तथा उस (अतिशय रुपवाली होने से प्रसिद्ध) कन्या की (मरुदेश के राजा महेन्द्र की बहन को पाने की) इच्छा करनेवाले उस दुर्लभ राजा ने नगरी में प्रवेश किया ।।76।।

5. उस वक्त (नगरी में प्रवेश करते समय) व्यापारियों के मार्ग (बाजार) में जाते हुए उस (दुर्लभ राजा) को देखकर, कोई स्त्री (दुर्लभ के रुप से आकर्षित हुई) पीछे जाती हुई, इष्ट वस्तु को खरीदने वाली नहीं हुई । (खरीदना भुल गई) ।।77।।

6. हमें संताप करनेवाला यह दुर्लभ, वास्तव में त्रिपुर असुर का दाह करनेवाला हर (शिव) का विजेता काम है । इस प्रकार दुर्लभ की प्रशंसा किये जाते हुए (किसी स्त्री के प्रशंसा किये जाने पर) कौनसी स्त्री उस समय उसकी प्रशंसा करनेवाली नहीं हुई ? ।।78।।

7. ईन्द्र के समान उस दुर्लभ की इच्छा करती हुई, उसकी ओर जाती कोई स्त्री, उस समय पीछे आते हुए अपने बालक की निंदा करने लगी ।।79।।

8. अत्यंत विलासवाली (और) नारिओं के प्रति पूजा के योग्य ऐसी कोई स्त्री ने उस (दुर्लभ) को लक्ष्य करके युं ही कान को खुजलाती हुई हाथ के मूल (कक्षा) को उसे (दुर्लभ राजा को आकर्षित करने के लिए) बताए ।।82।।

9. उस दुर्लभ के आगमन के उत्सव में (वाजींत्र के आवाज से) बार-बार सुचित होने पर (दुर्लभ राजा के दर्शन करने में अति उत्सुकता से) कोई स्त्री, बार-बार खाते और बार-बार मूत्र करते बालक को छोडने के लिए अत्यंत प्रयत्न करने लगी ।।85।।

10. आंखो को अत्यंत आच्छादित करती हुई निरंगी (मुख ढकनेवाले वस्त्र के अंचल) को कोई कुलांगना ने ऊपर किया और कुटिलता से चलती हुई (उसने) आगे जाती हुई स्त्री को (जल्दी से चल इस तरह) सामने से तर्जना की ।।86।।

11. काम (खाने की अभिलाषा) के द्वारा निंदित प्रकार से (बडे कवलों से) खाती हुई स्त्री, जिस तरह लज्जा को गर्हित रुप से (एकदम) छोड देती है, उसी तरह काम से गर्हित (निर्दय) पीडा को पाती, लावण्य रूप अमृत मय उस (दुर्लभ राजा) को, दृष्टि से गर्हित रूप से (निन्दित हो इस तरह निरंतर) खाई जाती (देखती) किसी स्त्री ने लज्जा को एकदम से छोड दिया ।।87।।

12. अतिशय शोभित वह दुर्लभ राजा, अत्यंत शोभा वाली, अनुचित बोलने वाली स्त्रियों को क्षुब्ध करता हुआ स्वयंवर मंडप में गया ।।89।।

13. बार-बार होनेवाली शोभा जिसे है ऐसे राजाओं के प्रति, श्रेष्ठ होनेवाली शोभा है जिसकी ऐसा दुर्लभ राजा मंडप की पवित्रता को करता हुआ वहाँ (मंडप में) ऊचित आसन पर बैठा ।।90।।

पाठ-6

1. जो झूठी बातों के द्वारा कभी भी बढाई (होशियारी) नहीं करता है, (परंतु) युद्ध में शत्रुओं के समुह को दो हाथों से बिखेरता हुआ सामना करता है ।

2. वह रत्न के आभूषणों की किरणों से आकाश का, चित्रों के द्वारा चित्रित करता है और जिसके बडे चित्र के द्वारा लोग आश्चर्य पाते है ।

3. व्यायाम से मजबूत देहवाला होने पर भी जो गर्व नहीं करता है (वह) सुन्दर है । कभी किसी (स्व) प्रयोजन में मंद होता है, परंतु दूसरों के बडे प्रयोजन में कभी मंद नहीं होता ।

4. जो सभी शत्रुओं को बंधन के द्वारा बांध देता है, परंतु ज्ञान के द्वार कर्मक्षय करता हुआ आत्मा को बंधन में से छुडवाता है ।

5. वहाँ जलचर जीव, उत्सुक होने पर एक दूसरे को स्वेच्छा से खाते है, मच्छीमारों के द्वारा पकडे जाते है और बगुले आदि के द्वारा निगले जाते है ।

6. चमडी को ग्रहण करनेवालों के द्वारा उखेडे जाते है, खाने की इच्छावालों के द्वारा सलिये पर सेके जाते मांस की तरह सेके जाते है और पकाए जाते है, चर्बी के अर्थियों द्वारा नीचोये जाते है ।

7. वीरकुमार, ऊपर चढकर कुमारों को घोडे की तरह चलाते है, बडे बलवानों में मुख्य वीरकुमार, देवता की भी पीठ पर आरुढ हुए ।

8. उसके बाद दुष्ट बुद्धिवाले देव ने, विकराल वेताल रुप को धारण करके पर्वतों को भी छोटा करते हुए, बढने के लिए प्रारंभ किया ।

9. पाताल के समान उसके मुख में जीभ के द्वारा तक्षक सांप की तरह आचरण किया गया और ऊँचे मस्तक रूपी पर्वत पर रहे पीले बालों के द्वारा दावानल की तरह आचरण किया गया ।

10. उसकी अति भयंकर दो दाढ करवत के समान हुई और दोनों आँखें अत्यंत जलती हुई अंगारे की सगडी के जैसी हुई ।

11. जितने में वह बढने से अटका नहीं, उतने में महाबलवाले वीर स्वामी के द्वारा पीठ के ऊपर मुष्टि से मारकर उसे वामन कर दिया गया ।

12. खेद की बात है, कि शराब के पान में विवश (परवश) किया गया है मन जिसका, ऐसे पापी लोग माता के साथ पत्नी तुल्य आचरण करते है और पत्नी के साथ माता के तुल्य आचरण करते है ।

13. शराब से जिसका मन चलित हुआ है ऐसा मनुष्य पराया अथवा अपना (कुछ भी) जानता नहीं है । बिचारा अपने आप को स्वामी जैसा और स्वामी (मालिक) को नोकर जैसा मानता है ।

14. हमेशा मांस के भोजन को करता जो व्यक्ति दया करने की इच्छा करता है, वास्तव में वह जलती हुई अग्नि में बेल को रोपने (उगाने) की इच्छा करता है ।

15. जो मन की शुद्धि को धारण किये बिना मुक्ति की इच्छा से तप करते है, वे नाव को छोडकर दोनों हाथों से समुद्र को तैरने की इच्छा करते है ।

16. ज्यादा कहने से क्या ! जो यौवन को उचित है, चित्तवृत्ति को पसंद है, पंडितों को आराधना करने योग्य है, उभयलोक को बाधक नहीं है और भी, विवेक की पूर्णता द्वारा, कुलाभिमान की स्थिरता द्वारा, विनय के सुंदर अभ्यास द्वारा और सत्त्ववृत्ति की बहुलता द्वारा जिस प्रकार धर्म में कमजोर नहीं होता है, जिस प्रकार अर्थ क्षय नहीं पाता है, जिस प्रकार राजलक्ष्मी उन्मनवाली नहीं होती है, जिस प्रकार कीर्ति मंद नहीं होती है, जिस प्रकार प्रताप कम नहीं होता है, जिस प्रकार गुण श्याम (फीके) नहीं होते है, जिस प्रकार श्रुतज्ञान हँसीपात्र नहीं बनता है, जिस प्रकार परिजन वर्ग उदासीन नहीं होता है, जिस प्रकार मित्रवर्ग ग्लान नहीं होता है, जिस प्रकार शत्रु चंचल नहीं होते है उस प्रकार उस राजा ने सब किया ।

``द्व्याश्रय महाकाव्य सांतवाँ सर्ग''

17. जो स्वयंवर में जल्दी से आये हुए है, उन विवाह की इच्छावाले राजाओं को, उस दुर्लभ देवी की द्वारपालिका ने, आगे कहे जाने वाले प्रकार से स्तुतिपूर्वक कह बताई–

18. हे सुन्दर स्त्री (सुभ्रु) ! जीवन जीने की इच्छा से शत्रुओं के साथ जिसे लडने की इच्छा नहीं है और जीने की इच्छा वाले को जीवन देनेवाला यह अंग देश का राजा है, क्या तुम इसे चाहती हो ? ।।97।।

19. जो पूर्व दिशा में ईन्द्र की तरह रहता है तथा जो शास्त्र के प्रति पंडित की तरह प्रवृत्ति करता है परंतु मूर्ख की तरह खडा नहीं रहता, शूरवीर की तरह आचरण करता है ऐसे उस अवन्ती के राजा के प्रति तुम इन्द्राणी की तरह आचरण क्यों करती हो ? ।।99।।

20. जिसकी वाणी दूध जैसी मीठी है और सौंदर्य दूध जैसा है ऐसे चेदिदेश के राजा के प्रति, अप्सरा जैसी तुम, क्या क्रीडा करने के लिए तैयार हो ? ।।100।।

21. जो कोप से पाप कर्म में प्रवृत्ति नहीं करता और लोभ से पाप कर्म में प्रवृत्ति नहीं करता और नहीं काम से पाप कर्म में प्रवृत्ति करता है, ऐसे इस मथुरा के राजा को क्या तुम पसंद करती हो । (भजती हो) ? ।।103।।

22. जिसके प्रति लक्ष्मी दु:ख का अनुभव नहीं करती और सरस्वती के द्वारा वैर नहीं किया जाता, जिसने यश का शंख बजाया है वे ये श्री गुर्जर देश का राजा है ।।106।।

23. तथा नमस्कार करते और सेवा करते ऐसे जिन तपस्विओं को आश्चर्य किया है, वह यह नाम से दुर्लभ राज को क्या तुम वरने की इच्छा करती हो ? ।।107।।

24. उसके बाद हाथ को ऊँचा करती हुई दुर्लभ देवी ने, उस दुर्लभ राजा के कंठ में वरमाला पहनाई और कोपायमान राजाओं का समुह, ऊँची पूंछ को करते हुए घोडों के साथ चला गया ।।108।।

25. वस्त्र को अच्छी तरह पहनते हुए जो यज्ञ के लिए यज्ञ के उपकरण इकट्ठे करते है, ऐसे मंत्र को बोलते हुए ब्राह्मणों ने उन दोनों का हस्त मिलाप किया ।।110।।

पाठ-7

1. (मन में) दया का भाव रखना (आसेवन करना) दूसरों का पराभव नहीं करना, क्रोध भाव को छोड देना, दुर्जन का संग छोड देना, झूठे वचन बोलना त्याग करना, गुणानुराग का अभ्यास करना, चोरी करने का मन नहीं करना, झूठा अभिमान छोड देना, परस्त्री गमन की इच्छा नहीं करना, धन आदि का गर्व छोड देना, दु:खिओं को दु:ख से रक्षण करने की इच्छा करना, गुरुजनों की पूजा करना, देवों के समुह को वन्दन करना, परिजनों का सन्मान करना, प्रेमी लोगों का पोषण करना, मित्र वर्ग का अनुसरण करना, दूसरों की नींदा नहीं बोलना, अन्य के गुण ग्रहण करना, अपने गुणों की प्रशंसा करने में लज्जा करना, छोटा भी सुकृत याद करना, परोपकार करने में प्रत्यन करना, विशिष्ट लोगों से पहले बोलना, धार्मिकजन की अनुमोदना करना, अन्य के मर्म (गुप्त बातों) को प्रकट नहीं करना, अच्छे वेष और अच्छे आचार वाले बनना, फिर आपको सर्वज्ञ के कहे हुए सद्धर्म की योग्यता (प्राप्त) होगी ।

2. **वास्तव में वैद्य के द्वारा रोगी को देखकर रोग का मूल कारण इस प्रकार है, वह जानना (प्राप्त करना) चाहिए। रोगी की शारीरिक प्रकृति पहले ही समझनी, शरीर का संहनन (संरचना) विचार करना, शरीर का प्रमाण जानना, रोगी के अनुकूल पथ्य आहार–पानी का विचार करना, शक्ति को जाननी, आहार के रस-कस जानने, व्यायाम का महत्त्व जानना, उम्र का प्रमाण परखना चाहिए।**

3. सुख संतोष से पैदा होता है, यह जानकर जो ज्ञात परमार्थ हुआ है, ऐसा प्राणी भी यदि इन्द्रियों के द्वारा बाधित होता हो, तो यहाँ महामोह ही कारण है।

4. **सभी शास्त्रों को पढकर अपने आपको पंडित मानने वाला व्यक्ति, (पांच इन्द्रिय के) विषयों में आसक्त रहता है, तो यहाँ महामोह ही प्रकट होता (दिखता) है।**

5. जिनेश्वर परमात्मा संबंधित जैनेन्द्र मत को जानने वाले पुरुष, जिस कारण से लोक में कषाय के वश प्रवर्तन करनेवाले होते है, वह महामोह का ही शासन (आज्ञा) है।

6. **कुलवान स्त्रियाँ, अपने विश्वासु पति का त्याग करके जो दूसरे पति (परपुरुष) में प्रवृत्ति करती है, वह महामोह का फल (कार्य) है।**

7. मैं पौद्‌गलिक भावों का कर्ता नहीं हूँ, करानेवाला भी नहीं हूँ और अनुमति देनेवाला भी नहीं हूँ, इस प्रकार के आत्मज्ञान वाला (साधु) किस तरह कर्म से लिप्त होता है ?

8. **समताकुण्ड में स्नान करके जो पाप से उत्पन्न होनेवाले मैल का त्याग करके फिर से मलीनता को प्राप्त नहीं होता, वह अन्तरात्मा में लीन, परम पवित्र है।**

9. ज्ञान के द्वारा ज्ञेय पदार्थ को देखकर मुनि को भय के साथ कहाँ रहना है ? (क्योंकि उन मुनिओं को) कही पर भी छीपाना नहीं है, रखना नहीं है, छोडना नहीं है, त्याग करना नहीं है और कही भी देना नहीं है।

10. हमेशा दुध और पानी की तरह मिले हुए कर्म और आत्मा को जो अलग करता है, वह मुनि रुपी हंस विवेकवाला है ।

11. अपने-अपने कर्म का अनुभव करनेवाला पुरुष अपने अपने कर्म में आवेश (आग्रह) वाले होते है । मध्यस्थ पुरुष उनमें न तो रागवाले होते है, न ही द्वेष वाले होते है ।

12. आगे-आगे बढती है तृष्णा जिनकी ऐसे जड पुरुष ज्ञानामृत को छोडकर मृगतृष्णा (मायाजल) समान इन्द्रिय के लिए दौडते है ।

'द्व्याश्रय महाकाव्य ग्यारहवाँ सर्ग'

13. उसके बाद चांदी के पात्र जैसे उज्ज्वल मुखवाली देवी (मयणल्लाने) गर्भ को धारण किया । गर्भ को जानकर वह कर्णराजा सोच सोचकर रक्षण करने के लिए प्रयत्न करता था ।।3।।

14-15. राजगुरु की श्रेष्ठ स्त्रियों उस देवी को इस प्रकार सीखा रही थी–प्रमाद बिना तुम्हे धीरे बोलना, अधोवस्त्र की गांठ ढीली बांधनी और दारु आदि मद्य तुम्हें नहीं करना, चलने की गति धीमी रखनी और पैर फैलाने नहीं, तथा शराबियों से सेवित भूमि में जाना नहीं और उनसे बोलना नहीं तथा मासिक धर्मवाली स्त्री के पास जाना नहीं और बोलना नहीं ।13-14।।

16. निष्पाप उस देवीने नौ महिने बीताकर धर्म रूपी किराणे के स्थान और ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र के स्वामी ऐसे पुत्र को जन्म दिया ।।15।।

17. उसके बाद ``वीरभू और रन्ति राजा की तरह यह बालक बढे ।'' इस प्रकार गाती हुई वृद्धस्त्रियों ने कुमार का `जयसिंह' इस प्रकार नाम रखा ।।39।।

18. मस्तक को काटने वाले की तरह आकम्प (भय) करनेवाला, वह (जयसिंह राजा का) नाम, शत्रु राजाओं ने सूना और भयभीत होकर अपने नगरों के किल्ले कराये ।।40।।

19. (युद्ध के लिए) वीर (सुभट बच्चों) को बुलाकर, बुनकर और बनियों के बच्चों की तरह राजाओं के बच्चों को हराकर वह राजपुत्र बडा हुआ ।।43।।

20. दान से दीन गरीबों के पेट को भरनेवाला, कीर्ति से स्वर्ग और पृथ्वी के पेट को भरनेवाला कर्णनंदन, प्रशंसा के योग्य उदारता को प्राप्त हुआ ।।49।।

21. जिसका मन भी पाप को ग्रहण करने वाला नहीं है, जो गुरु के चरण की रज को ग्रहण करने वाला है, ऐसा वह, फल को धराण करनेवाले वृक्ष की तरह (नम्र होकर) सत्पुरुषों को सेवनीय हुआ ।।56।।

22. (न्याय, दानादि गुणों से) भास्करज (मनु अथवा कर्ण) को अतिक्रान्त करनेवाला, चन्द्र कुल में मुकुट समान वह हमेशा सूर्योदय के समय पिता को सूर्य की तरह नमस्कार करता था ।।60।।

23. उसके बाद एक दिन पृथ्वी के प्रति सूर्य के समान ऐसे कर्ण राजा ने आँख के प्रति चन्द्र के समान, अनंत भक्ति को करने वाले उस पुत्र को बुलाया ।।65।।

24. उसके बाद पिता की सेवा करने वाले, आज्ञा करनेवाले और हर्ष करने वाले ऐसे कुमार ने भी पहेली को पूरी करने के लिए श्लोककार जैसे पाद चरणों की सेवा करता है, वैसे पिता के चरणों की सेवा की ।।66।।

25. सूत्रकार (नीति सूत्र बनाने वाले) के साथ वैर नहीं करनेवाले, मंत्रियों के साथ संवाद करनेवाले और वैयाकरण की तरह वाणी है जिसकी ऐसे उस (कर्ण) राजा ने कलह नहीं करनेवाले ऐसे उस (जयसिंह) को इस प्रकार कहा ।।67।।

26. प्रिय बोलनेवाले, यदि तुं परंतप (शत्रुओं को तपानेवाला) और वशंवद (जो कहे वह मानने वाला) है, तो शत्रु को तपानेवाला ऐसा यह राज्य ग्रहण कर, जिससे मैं मुक्ति के लिए प्रयत्न करुं ।।72।।

पाठ-8

1. जो वापस तुम कहो कि हम सुख से रहते है क्योंकि हम मांस खाते है, इत्यादि तो वह भी विवेकी जीवों को हँसने तुल्य आपकी मुग्धता का विलास ही है, क्योंकि सभी कष्ट जिसके समीप है ऐसी काया में विविध रोग के जुडने पर, वृद्धावस्था जल्दी से आने वाली होने पर,

राज्यादि उपद्रव मन और शरीर को संताप करने वाले होने पर, यौवन कुटिलता से जाने वाला होने पर, संपत्तियाँ सभी दु:ख को पैदा करनेवाली होने पर, इष्ट (वस्तु या व्यक्ति) का वियोग मन को दु:खी करने वाला होने पर, अप्रिय का संयोग मन को दु:खी करनेवाला होने पर, मरण हमेशा आनेवाला होने पर, शरीर सर्वथा अशुचि का भंडार होने पर, विषय-पुद्गल के परिणाम मात्र होने पर, शरीर सर्वथा अशुचि का भंडार होने पर, विषय–पुद्गल के परिणाम मात्र होने से सार रहित होने पर, असंख्य लाखों दु:ख से भरे हुए जगत् में प्राणिओं को सुख कैसा ?

2. **स्वयंभूरमण समुद्र की स्पर्धा करनेवाले और बढने के स्वभाववाली समता जिनमें है ऐसे मुनि को जिसके द्वारा उपमा दी जा सके ऐसा कोई पदार्थ जगत् में नहीं है ।**
3. लक्ष्मी–तरंग के समान चपल है, आयुष्य–वायु की तरह अस्थिर है, शरीर–बदलों के जैसा क्षण भंगुर है, यह महाबुद्धिशालिओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए ।
4. **विद्यारुपी अंजन को स्पर्श करनेवाली दृष्टि के द्वारा अविद्या-अज्ञान रुपी अंधकार का नाश होने पर, वास्तव में योगी पुरुष, आत्मा में परमात्मा को देखते है ।**
5. तितर, पोपट, कबुतर और चिढिया आदि पक्षी, मांस की आसक्तिवाले बांज, क्रोंच और गीध पक्षी आदि के द्वारा ग्रहण किये जाते है ।
6. **और प्रवेश करते ही उस राजा ने, उस सिद्धायतन के दरवाजे पर, जल्दी से आने के खेद से निरंतर गहरा श्वास लेते हुए एक वैमानिक को देखा, देखने मात्र से ही उसके प्रति पैदा हुआ है देवत्व का निश्चय जिसे, ऐसे और चक्षुनिमेष आदि चिह्न को देखने से निश्चय किया है स्वर्ग से च्यवन के समय को जिसने, ऐसे और रूप संपत्ति को देखने से अपने प्रति सुन्दरता के अभिमान की गांठ जिसकी ढीली हो गई है, ऐसे राजा के मन में हुआ–अहो ! सुरलोक की भूमि का प्रभाव ! वास्तव में जहाँ, अच्छी तरह से पैदा हुए पुण्यशालिओं के शरीर भी इस प्रकार के होते है जिसके**

अंतिम अवस्था में भी पास में जाना तो दूर रहा, देखने के लिए भी बिजली की आग की तरह पुरुष समर्थ नहीं होते ।

वह इस तरह इसके अत्यंत सौम्य शरीर के प्रति भी वह कोई स्वभाव से प्रकाशित होता हुआ प्रताप स्फुरित होता है । जिसके प्रति स्वभाव से चंचल होने पर भी भयभीत की तरह, (लज्जित की तरह) अत्यंत कुपित की तरह, मेरी ये दो आंखें लक्ष्य को लम्बें समय तक देख नहीं सकती है ।

आश्चर्य यह हैं कि, इसके ये, टुटे हुए मणशिल के गर्भ जैसे उज्ज्वल, अत्यन्त बलवाले, शरीर की प्रभा समुह में निरंतर निमिग्न हुए, आयतन के दीपकों के अपने तेज को तिरस्कार के द्वारा लज्जित हुए की तरह, थोडा भी आत्मिक दर्शन नहीं करवाता है ।

और वापस चारों ओर दोडे हुए, अग्नि के प्रकाश के अत्यंत लोभी पतंगों का समुह जैसे नष्ट हुए दीपकों की शोध के लिए घुम रहे हो वैसे भ्रमण कर रहे है ।

मैं सभी प्रकार से कृतार्थ हूँ, जो मुझे मनुष्य पणे में भी प्रकट किया है दिव्य शरीर जिसने, ऐसे इसके द्वारा दर्शन दिये गए है ।

इस प्रकार विचार करके और खूब अभिमान के साथ ढाल सहित तलवार को छोडकर, जोडे है हाथ जिसने, ऐसे (राजाने) थोडे पास जाकर स्वागत किया ।

'द्व्याश्रय महाकाव्य बारहवाँ सर्ग'

7. एक दिन ऋषिगण उस (जयसिंह) के पास आकर इस प्रकार बोले, हे राजन् ! जिसमें हम गए है, जिसमें हमने दुध पीया है तथा जिसमें कल और आज हमने भोजन किया है, वह तुम्हारी दानशाला राक्षसों ने नष्ट कर दी है ।।3।।

8. **और पहले जिसमें वह दुर्वासऋषि रहे है, उसके बाद मंडुसुनु रहा है, अन्य भी ऋषि जिसमें रहे है, उस वन (सरस्वती के कीनारे पर रहे आश्रय स्थल) को तोड गिराया है, वास्तव में उस वक्त किसी ने भी रक्षण नहीं किया ।।9।।**

9. यजमानों के लिए भी पूजा के योग्य, हे राजन् ! जिन कारणों से (हम लोग राक्षस के भय से) दु:ख पूर्वक पढते है और प्राणों को भी वास्तव में दु:ख से धारण करते है, उस कारण से अनीति के द्वेषी ऐसे तुम अनीति को करनेवाला और मनुष्य को खानेवाले (राक्षसों) को मारनेवाले बनों ।।15।।

10. (मुनिओं के वचन से) लज्जालु बने हुए, फैलते हुए राक्षसों के लिए असहिष्णु और नाश करनेवाला, फैलती हुई देदीप्यमान दांतों की कान्ति के द्वारा आकाश को अलंकृत करता हुआ और शोभा पाता हुआ राजा (जयसिंह) (मुनिओं के प्रति) बोला ।।16।।

11. जिस कारण से (स्नात्र के तीर्थजल से आत्मा को) शुद्ध करनेवाले (धर्मार्थी होने से) आत्मा के द्वारा (स्वयं) परिपक्वता से हर्ष करनेवाले, स्थिर मनवाले होने पर (धर्म में विघ्न से) भी ग्लानमुखवाले आपके द्वारा आज तक आपत्ति में रहा गया, इस कारण से अत्यंत ढीला और क्षीण होता है पराक्रम जिसका ऐसे मुझे धिक्कार हो ।।18।।

12. जय का आसक्त नहीं हूँ, ऐसा नहीं परंतु आसक्त हूँ, राक्षसों के प्रति क्रोधी नहीं हूँ, ऐसा नहीं, परंतु क्रोधी ही हूँ ऐसा मैं तेज घोडों के द्वारा उन (राक्षसों रे राजा) के प्रति अच्छी तरह से जानेवाला हूँ । ऐसा बोलकर अति जाज्वल्यमान (राजा जयसिंह) खडा हुआ ।।24।।

पाठ-9

1. हजारों नदिओं से भी नहीं भरा जा सके ऐसे समुद्र के पेट समान इन्द्रियों का समुह तृप्तिवाला नहीं होता है, अत: ऐसा जानकर (तुम) अंतरात्मा से तृप्त बनों ।

2. देह और आत्मा आदि का यह अविवेक संसार में हमेशा सुलभ है परंतु उसके भेदज्ञान रूपी विवेक करोडों जन्मों के द्वारा भी अति दुर्लभ है ।

3. शुद्ध अंतरंग परिणाम से मध्यस्थ होकर, उपालंभ न मिले इस तरह रहने योग्य है, कुतर्क रूप कंकड डालने के त्याग द्वारा बचपन की चंचलता छोडने योग्य है ।

4. **मध्यस्थ व्यक्ति का मन रूपी बछडा, युक्ति रूपी गाय के पीछे दौडता है । जबकि तुच्छ आग्रहवाले के मनरूपी बंदर युक्ति रूपी गाय को पूंछ से खींचता है ।**

5. हम राग मात्र से स्व-आगम को स्वीकार या द्वेष मात्र से अन्य के आगम को त्याग नहीं करते परंतु, मध्यस्थ दृष्टि के द्वारा हम (आगम को) स्वीकार या त्याग करते है ।

6. **मुझे वीर के विषय में पक्षपात नहीं और कपिल आदि के विषय में द्वेष नहीं है (परंतु), जिसका वचन युक्ति युक्त है उसका परिग्रह (स्वीकार) करना चाहिए ।**

7. हे वीरप्रभु ! श्रद्धा से ही आपके प्रति पक्षपात नहीं है और द्वेष से ही अन्य के प्रति अरुचि नहीं है परंतु, जिस प्रकार हो सके उस प्रकार से आप्त (सत्पुरुष) की परीक्षा के द्वारा आपको ही हम आश्रित है ।

8. **स्वभाव से एकत्व को प्राप्त हुए जिनको अन्य की अपेक्षा नहीं है, उसे संसार के परिभ्रमण से पैदा हुई थकान की परंपरा का पतलापन कैसे न हो ?**

9. हंस-सारस की आवाज का अनुकरण करते सुस्वरवाले पुरुष सुखी होते है और कौए-गधे की आवाजवाले दु:खी होते है ।

10. **हे वत्स ! सुखपूर्वक लालन-पालन कराये गये ऐसे तुम, स्वभाव से सरल हो, देशान्तर दूर है, मार्ग विकट है, लोग कुटिल हृदयवाले है, स्त्रियाँ ठगने में होशियार है, दुर्जन खूब ज्यादा है, सज्जन अति अल्प है, ठगाई करनेवाले ठगने में चतुर है, अन्यायी बनिये मायावी होते है, किराणे के समुह का रक्षण दुष्कर है, नवयौवन विकार करने वाला है, कार्य की गति मुश्किल से जानी जाती है, यमराज अनर्थ करने की रूचिवाला है, चोर-लुटेरे आदि बिना अपराध के क्रोध करनेवाले है, इसलिए तुम्हें सभी प्रकार से किसी वक्त निष्ठुर, किसी वक्त दयालु, किसी वक्त निर्दय, किसी वक्त बहादुर, किसी वक्त कायर, किसी वक्त त्यागी, किसी वक्त कृपण, किसी वक्त बगुले की तरह, तो किसी वक्त होशियार**

बनने के द्वारा, सभी प्रकार से दुसरों से नहीं प्राप्त हो सके मध्यम भाग जिसका, ऐसा अगाध क्षीर समुद्र की तरह धीर-गंभीर बुद्धिवाला बनना चाहिए ।

11. अत्यंत हर्षवाले महर्षि ने राजा को कहा–

हे राजन् ! तुम्हारा संतति प्रतिबंधक पाप अब बहुत-सा भोग लिया गया है, इसलिए मन में धैर्य धारण करो, थोडा भी विषाद मत करो, प्रतिकूल आचरण करने के द्वारा सदा सुख के उचित अपनी प्रिया के चित्त को खेद मत करो, जंगल में जाने की इच्छा को छोडो, घर में रहते हुए ही देवता की आराधना करो, शरीर को वनवास के उचित सारे क्लेश दो, मुनिव्रत की क्रिया का स्वीकार करो, दूर रहे अन्य देवताओं से क्या ? **यही प्रकृति से सौम्य, हमेशा पास में रहे सारे क्षितिपाल (राजाओं) के कुलदेवता की राज्यलक्ष्मी की उपासना करो, वात्सव में यह इक्ष्वाकु कुल भरत, भगीरथ आदि राजाओं के पराक्रम से खरीदे हुए तुम्हारे वंश के स्वभाव से पक्षपाति सारे भुवन को प्रतीक्ष्य (सेवा करने योग्य) पवित्र धार्मिक ऐसे, इन्द्रियवृत्ति वश में है जिसे ऐसे, दृढभक्तिवाले, उदार आशयवाले, प्रमाद को त्याग करने वाले, कालोचित जाननेवाले और क्रमशः प्रकट किया है क्षत्रिय संबंधि तेज जिसने, ऐसे तुम्हारे द्वारा विधि के अनुसार आराधना की जाती हुई (कुलदेवी) निश्चय से प्रसन्नता को प्राप्त करेंगी और जल्दी से इष्ट अर्थ विषयक वरदान को देंगी ।**

हे राजपुत्रि ! तुम्हारा यह प्रिय (पति), जंगल में जाने से तो अटकाया गया है परंतु अति दुष्कर ऐसी देवताराधना की क्रिया में जुडा है । मन में कोप नहीं करना क्योंकि, हमारे द्वारा प्रश्न नहीं करके, जवाब नहीं सुनकर महाभाग्यशाली तुम्हारी अनुमति नहीं लेकर, उसके मन की नियंत्रणा कराई गई है और विषयोपभोग सुखों की निवारणा कराई गई है । **ऐसे करने में अपने कल्याण करने की जल्दबाजीवाली चित्तवृत्ति अपराधी है, बुद्धि नहीं । और यह आचार है कि, उससे कितनेक दिन दूर रहते हुए ही कल्याणभागी आपके द्वारा सभी भर्तृजनोचित भक्ति करनी चाहिए ।**

'द्व्याश्रय महाकाव्य बारहवाँ सर्ग'

12. ``हे राजन् ! यदि तुम युद्ध में जाओंगे तथा यदि तुम शत्रुओं का रोध करोंगे और यदि तुम बाणों को बरसाओंगे तो विजय होगा और कीर्ति पैदा होगी,'' इस प्रकार कष्ट सहित मुनिओं के द्वारा प्रेरित किया गया वह (जयसिंह) रथ पर चढा (बैठा) ।।50।।

13. (राजा की बिरुदावली गानेवाले वेत्री, सुभटों को कहते है) यह तुम्हारा प्रभु (राजा) (शत्रुओं के साथ) लडेगा, (शत्रुओं को) जीतेगा, (जीतकर) शत्रुओं की शांति करेगा इस हेतु से जाता है और (शत्रुओं के जय से उत्पन्न हुए) कल्याण को प्राप्त करेगा तथा धर्म का उद्धार करेगा और कीर्ति उत्पन्न के लिए (कीर्ति को उत्पन्न करेगा) इस हेतुओं से बाहु युगलों को देखता है ।।56।।

14. विशिष्ट यम और नियम वाला जैसे विशिष्ट यम अथवा नियम के प्रति और संयमी की तरह बहुत संयम के प्रति उद्यत होता है, वैसे कीर्ति रूपी वधु का पाणिग्रहण करने में और इसी प्रकार विजयलक्ष्मी का पाणिग्रहण करने में उद्यत (तत्पर) राजा (जयसिंह) शोभित होता था ।।61।।

15. धनुषों की आवाज से, बाणों की आवाज से, मनुष्यों की आवाज से, राक्षसों की आवाज से, रथों की आवाज से और उनकी प्रतिध्वनि से उस वक्त जगत् केवल शब्दमय हुआ ।।62।।

तेरहवाँ सर्ग

16. मुट्ठीभर धान्य के प्रति भी इच्छा बिना, भोजन मात्र को भी नहीं इच्छा करता पैदल सैनिकों की व्यवस्था के द्वारा वह (बर्बर राक्षस) जयसिंह के आनंद के लिए राजा जयसिंह की सद्भाव से हमेशा सेवा करता था ।।2।।

17. जिस कारण से स्वप्न में भी प्रश्न (क्या यज्ञ की रक्षा करु या नहीं, अथवा कैसे करुं ? इस प्रकार) की याचना बिना (बर्बर) यज्ञ के रक्षण के प्रति यत्नवाला था, इस कारण से राजा (जयसिंह) ने उसके ऊपर याचना बिना (स्वाभाविक) महेरबानी की ।।3।।

18. किसी वक्त राजा (जयसिंह) राजनीति के स्वीकार से लोगों की बातों को सुनने के लिए और पीडावालों की पीडा हरने के लिए रात्रि के समय अकेला निकला ॥5॥
(राजनीति ऐसी है कि–लोगों की चर्चा जानने के लिए राजा को गुप्त रूप से रात्रि में अकेला घुमने निकलना चाहिए ।)

19. उसके बाद, क्रोध के द्वारा कौओं के साथ में युद्ध करने में तत्पर ऐसे उल्लुवाले और भय देनेवाले कुंज में भयरहित वह जयसिंह राजा ने इस प्रकार दीन वचन सुना ॥17॥

20. एकान्त अनुरक्त अपनी प्रिया मुझे, अन्जान की तरह, हे नाथ ! लज्जा बिना के तुम लज्जा को छोडकर किस लिए इस प्रकार त्याग करते हो ?
उतने में लाचार ऐसी मैं, हे नाथ ! तुम्हारी ग्लानि और हानि को न देखुं और तुम्हारे कुल में म्लानि और ज्यानि (वृद्धावस्था) को न देखुं, उतने में आज ही मेरा मरण हो जाय ॥19॥

पाठ-10

1. उसके बाद चांदि के पात्र जैसी उज्ज्वल मुखवाली देवी (मयणल्ला) ने गर्भ धारण किया, गर्भ को जानकर वह कर्णराजा विचार-विचार कर लक्षण करने के लिए यत्न करता था ।

2. उस समय रात्रिओं को छोटी करने की तरह, सरोवर और नदियों के पानी (के प्रवाह) को छोटा करते हुए, निरंकुश मुसाफिर के लिए भयंकर ऐसा ग्रीष्मऋतु आया ।

3. उस सार्थ के मुसाफिर पेड-पेड पर बैठे, प्याउ-प्याउ पर प्रवेश करके पानी पी-पीकर आलोटते रहे ।

4. सार्थ की स्त्रियाँ मार्ग की नदिओं के चारों ओर प्रवेश करके कमलिनी के दंड को मूल में से उखेड कर गले की नाल में डाली ।

5. महापराक्रमी वे राजपुत्र घोडे घुमाने की जगह में बार-बार घोडों को घुमाते हुए, अनेक रुपवाले सूर्यपुत्र की शोभा को धारण करते थे ।

6. उनके कलाभ्यास में कलाचार्य साक्षीमात्र ही थे क्योंकि बडों के गुण स्वयमेव प्रकट होते है ।

7. शिला की तरह पर्वतों को भी हाथ से उठाते हुए उनकी बलक्रीडा किसी से जरा भी पूरी नहीं की गई । (उनके साथ किसी ने थोडी भी बलक्रीडा नहीं की ।) ।

8. जमीन के समीप धीरे-धीरे फैलते हुए पवन के द्वारा नोकरों की तरह पृथ्वी की धूल दूर की गई ।

9. बादलों के द्वारा कपडा भीगोकर (कपडा भीगे इतना) गंधोदक बरसाया गया और पृथ्वी, भीगाए हुए बीज की तरह उच्छ्वास को प्राप्त हुई ।

10-11. अंतरिक्ष में तृण की तरह बडे वृक्षों को फेंकता हुआ और दिशाओं में पत्थर के कंकडों को धूल की तरह उडाता हुआ, आकाश और पृथ्वी के खोखले भाग को चारों ओर धमणी की तरह भरता हुआ वह (संगम देव से पैदा किया गया) कठोर पवन, भगवान को उठा-उठाकर पछाडता था ।

12. असंख्य द्वीप और समुद्रों के वायु की तरह वेग से उल्लंघन करके वह विमान नंदीश्वर द्वीप के प्रति आकर पहुँचा ।

13. पंडित जैसे ग्रंथ का संक्षेप करता है वैसे वहाँ अग्निकोने में रतिकर पर्वत के ऊपर जाकर इन्द्र ने उस विमान को संक्षेप किया ।

14-15. उसके बाद द्वीप-समुद्रों को अच्छी तरह से उल्लंघन कर, उल्लंघन कर और वह विमान को उससे भी अधिक क्रमशः संक्षेप करता हुआ, इन्द्र जंबूद्वीप नाम के द्वीप में दक्षिण भरतार्ध में तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म भवन में पहुँचा ।

16. हे गुणसमुद्र ! चन्द्र जैसे उज्ज्वल तुम्हारे गुणों को बोलने में बुद्धि से बृहस्पति के समान भी कोन पुरुष समर्थ है ? अथवा कल्पान्त काल के पवन से उछले है मगरमच्छ का समुह जिसमें, ऐसे समुद्र को दो हाथों से तैरने में कौन समर्थ है ?

17. उस (इन्द्र) ने अपने आप को पांच प्रकार का किया, जिससे पांच इन्द्र हुए । वह स्वामी की योग्य भक्ति अनेक अंगों से करने में समर्थ हुआ ।

18. **कितनेक (देव) भात खाकर पेट भरे हुए छात्रों की तरह कुद रहे थे, स्वामी की प्राप्ति से पैदा हुए उस प्रकार के आनंद को किसके द्वारा छिपाया जा सकता है ?**

19. हे नाथ ! आप में रहे हुए वास्तविक गुणों को कहने में, मैं समर्थ नहीं हूँ। स्वयंभूसण समुद्र के पानी को मापने में कौन समर्थ है ?

20. **हे देव ! तुम्हें भोजन करना योग्य नहीं है, तुम्हारा शरीर प्रबल ज्वरवाला है, क्योंकि दृष्टि अत्यंत चंचल घुमती है, मुख एकदम लाल और स्निग्ध है, कान और भाल के बीच के दोनों भाग डगडग होते है, संधि के स्थान धमधम होते है, जाने कि बाहर की चमडी जल रही है, जाने कि हाथ जल रहे है, इसलिए भोजन से अटक जाओ, बंध कमरें में जाओ, पवन के अभाव में रहो, भूखे रहो, उबला हुआ पानी पीओ, इसके सभी इलाज विधिपूर्वक करो, नहीं तो तुम्हें सन्निपात हो जाएगा ।**

द्व्याश्रय महाकाव्य चौदहवाँ सर्ग

21. **इस प्रकार संत को घुम-घुमकर और अद्‌भूत कर्म कर करके (लोगों के जगने से) पहले आकर और रात के चौथे प्रहर में पहले जगकर देव और गुरु के आगे बैठकर उसने देवों और गुरुओं की पूजा की ।।1।।**

22. प्रभात में पहले (अन्य क्रिया किये बिना) हाथी के ऊपर चढकर और कदाचित् पहले घोडे के ऊपर चढकर (सवारी करके) अथवा पहले हाथिनी के ऊपर चढकर (रजवाडी में) घुमता हुआ वह (सिद्धराज) रात्रि में मनुष्यों के द्वारा जाना गया ।।2।।

23. **अन्यथा (यदि विद्याधर न हो तो) किस प्रकार हमारा यह (प्रत्यक्ष कहा जाता) अशेष रहस्य इस प्रकार से (इसके द्वारा जो बना है उस प्रकार कहने के द्वारा) जाना है, उससे यह (जयसिंह) को (अज्ञात) विद्याधर हो, इस प्रकार मनुष्यों के द्वारा रात्रि विहारी (यह राजा) तर्क (शंका) किया गया ।।3।।**

24. मंत्र को सिद्ध करनेवाला उस राजा (जयसिंह) ने कपट में तत्पर (कुत्सित) शाकिनी-भूत आदि को भी इस प्रकार से (रात्रिचर्या रुप

प्रकार से) शिक्षा की । अन्यथा (यदि शाकिनी आदि को मैं शिक्षा न करुं तो) इस प्रकार रात्रिचर्या के द्वारा देखे हुए प्रकार से सरल बोलने वाला व्यक्ति सच्चे अर्थ में सुखी कैसे हो ? ।।4।।

25. एक दिन अवन्ती की (मालवदेश की) एक योगिनी ने योगिनी के प्रति अशंक (निर्भय) हुए उस (जयसिंह) को इस प्रकार कहा-अहो (राजन्) ! हम जिस प्रकार से फिरते है, उस प्रकार से फिरते है, इससे तुम्हे क्या ? ।।5।।

26. हे (राजन्) ! तुम शाकिनी शब्द कहकर किस लिए हम पर आक्रोश करते हो । (तथा) क्या यहाँ (पृथ्वी के प्रति) भोजन को मीठा करके तुम नहीं खाओंगे ? तथा वैषयिक सुख मीठा करके यहाँ जगत् के प्रति क्या तुम अनुभव नहीं करोंगे ? तथा हमारी चर्चा के द्वारा निरर्थक किस लिए तुम हैरान होते हो ? ।।6।।

27. हे हताश ! यहाँ (पृथ्वी के प्रति) विलासिनी स्त्रिओं के गीत-अमृत को मीठा करके तुम क्यों नहीं पीते हो ? हे अतिमूढ ! यहाँ (पृथ्वी के प्रति) योगिनी को देख-देखकर (जिसे जिसे योगिनी देखता है, उसे उसे) वैरिणी हो वैसे जानकर प्राप्त कर और विचार करके किस लिए तुम अभिभव करते हो–हैरान करते हो ? ।।7।।

28. वास्तव में (हे राजन् !) जब तक जीते हो तब तक, लम्बेकाल तक यदि अपने सुख की इच्छा करते हो तो जितना प्राप्त करे उतना खानेवाली (भुक्कड) ऐसी हमको जल्दी से पेट भरकर चर्म (चमडे का कटाह) बलि दो ।।8।।

29. हे अधम नृप ! हमारे रुष्ट होने पर, तुम्हारे देश में नदी भरकर या गोष्पद भरकर के (बहुत कहने से क्या !) कंबल भीगे या वस्त्र भीगे (नदी भरी जा सके, या गाय के पैर पडने से बना खड्डा भरा जा सके उतना या कंबल या वस्त्र भीगे) उतना बारीश (भी) नहीं बरसेगा ।।9।।

30. वस्त्र को भीगाए या पुरुष को भीगाए (इतना भी) मेघ नहीं बरसने पर, हे राजन् ! वात्सव में खाने के लिए कौन शुष्क (बोरडी के फल आदि को) पिसता, कौन रूक्ष (कांटे आदि) को पिसता और कौन चूर्ण (छीलकों को) पिसता हुआ निन्द्य नहीं होगा ?

पाठ-11

1. **हे चौलुक्य राजन् (सिद्धराज) ! जैवन्ति राजा की तरह और अश्वत्थाम राजा की तरह तुम खडे रहो, खडे रहो, (भागकर मत जा) इस प्रकार बोलती हुई, प्रकट किये है अनेक रूप जिसने ऐसी जिस (काली) ने अस्त्र की वर्षा के द्वारा, कार्तिकेय और अश्वत्थाम को (शौर्यादि गुणों के द्वारा करके) अतिक्रान्त करके जाय ऐसे सिद्धराज को एकदम जल्दी से ढक दिया ।।61।।**

2. इन्द्रजित् (रावण का पुत्र) के द्वारा लक्ष्मण, विश्वामित्र के द्वारा वाशिष्ठ (परमारादि पुरुष), भीमपुत्र (घटोत्कच) के द्वारा जैसे कर्ण, वैसे श्वाफल्क और कृष्ण समान राजा (जयसिंह), उस (काली) के द्वारा अस्त्रों से क्षण में ऊपर से फेका गया । (पीछे धकेला गया) ।।62।।

3. **त्रैवण, छागल, शौंग और वैकर्ण आदि मुनिओं के द्वारा और स्वयं धनद के द्वारा भी जो (अस्त्र) अतिदुर्लभ है ऐसे उस माया का हनन करनेवाले अस्त्र को रामचन्द्र के समान बलवान (सिद्धराज) ने उस (अस्त्र) को याद किया । (उस अस्त्र का स्मरण किया ।) ।।63।।**

4. कोप से जरासंघ के शत्रु (कृष्ण) समान (अतिक्रोधी) भी योग्य माता के पुत्रपने से दया को धारण करनेवाला और हसता है मुख जिसका ऐसे उस (सिद्धराज) ने अस्त्र के द्वारा दूर किये है, दूसरे (सभी) रूप जिसके ऐसी अकेली (काली) ने इस प्रकार कहा ।।64।।

5. **हे प्रशस्यमाता की पुत्री ! तुम अबला (स्त्री) हो, जिससे लज्जा रूपी नार्मद-नील ह्रद में मग्न ऐसा यह मैं जयसिंह क्या करुं ? क्या स्त्री का वध करने से पूर्व के शकुन्तलापुत्र-भरतचक्री भिष्मपितामह आदि को वास्तव में, मैं लज्जित करुं ? ।।65।।**

6. और वह विकसित मुखवाली इस प्रकार बोली, ``हे साम्बकुमार के पिता, कृष्ण के अंश ! पैलेय-पैलीपति साल्वमित्र-साल्वेय और मांडुक प्रमुख मुनिओं के द्वारा जिस प्रकार गाया गया है उस प्रकार के तुम हो ।।66।।''

7. मांडुकि प्रमुख और मांडुकेय की उपमावाले अन्य भी मुनि जिनका ध्यान करते है, उस गरुडासनवाले दैत्यद्विषत्–विष्णु का दानवों के विनाश के लिए तुम अवतार हो ।।67।।

8. तुम्हारे धैर्य और सत्त्व के द्वारा मैं प्रसन्न हुई हुँ, तम्हारे समान अन्य युवति को नहीं देखा, गरुड जिस प्रकार नागों को जीतता है, उस प्रकार दात्तेय, सैप्र, यशोवर्म नृप आदि राजाओं को जीतों ।।68।।

पाठ-12

1. बैल, ऊंठ और घोडों के समुह के द्वारा उडी हुई धूल उस प्रकार आकाश में छायी, जैसे सलिये के द्वारा भेद किया जाय, ऐसा अंधेरा चारों ओर हुआ ।

2. असत्य सर्वथा त्याग करना चाहिए, क्योंकि असत्य वचनों के द्वारा प्राणी संसार में घुमते हुए वायु से तिनके की तरह लंबे समय तक घुमता है ।

3. जात्य सुवर्ण जैसी जिसकी कांति है ऐसा वह युगलिक प्रियंगु जैसे (श्याम) वर्णवाली पत्नी के साथ, जैसे बादलों के साथ सुमेरु शोभता है वैसे शोभता था ।

4-5-6. पूजित है मुख जिसका ऐसा और रम्य सोने के, चांदि के, रत्न के, सोने चांदि के, सोने रत्न के, सोने चांदि और रत्न के और रत्न के, चांदि के और मीट्टी के इस प्रकार प्रत्येक के एक हजार आठ कलश उन (आभियोगिक) देवों ने बनाए । उसके बाद अपने आप को शुद्ध (मैं शुद्ध होता हुँ, इस प्रकार) मानते हुए आरण और अच्युत के इन्द्र ने स्वयं प्रभु के शरीर को सुगंधी कषाय रंग से रंगी हुई चद्दर (रुमाल) से पोछा ।

द्व्याश्रय महाकाव्य पंद्रहवाँ सर्ग

7. पुरुषों को हितकारी जयसिंह राजा, एक दिन सहायता पुरुष और हाथिओं के समुह से युक्त, स्वभाव से बने रैवतक (गिरनार) पर्वत पर गया ।।61।।

8. **पत्थर से बने होने पर भी वह पर्वत वन्दनीय है, क्योंकि जैसे बकरे के जांघ के मांस की तरह विवाह से घृणा करके वापस लौटे श्री नेमनाथ भगवान ने यहाँ तप तपे है ।।63।।**

9. जिस प्रकार केरडा या चित्रक के लकडे की भस्म, खून को छेदने (बंद करने) के लिए होती है, वैसे ही इस पर्वत की रज भी पुरुषों के पाप को छेद करने वाली होती है ।।64।।

10. **जतु और त्रपु के टुकडे के जिस तरह (अग्नि से) पिघल जाते है, उस तरह ताड के धनुष को खींचते हुए शिकारियों के हिंसक विचार, तीर्थ के तेज से पिघल जाते है (नाश हो जाते है) ।।65।।**

11. उसके बाद उस (सिद्धराज) ने इस प्रकार स्तुति की—हे स्वामिन् ! तुम्हारे सिवाय अन्य के पास से जो मनुष्य सुख की इच्छा करता है, वह मनुष्य बोरडी को छोड कर एरंड के मूल से धनुष बनाता है ।।80।।

12. **हे जंबूश्याम ! हाथ में रहे आवले की तरह जगत् को देखते ऐसे तुम को, निंदीत प्लक्ष, पिपल और जंबूवृक्ष के फल को खाने वाले का व्रत धिक्कार के पात्र है ।।81।।**

13. जो मनुष्य तुम्हारे पास से चित्त को खिंचकर अन्य के पास ले जाता है, वह खराब वृद्धिवाला मनुष्य कोठे के रस को द्रुवय के बनाए पात्र से गोबर की राख में डालता है ।।83।।

14. **काका, मामा, वृद्ध नाना और दादा बंधन के ही कारण है, तुम ही मोक्ष के कारण हो ।।84।।**

15. इस प्रकार श्री नेमिनाथ भगवान की स्तुति करके राजाओं के साथ वह (जयसिंह) पर्वत के ऊपर से नीचे उतरा और उतरकर धर्मज्ञ राजाओं के साथ धर्मकथा को करता हुआ शत्रुंजय गया और उस पर्वत के ऊपर चढा ।

16. **नडवाले, कुमुदवाले, वेतसवाले और पंकवाले प्रदेश जहाँ है, ऐसे पर्वत के शिखर ऊपर माहिष्मती पुरी के पति (सहस्त्रार्जुन) को उल्लंघन करके उस (जयसिंह)ने श्री ऋषभदेव का मंदिर देखा ।।91।।**

17. फलकि, प्रेक्षि, तृणसा, नदसा और काशिल के राजाओं के साथ जिनेन्द्र की पूजा करके चौलुक्य (सिद्धराज), पर्वत के ऊपर से नीचे उतरा ।।95।।

पाठ-13

1. जिस कारण से नदी की बाढ के समान बलवाला वह (कुमारपाल) थोडे भी कार्य में सोता न था (आलस्य करता न था), इस कारण से पास में रहे हुए माहेयराड् (महियडा-क्षत्रियों के राजा) तथा राष्ट्रीय (राष्ट्र में रहे हुए क्षत्रियों के) राजा प्रमुख सभी राजा इस (कुमारपाल) की सेवा करते थे ।।6।।
2. **उसके बाद मद से समुद्र में रहनेवाले (ऐरावण) हाथी को उल्लंघन करने वाले ऐसे आन्न राजा, उत्तरदेश में रहनेवाले तथा शिवहारा नदी के राजा तथा (शिवहारा नदी के) इस ओर किनारे पर रहने वाले तथा सामने ओर किनारे पर रहने वाले राजाओं के साथ ही उस (कुमारपाल) के प्रति विरोधी हुए ।।7।।**
3. नीति में दिव्यमंत्री (बृहस्पति) को उल्लंघन कर जाय ऐसे उत्तरदिशा के देशो के राजा (आन्न) दक्षिण दिशा के, समुद्र (के पास) में रहनेवाले राजा के साथ पूर्व (अवन्ति देश) के वल्लालदेव नाम के राजा को (अवन्ति देश में रही) पारा नदी के पास (आगे) से पश्चिम देशों में रहने वाले मनुष्यों के राजा कुमारपाल के पिछले के देश को उपद्रव करने के लिए जोडे (जब कुमारपाल मेरे साथ लडे तब तुम्हे उसके पिछले देश पर आक्रमण करना, इस प्रकार मैत्री, दान, सन्मान आदि करने के द्वारा प्रेरणा की ।) ।।8।। (गुजरात की अपेक्षा सपादलक्ष (मलवा) देश उत्तर में है, सपादलक्ष देश की अपेक्षा गुजरात पश्चिम में है, गुजरात और सपादलक्ष की अपेक्षा से अवन्तिदेश पूर्व में है, समुद्र के पास के देश दक्षिण में है ।)
4. **तुम कहाँ के हो ? (क्या) तुम वहाँ (पाटण) से आये हो ? मैं वहाँ का नहीं हूँ । मैं निश्चय से यहाँ रहनेवाला हुँ । इस प्रकार (आन्न के) चंडलों को ठगकर किसी गुप्तचर पुरुष के प्रकट होने पर चुलुक्य (कमारपाल) के पास आया ।।12।।**

5. नमस्कार करके वह इस प्रकार बोला—इस साल में हुआ होने पर भी इस साल में हुआ हो ऐसा नहीं, (परंतु लंबे काल में हुआ हो ऐसा) उसके जैसा तुम्हारा शत्रु आन्न बीते हुए कल के दिन में वहाँ से चला है और आने वाले कल को निश्चय से तुम्हारे देश की सीमा में आएगा ।।13।।

6. वह (तुम्हारा सेवक) गोनर्द पत्तन में होनेवाला (बल्लाल) भी उस (आन्न) की बुद्धि से पराये (शत्रु आन्न संबंधी) वृत्ति (कमाई) वाला अराजकीय हुआ है । (आपका नहीं रहा है ।) उस कारण से उष्णकालीन आतप जैसे पैर के तलिये को जलाता है, वैसे उस (आन्न) की ओर जाते हुए तुम्हारे पैर के तलिये जलेंगे ।।17।।

7. उसके बाद (गुप्तचर के कहने के बाद) विकाल में हुई उस (आन्न) की वृत्ति को उसी समय में हुए की तरह जानकर तथा उस काल में हुए क्रोध की विकृति को जीत (दबा) कर राजा (कुमारपाल) ने तात्कालिक बुद्धि से इस प्रकार विचार किया ।।18।।

8. उस समय, वह चेदिदेश की भक्ति (विनय) को बताते हुए और आज-अभी अचानक से अचैदिकी (अविनीत) भक्ति को बताते हुए उस (आन्न) के द्वारा काशि की माया से काशिदेश की कला को जानने वाले भी वह (सिद्धराज) तात, आह ! खेद की बात है कि ठगे गए है । (काशिदेश मायावी है, चेदि देश प्रायः विनीत है ।) ।।19।।

9. ऐरावतक आभिसारक, दार्वक स्थालक, धौमक त्रैगर्तक और आभिसार गर्तक राजाओं के साथ स्वयं उस (कुमारपाल)ने शत्रु (आन्न) की ओर प्रयाण किया ।।24।।

10. उसके बाद राजाओं, नोकरों, यौद्धाओं और भीलों आदि के साथ वह कुमारपाल राजा, अर्बुदगिरि के पास आया ।

11. उसके बाद शोभा पाती ऐसी उस पर्वत की भूमि का रक्षण करनेवाला कुमारपाल राजा का अपना विक्रमसिंह नाम का सेवक, सेवकों के साथ इस प्रकार बोला—हमारे वंश की उत्पत्ति स्थान होने पर भी यह प्रशस्य पर्वत तुम्हारी महेरबानी से हमारा है ।

12. हमारे पूर्वजों को, तुम्हारे वंश की तरह शरण करने में योग्य इस पर्वत के प्रति तुम्हारी नहीं होने पर भी, जैसे तुम्हारी ही हो ऐसी किन्नरियाँ तुम्हारे यश को गाती है ||36||

13. इस पर्वत में ऊँचे वृक्षों के द्वारा पूर्वाह्न का और अपराह्न का सूर्य ढका हुआ रहता होने पर मुनीन्द्र (योगीजन) पूर्वाह्न और अपराह्न की संध्या को नाडी के (उच्छ्वास-निःश्वास के) द्वारा जानते है ||47||

14. यहाँ लंबे समय के अचलेश्वर (महादेव) की सुबह की पूजा, सुबह के खीले हुए विविध पुष्पों के द्वारा और शाम की पूजा, शाम को ही खीले हुए विविध पुष्पों के द्वारा की जाती है ||48||

15. यहाँ, श्री ऋषभदेव भगवान के वार्षिक पर्व के प्रति, वार्षिक पूजा के फल की इच्छा से हेमन्तऋतु के दिन की तरह अल्प किये गए पाप वाला कौन (मनुष्य) नहीं आता है (यहाँ श्री ऋषभदेव भगवान का मंदिर महातीर्थ है।) ||50||

16. इस पर्वत के मध्य में रही, मध्यभाग में रहे कमल है जिसमें ऐसी और मध्यभाग में रहे कुमुद है जिसमें ऐसी, अरजस्वला स्त्री की तरह भोग के योग्य, यह बनास नदी गंगा की तरह पूर्व में (आगे) है ||65||

17. इस (बनास नदी) में पानी के प्रवाह में उत्पन्न हुई तरंगे बीच में रहे पत्थरों के समुह में टकराते कभी अंगुठी (ठं) जैसी, कभी ट वर्ग के व्यंजन जैसी और कभी जिह्वामूलीय (ᳵ) की तरह शोभती है ||66||

18. उसके बाद लगभग घुटने के समीप रहे प्रचंड हाथवाला राजा (कुमारपाल) लगभग कान के समीप में आयी ऐसी (लंबी) और सरलता से खूलती हुई दृष्टि से धान्यवाली, गांव के समीप में रही क्षेत्रभूमि से सेनाओं का रक्षण करता हुआ वहाँ रहा ||71||

वसंत ऋतु

19. पिता से प्राप्त हुए और दुकान में से आये हुए (स्वयं प्राप्त किये) सोने से जैसे व्यापारी शोभता है, एवं पिता और होम करने वाले से आये हुए मंत्र से जैसे ब्राह्मण शोभता है, वैसे फूलों से अशोक शोभता था और जैसे अभी दारु पीये हुए मनुष्य नाचते है, वैसे तीर्थ के (नदी के किनारे से) आये हुए पवन से नाचता था ||76||

20. पापिष्ठ की तरह पाप से आये हुए और पुण्य से आये हुए फल को नहीं जानता, शंका बिना का अनंग (काम), ऐरावण हाथी जैसे गंगा के किनारों को भेद करता है वैसे युवानों के हृदय को भेद करता था ।।78।।

शरदऋत्तु

21. इस (शरद ऋतु) में मधुप्रिय मनुष्यों को जैसे अच्छा मध, वैसे मानसवारि तुल्य (शुद्ध) मनुष्यों को पीने (संभालने) योग्य पाणिनिने बनाए व्याकरण, जैसे वररूचि ने बनाए सुवाक्यों (वार्तिको) से शोभता था-वैसे ।

मद्य जिनको प्रिय है, ऐसे मनुष्यों को अच्छा मद्य-जैसे पीने योग्य होता है वैसे मानसरोवर के पानी तुल्य (अति निर्मल) मनुष्यों को पीने योग्य पानी फूलों के द्वारा शोभता था ।।92।।

पाठ-14

1. सभी ऋतुएँ प्रकट होने के बाद, बिजली जैसी चपल स्त्रियाँ वल्लभों को आगे करके सैन्य में से बनास नदी जिस दिशा में है उस दिशा में होने पर वनों में पुष्पों को इकट्ठे करने गई ।

2. जैसे (इन्द्रिय रुपी) पाशा से जीतती स्त्री, पाशा से जुगार खेलते जुगारी के पास से पाशा से जीते हुए से भी अधिक से अधिक लेने की इच्छावाली होती है वैसे–

ऊपर से पुष्प को लेने की इच्छावाली, हाथ के मूल (कक्षा के भाग) को ऊँची करती कोई स्त्री को, कोदाली से खोदते मनुष्यों ने कौतुक (अभिलाषा) से देखा ।।4।।

3. जैसे नाव से, त्रापा से और घट से नहीं तैरती स्त्री डूबती है, वैसे पुष्पोच्चय से पैदा हुआ है श्रम का पानी (पसीना) जिसके प्रति ऐसी कोई स्त्री के प्रति प्रेमी की दृष्टि डुबी ।।7।।

4. जल (कण) के साथ रहे और जोर से नहीं बल्कि मृदु तथा प्रतिकूल न होते अनुकूल पवन ने, पुष्पोच्चय के श्रम से थकी हुई उन स्त्रियों को साहसिक होकर (बिना विचारे) स्पर्श किया ।।18।।

5. **पक्षि, मत्स्य और मृगों को मारते हुए (पापी–शिकारियों) के द्वारा भयंकर ऐसे इस वन के प्रति, वास्तव में यह (मेरी पत्नी) भय न पाये (इस हेतु से) नगर का रक्षण करते (तलारक्षक) पति के द्वारा, वन के प्रति अन्य (किसी) स्त्री को पीछे देखा गया ।।19।।**

6. ``हे पारदारिक ! तथा हे साभर्तुकिक ! (शोक पास में जानेवाली) तुम्हारी इस माला से रहने दो, इस माला से प्रतिपथ (सभी रास्तो) से जानेवाली (कुलटा) उस (स्व-प्रिया) की शोभा कर ।'' इस प्रकार अन्य (कोई) स्त्री ने पति को फेंक दिया (दूर किया) ।।24।।

7. **कोई स्त्री, पल्लव से शय्या को बनाकर, खूब विचित्र और शुभ बोलनेवाले पति को ``शय्या सुखकारी है ?'' इस प्रकार पूछने वाली हुई (पूछने लगी) ।।27।।**

8. पर्शु हथियार वालों और शक्ति (नामक) हथियार वालों के द्वारा की गई है रक्षा जिसकी ऐसी उन स्त्रियों ने पर्शुवालों और शक्तिवालों के द्वारा फैंक दिया है किनारे के मूल को जिसने ऐसी नदी में प्रवेश किया गया ।।37।।

9. **आतरिक (नदी के किनारे पर झूके हुए) पुरुषों के द्वारा जिसकी इच्छा नष्ट नहीं हुई (नदी में प्रवेश करते जिसको अटकाया नहीं) ऐसी स्त्रिओंने नदी का अवगाहन किया ।।43।।**

10. योजन से, अभिमुख गमन के योग्य, सौ कोस से अभिगमन के योग्य और सो योजन से अभिगमन के योग्य यह नदी, सैनिकों को (सैनिक भी दिग्विजय के लिए सौ कोस और सौ योजन जाते है, इसलिए) अपने (नदी के) तुल्य होने से उत्कंठित की तरह उर्मियों से गले लगी । (क्रोशाद् योजनाच्च शतिकी–क्रौशशतिकी यौजनशतिकी च इति ।)

11. **वेष से शोभा पाता और स्नान से स्पष्ट हुआ वेश्या के नख के घाव वाले पति को, ``हे कर्म के द्वारा शोभित !'' इस प्रकार बोलती हुई कर्म से शोभित एक स्त्री ने कमल के द्वारा मारा ।।60।।**

12. **महिने और छह महिने से हुए मत्स्य को लक्ष्य करके, छह महिने का बगुला छिपा होने पर एक स्त्री ने (अपने) शठ (मायावी) पति को, ``यह तुम्हारे जैसा है ।'' इस प्रकार कहा । (जैसे तुम मुझे देखते हो और अन्य का ध्यान करते हो, वैसे यह बगुला अन्य को देखता है और अन्य का ध्यान करता है ।) ।।68।।**

13. उसके बाद वह स्त्रियाँ अपने स्थान गयी, अब रवि (सूर्य) पश्चिम दिशा में पहुँचा । जैसे ऋतु आयी है जिसकी, ऐसे पत्तों के साथ लता, जैसे काल प्राप्त हुआ है जिनको ऐसे भ्रमरों के द्वारा, भक्षक जिसे प्राप्त हुआ है ऐसा है, वैसे सामायिक (जिसका समय प्राप्त हुआ है ऐसा) संध्या के राग से सहित ऐसा आकाश, जिसका काल प्राप्त हुआ है ऐसे अंधकार से, भक्षक जिसे प्राप्त हुआ है ऐसा हुआ ।।74।।

14. **जाने की बीस रुपयों से, तीस रुपयों से, बहुत रुपयों से अथवा कितने रुपयों से खरीदा गया है । इस प्रकार मुग्ध स्त्रिओं के द्वारा तर्क किया गया, संध्या राग रूप कुसुम्भ से रंगीत वस्त्र को पश्चिम दिशा ने धारण किया ।।76।।**

15. आकाश में चन्द्र, बीस, तीस किरणों को धारण करते हुए, (साथ रहनेवाले) पांच पक्षिओं के जैसे, किसी स्थान पर उडकर जाते है, वैसे अंधकार किसी स्थान पर उडकर चला गया ।।102।।

16. **(ग्रसन के द्वारा) चन्द्र को पीडा करनेवाला राहु, क्या निश्चय से छेदन-भेदन, शीर्ष छेदन के योग्य नहीं है ? इस प्रकार चन्द्र की किरणों से आनंदित वैरागी (मुनि) भी बोले ।**

पाठ-15

1. सभा के प्रति विचक्षण स्त्रियाँ, सभा के प्रति विचक्षण प्रियाओं (प्रेमीओं) के साथ भोजन में (खाने में) अच्छे चावल से जिसकी उत्पत्ति है ऐसी मदिरा पीकर, सभा के प्रति, विचक्षण प्रिया के प्रति अनुचित नहीं बोली ।।19।।

2. (स्त्रिओं के) मुख से विजय प्राप्त हुए होने पर भी, सभीजनों के प्रति उपकारक है किरण जिसके ऐसे चन्द्र ने मदिरा के मद से सचेष्ट चेतना बिना की स्त्रिओं को सचेतन की, क्योंकि सत्पुरुषों की साधुता (उपकारकता) शत्रुओं के प्रति (भी) होती है ॥120॥

3. उस वक्त, पंचजन (रथकार और चारवर्ण) को हितकारी, सभी जनों को हितकारी, स्त्रीसंभोग के लिए हितकारी और युवा पुरुषों की आत्मा के लिए हितकारी ऐसी रात्रि की हवा ने युवानों के रति क्रीडा के श्रम को दूर किया ॥130॥

4. सर्व जनों को हितकारी होने पर भी यह पवन, महाजन (मुनिजन) को हितकारी नहीं है ऐसे स्मर (काम) का पालन किया । सभी को हितकारी नहीं ऐसे के प्रति (भी), सभी को हितकारी की तरह जो हितकारी है वही सर्वजन के प्रति हितकारी होता है ॥131॥

5. जिस तरह अंगारे के लिए लकडे जलाते है उस तरह विरहिणी स्त्रियों के अंगों को काम ने जलाया है । जिस तरह चमडे की पट्टी और जुते के लिए चमडे को चीरा जाता है, उस तरह काम ने मन को चीर डाला ॥132॥

6. काम के योग्य आचरण करता और क्षत्रिय की तरह प्रहार करता तथा स्त्रिओं को तृण की तरह चंचल करता ऐसा काम, नोकर की तरह किसके द्वारा सेवन नहीं किया गया है ? ॥135॥

7. जैसे किसी लक्ष्मी की इच्छा करता हो वैसे पश्चिम दिशा की इच्छा करता हुआ चन्द्रमा, वृक्ष के ऊपर से जैसे कोई उतरता है उस तरह आकाश के ऊपर से नीचे उतरा जैसे नगर की तरह पर्वत के प्रति आचरण करती उन स्त्रिओं को देखने के लिए अथवा जैसे नगर की तरह अर्बुद् पर्वत की शोभा देखने के लिए नीचे न उतरा हो ॥136॥

8. गोत्ववाले का (गो का) जैसे गोत्व, शुक्लता वाले का (शुक्ल का) जैसे शुक्लत्व प्रकट होता है, वैसे चन्द्रास्त के बाद प्रबोधित्व वाले राजा कुमारपाल को जागरण-निद्राभाव और प्रयाण विषयक बुद्धि हुई ॥137॥

प्रबोधित्ववतः जागरूकस्य धीमतश्च राज्ञः ।
प्रबोधिता जागरणं प्रयाणकविषया बुद्धिश्च ।

जगने के स्वभाववाले और बुद्धिशाली ऐसे राजा का जगना हुआ और प्रयाण के लिए बुद्धि उत्पन्न हुई ।

द्व्याश्रय महाकाव्य, अठारहवाँ सर्ग

9. उसके बाद कुमुदिनी की अपटुता (संकोच) को करनेवाले और पद्म की अपटुता (संकोच) को दूर करनेवाले सूर्य के उदय का तेज होने पर, वह राजा (कुमारपाल) बुद्धि के विस्तार से, अज्ञान से हुए जगत् के अकौशल को हरण करनेवाला (आन्न के प्रति) चला ।।1।।

10. उसके बाद, संग्राम रूपी व्यापार के प्रति जिसका नए प्रकार का अग्रदूतपना (आगे बढना) है, ऐसे और यम के दूत कार्य के योग्य ऐसे घोडों के हणहणाट शब्द को सुनकर और दूत क्रिया का (दूत भेजने का) औचित्य वास्तव में व्यापारियों का है (क्षत्रियों का नहीं है) इस प्रकार कहकर आन्न लडाई के लिए खडा हुआ ।।9।।

11. बंदरों के बंदरपने की तरह घोडों के घोडेपने की तरह, बच्चों के बचपने की तरह और युवानों के यौवन की तरह अतिशय यौवन से शोभित उस (आन्न) का अहंकार दिखा ।।11।।

12. पुरुषत्व की सौरभ (उत्कर्ष) से समृद्ध (भरपुर), वैररूपी ज्वलन (दाह) के महत्त्व के पितृत्व (के कारण) को धारण करता हुआ तथा स्नेह को धारण करता हुआ वह (आन्न) पुरुषत्व का भागी और स्नेह को धारण करता हुआ राजाओं से सेवित हुआ ।।13।।
तथा अमात्य (मंत्री) के द्वारा यह आन्न आश्रित हुआ ।

13. उसके बाद मुख्य मंत्री ने उस (आन्न) को इस प्रकार कहा–

तुम्हारे (यहाँ आने पर) संमुख होने पर, ठंडी को सहन करने वाला, (हवा की गरमी को सहन करनेवाला) वातूल, (शत्रु के सैन्य को सहन करनेवाला) बलूल सैन्य जिसके पास है, ऐसा तथा ठंडी को सहन नहीं करने वाला और गर्मी को सहन नहीं करनेवाला होने पर भी अपने देश के दुःख को सहन नहीं करने वाला ऐसा यह कुमारपाल, इर्ष्या से यहाँ (तुम्हारे पास) आया है ।।21।।

14. अन्जान सार्थवाह को व्याप्त कर (सभी वाहनों के ऊपर चढ सके) ऐसे, सर्व काम को व्याप्त (सभी कार्य करने में समर्थ) ऐसे ही सेवक जिसके पास है ऐसा, तथा सर्व पथ को व्याप्त (सर्व मार्ग को रोक सके) ऐसे हाथी जिसके पास है ऐसा, तथा सर्व पात्र को व्याप्त (सभी पात्र को पहुँच सके) उतना धन जिसके पास है ऐसा, तथा सर्वांग (शरीर) को व्याप्त करने में समर्थ ऐसी प्रभा है जिसकी ऐसा, वह (कुमारपाल) जल्दी से पहले आपके साथ लडाई की अपेक्षा रखता है ।।22।।

15. हे राजन् ! बल के गर्व से तुम अपने पूर्वजो के नाश के लिए न हो, अपना भी वस्त्र प्रपद (घुटने) तक पहुँचने पर गिरने का कारण होता है ।

हे राजन् ! तुम्हारे किसी भी पूर्वजों ने चौलुक्य के साथ वैर नहीं किया, यह मैं जानता हुँ ।

16. हे राजन् ! हे नीतिशास्त्र रूपी सागर की पार पाने वाले ! हे अन्याय रूपी नदी के पार पाने वाले ! इच्छानुसार जानेवाले हाथियों के द्वारा, इच्छानुसार जानेवाले घोडों के द्वारा और अत्यंत (तेज) जानेवाले ऊँटों के द्वारा चौलुक्यों के साथ हमेशा संधी करके तुम्हारे पूर्वजोंने, शत्रुओं के विजय से यहाँ (इस जगत् में) समुद्रगामी यश प्राप्त किया है ।।25।।

17. हे राजन् ! अपने पूर्वजों के, समुद्र के इस पार और उस पार जानेवाले, तथा स्वर्ग मार्ग के मुसाफिर तुल्य उस यश को, गोपाल जैसे मूर्ख की बुद्धि से, न्याय मार्ग पर चलने वाले इस कुमारपाल का विरोध करके तुम्हारे द्वारा हारा न जाय ।।26।।

18. अथवा, हे शत्रु के सन्मुख जानेवाले ! यह (कुमारपाल) अमित्र की (ऐसे तुम्हारी) ओर उठकर जानेवाला होने पर, प्रतिवर्ष प्रसव करती तथा आज अथवा कल प्रसव करनेवाली गायों की तरह चलने में असमर्थ, गाय का प्रदान करे तब तक काम करने वालों की तरह, इन सैनिकों में तुम्हारा कौनसा सैनिक, युद्ध में शत्रु (कुमारपाल) की ओर जानेवाला होगा ? (कोई नहीं) ।।27।।

19. इस कारण से, हे पुरुष के लिए समर्थ शक्तिवाले ! आबादी के लिए कुमारपाल के प्रति मित्रता को, आज अथवा कल ब्यानेवाली गाय की तरह पुष्टकर तथा इस अषडक्षीण (जिसमें छह आँखे नहीं ऐसे तुम्हारे और मेरे सिवाय अन्य से अंजाने) मंत्र के प्रति जल्दी से समर्थ हो । (इस मेरे विचार को बिना विलंब किये अमल करो ।) ।।20।।

20. आन्न ने इस अमात्य के वचन को, जिसमें गायों को चराई है, ऐसे जंगल में रोना जैसे अच्छा नहीं माना है और कहा, हे दुष्ट आशय वाले ! मुझे डराने के लिए तृणमय पुरुष के (खेत में धान्य के रक्षण के लिए किया जाता है, उसके) समान चुलुक्य (कुमारपाल) की किस लिए तुम प्रशंसा करते हो ?

उस आन्न ने, जितने में वह मंत्री को कहा, उतने में पर्वतों की अधोभूमि और ऊपरी भूमि में गर्जना करते कुमारपाल के सैन्य की आवाज हुई ।

21. उसके बाद हाथी प्रमाण शिलाएँ है जिनमें ऐसी और हाथी है प्रमाण जिसका ऐसी नदी को, पुरुष है प्रमाण जिसका, उसकी तरह लांघ कर, पुरुष प्रमाण लम्बी कुद को करते बंदिओं के द्वारा उस (आन्न) को, **``कुमारपाल आया है''** ऐसा कहा गया ।।42।।

22. हाथी की सूंढ प्रमाण हाथ के द्वारा, ताड प्रमाणवाले और हाथ प्रमाण है फल के अग्र भाग जिसके, ऐसे भाले को धारण करता हुआ तथा पैर रखने के द्वारा फाड दी है हाथ प्रमाण पृथ्वी जिसने, ऐसा आन्न हाथी के ऊपर चढा ।।43।।

23. दस है प्रमाण जिसका, उतने मुखवाला, बीस है प्रमाण जिसका, उतने हाथ वाला, तैतीस है प्रमाण जिनका ऐसे देवों को जीतने के लिए तैयार हुआ, जैसे राक्षस-रावण हो ऐसा, तथा शुत्र का सैन्य इतना, मेरा कितना है ? इस प्रकार बोलते हुए आन्न ने तुरंत ही डोरी को धनुष पर चढाई ।।45।।

24. शत्रु के जितने सैनिक है, उतने बाण फेंके । उतने ये गुर्जर सैनिक भी अहो ! सात समुद्र के सात अवयव है जिसके ऐसे समुह रूप हमारे सैन्य में इतने (शत्रु) कितने है । इस प्रकार बोलते हुए जल्दी से उतने बाण फेंके ।।46।।

25. वर्ष को पूर्ण करनेवाली (अक्षय तृतीया आदि) तथा अर्धमास को पूर्ण करनेवाली (अमावस्या अथवा पूर्णिमा) तिथि के पर्व की तरह युद्ध को जानता कोई महापराक्रमी सैनिक, अस्सीवाँ वर्ष जिसे है ऐसा वृद्ध भी, साठवाँ वर्ष जिसे है ऐसे (तरूण) बडे हाथी की तरह लडा ।।51।।

26. वास्तव में इकसठवाँ वर्ष जिसे है ऐसा भी कोई सैनिक, इकसठ वें कौरव (सेना) की तरह तथा कोई सैनिक पांचवे पांडव (सहदेव) की तरह, खूब दिन को पूरे करनेवाले दिन के बाद (लंबे काल से) युद्ध के हर्ष को पाया ।।52।।

(कौरव और पांडवो का युद्ध साठ वर्ष के बाद हुआ था, उसमें सेनापति और सहदेव थे ।)

पाठ-16

द्व्याश्रय महाकाव्य अठारहवाँ सर्ग

1. जैसे सिंगवाले और बढे हुए पैरवाले जंगली पशुओं के साथ सिंगवाले और बढे हुए पैर वाले जंगली पशु, जल्दी से लडते हुए देखे जाते है, वैसे ही समुह वाले सैनिकों के साथ अवृन्दारक अकेले सैनिक जल्दी से लडते हुए इस युद्ध में देखे जाते है ।।70।।

2. और उसके बाद कुमारपाल ने बाणों की वर्षा बरसाई और आन्न के सैनिक वायु के रोगवाले, अतिसार के रोगवाले, भूत से ग्रस्त और पांच वर्ष के बालक की तरह जमीन पर लोटने लगे ।।90।।

3. कुमारपाल ने लोह के बाण से आन्न को मारा, घाव की पीडा से वह भूमि पर गिरा, उसके बाद वह (आन्न) आयुष्यवाला जीवित हुआ, इस प्रकार उपेक्षा करते हुए कुमारपाल ने उसे मारा नहीं, सिर्फ उसके हाथी के समुह को और घोडों को ग्रहण किया ।

4. उसके बाद शत्रुओं ने, हे भाई ! तुम शरण के लिए कहाँ जाओगे ? हे भाई ! मैं शरण के लिए किसके पास जाऊँ । इस प्रकार बोलते हुए जल्दी से कुमारपाल राजा के पास से भाग गया ।

उन्नीसवाँ सर्ग

5. उसके बाद (आन्न के ऊपर विजय से) सर्वत्र (तीनों जगत में) खूब स्थानों में प्रसिद्ध हुए कुमारपाल यहाँ (रणभूमि के पास) ही रहा और इस युद्ध के प्रति किसी स्थान पर पडे हुए शत्रुओं के और किसी स्थान पर पड़े हुए अपने सैनिकों को ढुंढवाता था ॥1॥

6. जब उस (कुमारपाल) के जय का कीर्तन हुआ, तब उलटा उसे लज्जा हुई। क्योंकि उसे किसी एक भी (शत्रु विजय रूप अभ्युदय) बार उच्छृखलता नहीं हुई, तथा दूसरी (अभ्युदय) बार भी उच्छृखलता नहीं हुई। न किसी काल, न सर्वदा हुई ॥2॥

7. इस बार आन्न का दूत कुमारपाल के पास आया और हमेशा पटु ऐसा वह इस प्रकार बोला, जो (युद्धादि) के समय (उस काल में) आन्न ने किया उसे वह अभी (आज) अच्छा नहीं मानता है ॥3॥

8. आन्न दो प्रकार से (भक्त और अभक्त) तथा तीन प्रकार से (भक्त, अभक्त और मिश्र) नहीं होगा। (अत्यंत ही भक्त होगा) और तुम भी दो प्रकार (प्रसन्न और अप्रसन्न) तथा तीन प्रकार (प्रसन्न, अप्रसन्न और मिश्र) वाले नहीं होंगे। महापुरुष एक बार, दो बार, तीन बार, चार बार अथवा पांच बार भी अपराध को सहन करते है ॥11॥

9. सिद्धराज के नीचे से ऊपर (स्वर्ग में) जाने पर, तुम (इन्द्र) ऊपर से नीचे (मर्त्यलोक) में आये हो। तुम्हारे दोनों के द्वारा दो (स्वर्ग और मर्त्यलोक) का अनुभव किया गया है, यह आन्न ने नहीं जाना ॥14॥

10. दक्षिण दिशा में रहे जिस मुनि के द्वारा दक्षिण दिशा रम्य है, उस मुनि (अगस्त्य) के समान गुरु (पुरोहित) को माता के साथ आन्न ने तुम्हें लडकी देने के लिए भेजा है ॥21॥

11. जन्में हुए ऐसे जिनके द्वारा उत्तर दिशा प्रसिद्ध है और बढे हुए ऐसे जिनके द्वारा उत्तरदिशा श्रेष्ठ है, उन (कोंकण देश के) घोडों को विवाह के मंगल में देने के लिए आन्न ने भेजे है ॥23॥

12.-13.-14. इस प्रकार बोलकर दूत के रहते हुए कुमारपाल राजा बोला, पत्थर समान हिम को, सूर्य जैसे पानी पानी कर देता है वैसे आन्न की भक्ति पत्थर समान हमारे मन को पानी-पानी करता है । पुत्री, घोडें और हाथिओं को आन्न अणहिलपाटक (पाटण) भेजे और गुरु तथा माता अणहिलपाटक को देखे ।।30।।

15. फिर उस दूत को विसर्जन करके कुमारपाल अपने देश की ओर वापस लौंटने पर, पाटण के समीप में गया और अपने नगर में प्रवेश किया ।

16. वाद्य यंत्र जल्दी से झणत् इस प्रकार झणत् झणत् इस प्रकार करने पर और पटह पटत्-पटत् इस प्रकार बजने पर उस (कुमारपाल) ने अपने स्थान को अलंकृत किया ।।42।।

17. खूब शत्रुओं को जीतनेवाले उस (कुमारपाल) के पास एक एक नगरजन आया । कुमारपाल ने भी घोडा-घोडा भेट देते हुए उन सभी को पास में बुलाया ।।44।।

18. जैसे `र' कार और `ष'कार मूर्धन्य है, वैसे विद्वानों में मूर्धन्य (शिरोमणि) अहंकार रहित तथा नमस्कार के योग्य ऐसे आन्न के गुरु अन्य दिन आये ।।49।।

19. अच्छे रुपवाली और अच्छे भाग्यवाली तथा रेफ की तरह वक्र है भ्रकुटि जिसकी ऐसी, नाम से जहलणा कन्या, दादी के साथ आयी ।।50।।

20. मनुष्यों के प्रति नये (दूसरे) सूर्य के समान राजा कुमारपाल ने, ये नए महेमानों को नवीन अश्वशाला और नया आवास दिया ।।51।।

21. कुमारपाल ने आन्न के पुरोहित को विवाह के कार्य पूछे, राजा कुमारपाल विवाह के लिए उचित्त विशेष पहनावे के साथ सज्ज हुआ । उसने पुरोहित को बुलाया । कुमारपाल जल्दी से पुरोहित के घर गया ।

पाठ-17

द्व्याश्रय महाकाव्य उन्नीसवाँ सर्ग

1. गणिकाओं जिनमें मुख्य है ऐसे नहीं–यानी कुलांगनामय इस महोत्सव में (विवाहोत्सव में) बहुत मंगल (स्वस्तिकादि) जहाँ किये गए है ऐसे द्वार में (घर के द्वार के आगे) राजा और गणिका सिवाय की जिनमें मुख्य है ऐसी स्त्रिओं को (कुलांगनाओं को) दहिमय–दहिस्वरूप तिलक किया ।।56।।
2. **अच्छा गानेवाली, उत्कृष्ट विलास करती, श्रेष्ठ स्त्रिओं ने खूब मालपुए और मोदक रखकर वहाँ धवल मंगल धारण किये ।।57।।**
3. अत्यंत पतले वस्त्रवाला, चुलुक वंश में जन्मा हुआ, अत्यंत श्रेष्ठ, अत्यंत उज्ज्वल उस कुमारपाल ने नमक (और अग्नि) से युक्त शराव संपुट को तोडकर द्वार की भीतर गया ।।58।।
4. **उन दोनों में जाने कि यह (वर) ज्यादा रुपवाला है कि क्या ? यह (वधु) ज्यादा रुपवाली है, इस प्रकार वधु से सखी वर्ग द्वारा देखे हुए राजा ने मातृगृह में प्रवेश किया ।।59।।**
5. आगे से ही खुश और उस वक्त (कुमारपाल के आगमन समय में) ज्यादा खुश हुए पुरोहित ने भी सांकाश्य में रहनेवाले ब्राह्मणों से ज्यादा पूज्य ऐसे नागरेयक ब्राह्मणों के साथ वहाँ मातृगृह में आया ।।60।।
6. **हाथ और पैर में, क्या हाथ ज्यादा कोमल है ! अथवा पैर ज्यादा कोमल है ! यह अच्छीं तरह से जानने के लिए कन्या को उठाकर सखिओं द्वारा यहाँ मातृगृह में लाया गया ।।61।।**
7. क्या यह (कुमारपाल) ज्यादा उत्कृष्ट है या यह (कन्या) ज्यादा उत्कृष्ट है इस प्रकार विचार करते हुए, जाने कि, पुरोहित ने दोनों के हाथ इकट्ठे किये ।।62।।
8. **जैसे अति प्रभात में हर्षित भौरे कमलों में अति जोर से गाते है, वैसे वहाँ (विवाह में) ब्राह्मणों ने एकदम पहले (अन्य से पहले) मंत्रों को अतिशय जोर से गाये ।।63।।**
9. उसके बाद (हस्तमिलाप के बाद) वधु की उत्तम सखियाँ हास्य प्रधान धवल गीतों को इस प्रकार गा रही थी, जैसे `खूब होंशियार ऐसा यह (कुमारपाल) खूब होशियार ऐसी हमें क्या ज्यादा ठगता है ?' ।।64।।

10. कमल जैसे हाथ में वज्र जैसे हाथ के द्वारा ग्रहण करता यह होशियार चोर, यह हमारी सखी को होंशियारी से चोरी करता है ।।65।।

11. और हल्दी (बलराम) जैसा यह वर, हाथ के द्वारा कडक जैसा पकडता है और यह वधु पूर्ण रुप से कांपती है, यहाँ हम क्या बराबर जैसा बोले ? ।।66।।

12. उसके बाद स्नातक (वेद के पार को पाये हुए) में मुख्य, पतले सूत की जनोई को धारण करता जैसे ब्रह्मा का निपुण कृत्रिम पुत्र न हो, ऐसे पुरोहित ने अग्निकार्य शुरु किया ।।72।।

13. वह वर, ज्यादा उम्रवाली वधु के साथ अग्नि की फेरी धीरे से घुमता है और नहीं पहचानती सभी स्त्रियाँ, सभी को आनंद देनेवाले मंगल गीत गाती है ।।75।।

14. प्रसन्न हुए पुरोहित ने, देविओं में अन्य (एक) वधु और देवों में अन्य (एक) उस (वर) को करमोचन कराया । (दोनों के हाथ भिन्न किये) ।।88।।

15. हे ब्राह्मणों ! तुम्हारे में कौन कठ है अथवा कौन विद्वान है ? इस प्रकार (अपने मनुष्यों के द्वारा) बुलाते हुए राजा ने ब्राह्मणों को धन के द्वारा खुश किया, (परंतु) सभी ब्राह्मणों को नहीं ।।89।।

16. उसके बाद काले लोहे की छूरी को धारण करता हुआ राजा, सौन्दर्य रूपी अमृत से पूर्ण वधु को ग्रहण करता हुआ घर की ओर चला और उस चंद्रमुखी वधु के साथ घर में प्रवेश किया ।

17. कितनी राते जाने पर राजा ने वर्षारात्र से पहले, पवित्र रात्रि की अर्धरात्रि (मध्यरात्रि) में सासु और उस पुरोहित को विसर्जन किया ।।133।।

18. सारी रात जगने वाला (सदा उद्यत) उस (कुमारपाल) ने शत्रुओं की पृथ्वी को वश किया, उच्च देश के अधिपति आदि राजाओं ने घोडों और हाथिओं के द्वारा उस (कुमारपाल) की पूजा की ।

19. मोक्ष के अर्थी मुनिओं के द्वारा भी जिसकी भुजाओं की स्तवना की गई है तथा तलवार जिसके हाथ में है ऐसे उस कुमारपाल ने जैसे किसी

न्याय मार्ग के दो अंगुल को वास्तव में उल्लंघन नहीं करता है और जैसे कोई न्याय मार्ग के अंगुल को (भी) उल्लंघन करने वाला वास्तव में नहीं था, उसी प्रकार न्यून दस महिने से पृथ्वी को जीत ली थी ।।137।।

20. उसके बाद एक बार कुमारपाल राजा के द्वारा तीन, चार, पशुओं को रास्ते में खींच जाता कोई दीन ग्राम्य नर देखा गया, इस (कुमारपाल) ने उसे कहा–अरे ! चलने में अशक्त भेडों को किस कारण खींच कर ले जाता है ? उसने जवाब दिया–हे राजन् ! मैं अति दरिद्र हुँ, इससे यह पशुओं को धन के बदले देने के लिए कसाई की दुकान में ले जाता रहा हूँ। निन्द्य लोग इसके मांस को धन के बदले प्राप्त करने के लिए इच्छुक होते है ।

21. दुर्बद्धि और अल्प बुद्धि वाले उनके वचन सुनकर, सद्बुद्धिवाले राजाओं के द्वारा इस प्रकार बोला गया ``बुद्धिहीन और अल्पबुद्धि वालों को वास्तव में धिक्कार है, क्योंकि वे अपनी आजीविका चलाने के लिए प्राणिओं को मारते है'' ।।9।।

22. अच्छी गंध वाले दूध को और सुगंधी चावल को छोडकर लोग दुर्गंधवाले (परंतु कर्पुरादि सुगंधी द्रव्य को डालने से) उल्लसित गंधवाले और सुगंधी मांस को, जिस कारण से खाने की इच्छा करते है उस कारण से उसके राजा का विवेक वास्तव में खराब है ।।12।।

23. ना मैं न्याय गंधवाला हूँ, ना ही धर्म गंधवाला हूँ। धिक्कार है कि पुरीष (पाप रुपी विष्ठा) के जैसी गंधवाला ऐसा मैं, गोबर जैसी गंधवाले (मैले) शरीर के लिए कर (Tax) लेता हूँ बल्कि भूमि के रक्षण के लिए कर नहीं लेता ।।14।।

24. उस (कुमारपाल) ने उस पशु को ले जानेवाले मनुष्य को इस प्रकार कहकर, अधिकारी को इस प्रकार आदेश किया–``तुम्हें झूठ बोलने वाले को शिक्षा करनी चाहिए। झूठ बोलने वाले से भी परस्त्री गामी को अधिक शिक्षा करनी चाहिए। उससे भी जगत् में प्राणी की हिंसा करनेवाले को अधिक शिक्षा करनी चाहिए।'' उन अधिकारिओंने उस (कुमारपाल) के वचन के साथ ही तरुण लोगों के द्वारा, त्रिककुद् पर्वत तक (लंका तक) अहिंसा की घोषणा की ।

पाठ-18

द्व्याश्रय काव्य बीसवाँ सर्ग

1. एक दिन तीक्ष्ण तलवार जिसके पास है ऐसे कुमारपाल राजा ने मध्य रात्रि में दु:खवाला स्वर (आवाज) सुना ।
2. **उसके बाद राजा ने इस प्रकार विचार किया ``कोई स्त्री शोक से भरी हुई मरने की इच्छा से यहाँ रो रही है ।''**
3. उसके बाद अल्प मुल्यवाले वस्त्रों को पहनकर, ग्रहण किया है संपूर्ण शरीर को ढकनेवाला नील (श्याम जैसा) वस्त्र जिसने ऐसा राजा (कुमारपाल) पदिकों को सोते हुए छोडकर उस स्थान से चला गया ।
4. **क्या कुरुजंगल देश में रहनेवाली है या विश्वधेनु देश में रहनेवाली है, अथवा न कुरुजंगल देश में रहनेवाली या न विश्वधेनु देश में रहनेवाली है, परंतु वास्तव में यह सुवर्णवलज–पुर में रहनेवाली है, यह विचार करते हुए, उस कुमारपाल ने वृक्ष के नीचे रोती हुई स्त्री को देखा ।।44।।**
5. उसके बाद पिता की तरह वह कुमारपाल राजा बोला, हे पुत्री ! सुवर्णवलज-पुर में रहने वाली तुम क्यों इस प्रकार दु:खवाली हो ? सौभाग्य के गर्व से चला गया है (तुम्हारे प्रति) प्रेम जिसका ऐसे पति के द्वारा प्रेमवाली क्या तुम्हारा तिरस्कार किया गया है ? ।।45।।
6. **अतिनिकट अपने भाई की तरह नजदीक से भी नजदीक आकर उस समय इस प्रकार बोलकर राजा के मौन रहने पर, उसके बाद पास रही वह स्त्री, पास रहे राजा के चरण युगल को दांत की कांति से, जाने अतिशय पुष्पमालावाला करके (नीचे मुह करके) बोली ।।49।।**
7. समुद्र में हाथ से तैरने से जैसे (व्यक्ति) नाश को पाता है, अथवा जिसके पास धनुष प्रहरण नहीं है ऐसे घी बेचने वाला जैसे रास्ते में चोरों से लुंटा जाता है, उसी प्रकार विष्ठा से भरी हुई अशाश्वत यह शरीर रूपी लकडी अचानक नाश पाती है । इससे उस (विनश्वर अंगयष्टि) को, अनाथ (पति, पुत्र रहित) मैं क्यों धारण करुं ? (नहीं धारण करुं ।) ।।76।।

8. पुत्र मरण से अपुत्र हुए का धन राजा ले लेता है, इस कारण से धन में भी आशा नहीं है, (इसलिए) हे (महापुरुष) ! तुम को (मेरे निमित्त कोई आपत्ति न आये इसलिए) तुम चले जाओं (वापस कोई सुन लेगा इसलिए) मत बोलों मत बोलों । इस प्रकार बोलती हुई वह स्त्री वृक्ष के प्रति अपने आपको फांसी देने के लिए तैयार हुई ।।77।।

9. उसके गले पर बांधने वाले वस्त्र-पाश को जल्दी से जबरदस्ती खींच लिया और बार-बार (अपने आप की) निंदा करके राजा ने उस (स्त्री) को इस प्रकार कहा–यह राजा तुम्हारे धन को नहीं ग्रहण करेगा, नहीं ग्रहण करेगा (कभी ग्रहण नहीं करेगा) । तुम्हें मेरे वचन को थोडा थोडा भी मानना चाहिए ।।78।।

10. जिस कारण से राजा (यहां का राजा) अत्यंत दया को करता है, उस कारण से मरे हुए का धन छोड देना, जिससे ``हे पुत्री ! पति–पुत्र को पानी का एक-एक घडा देने के लिए तुम वास्तव में जीवित रहो । (मरो मत)'' इसके बाद राजा ने इस स्त्री को इस प्रकार ऊँचे उद्‌बोधन करके (समझाकर) अपने घर गया ।।79।।

11. धन को जबरदस्ती लेने से नगर नगर में, अपुत्रीय अपुत्रीय (पुत्र रहित सभी लोग) दु:खी है, इस प्रकार याद करते हुए एक एक प्रजा को खुश करनेवाले उस (कुमारपाल) राजा ने, उसके बाद एक-एक मंत्री को इस प्रकार आदेश किया ।।84।।

12. हे मत्रिओं ! मेरी कमाई में दो-दो लाख या दो-दो करोड भले ही कम हो, परंतु तुम्हें पुत्र मरण से अपुत्रीय बने (व्यक्ति) का धन ग्रहण नहीं करना है । यह रहस्य (आदेश) मैं तुम्हे निर्देश करता हुँ ।।85।।

13. हे आचार्य भगवंत ! मैं आपको वंदन करता हूँ । हे कुमारपाल ! तुम्हारा जय हो, तथा हे उपाध्याय आदि भगवंत ! तुम्हे भी मैं वंदन करता हूँ । हे कुमारपाल ! तुम सुकृतवाले हो, तथा हे कुमारपाल ! तुम बडे आयुष्यवाला हो, इस प्रकार (आचार्यादि) आर्हतों के द्वारा आशीर्वाद पाये हुए कुमारपाल राजा ने, सुवर्ण और इन्द्रनील मणिओं के द्वारा, स्फटिक की बनायी हुई श्री पार्श्वनाथ प्रभु की प्रतिमा है, जिसमें ऐसा मंदिर यहाँ (अणहिल पाटक पाटण में) किया । (बनवाया) ।।98।।

जैन हिन्दी साहित्य दिवाकर, मरुधररत्न, पू.आ. श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा. द्वारा मुख्यतया हिन्दी भाषा में आलेखित 278 पुस्तकों में से उपलब्ध एवं अवश्य पठनीय साहित्य-सूची

Sr. No.	पुस्तक का नाम	मूल्य
1.	Pearls of Preaching	60/-
2.	Panch Pratikraman Sootra	100/-
3.	अमृत रस का प्याला	300/-
4.	ध्यान साधना	40/-
5.	शंका समाधान (भाग-5)	160/-
6.	शत्रुंजय यात्रा	40/-
7.	शत्रुंजय की भाव यात्रा	230/-
8.	आओ संस्कृत सीखें भाग-2	400/-
9.	दंडक सूत्र विवेचन	90/-
10.	प्रवचन का अमृत	200/-
11.	पर्युषण अष्टानिका प्रवचन	120/-
12.	गणधर-संवाद	80/-
13.	आओ ! उपधान पौषध करें !	130/-
14.	श्री नमस्कार महामंत्र	180/-
15.	संस्मरण	50/-
16.	आध्यात्मिक पत्र	60/-
17.	चिंतन का अमृत कुंभ	80/-
18.	पंच-प्रतिक्रमण सूत्र (भाग-1)	210/-
19.	पंच-प्रतिक्रमण सूत्र (भाग-2)	220/-
20.	पंच-प्रतिक्रमण सूत्र (भाग-3)	125/-
21.	पंच-प्रतिक्रमण सूत्र (भाग-4)	135/-
22.	विवेकी बनो	90/-
23.	श्रमण क्रिया के मुख्य सूत्र	200/-
24.	प्रवचन-वर्षा	60/-
25.	आओ श्रावक बनें !	25/-
26.	व्यसन-मुक्ति	100/-
27.	श्रावक जीवन दर्शन	250/-
28.	महावीर प्रभु की पट्टधर परंपरा 58-80	280/-
29.	प्रतिक्रमण उपयोगी संग्रह	80/-
30.	समाधि मृत्यु	80/-
31.	तीन भाष्य	150/-
32.	आठ कर्म निवारण पूजाएं	200/-
33.	तत्त्वार्थ-सूत्र-भाग-1	200/-
34.	तत्त्वार्थ-सूत्र-भाग-2	200/-
35.	सज्झायों का स्वाध्याय	100/-
36.	कोयंबतुर-प्रवचन	150/-
37.	दक्षिण भारत प्रवचन	160/-
38.	विविध देववंदन	100/-
39.	नवतत्त्व विवेचन	110/-
40.	लघु संग्रहणी	140/-
41.	समाधि की साधना	300/-
42.	New Message for a New Day	600/-
43.	आओ ! पर्युषण प्रतिक्रमण करें !	150/-
44.	इन्द्रिय पराजय शतक	150/-
45.	दूसरा कर्मग्रन्थ	55/-
46.	तीसरा कर्मग्रन्थ	90/-
47.	चौथा कर्मग्रन्थ	140/-
48.	पाँचवाँ कर्मग्रन्थ	160/-
49.	छठा-कर्मग्रन्थ	210/-
50.	नित्य देववंदन	निशुल्क
51.	संबोह-सित्तरि (वैराग्य का अमृत कुंभ)	160/-
52.	श्री सिद्धहेमचन्द्र-शब्दानुशासनम् (भाग:-1)	1170/-
53.	श्री सिद्धहेमचन्द्र-शब्दानुशासनम् (भाग:-2)	1040/-
54.	श्री सिद्धहेमचन्द्र-शब्दानुशासनम् (भाग:-3)	900/-
55.	श्री सिद्धहेमचन्द्र-शब्दानुशासनम् (भाग:-4)	1270/-
56.	श्री भद्रंकर प्रश्नोत्तरी	170/-
57.	अध्यात्मयोगी से प्रश्नोत्तर	160/-
58.	योग की आठ दृष्टियाँ	430/-
59.	10 श्रमण-धर्म	250/-
60.	साचा माणस बनीए ! (गुजराती)	300/-
61.	शुभ-संदेश	250/-
62.	भक्ति से मुक्ति	200/-
63.	सहनशील बनों (22 परीषह)	180/-
64.	आओ ! प्राकृत सीखें भाग-1	350/-
65.	आओ ! प्राकृत सीखें भाग-2	300/-
66.	नवकार-प्रवचन	180/-
67.	जीवन-प्रसंग	360/-
68.	सात वासुदेव-प्रतिवासुदेव बलदेव	50/-
69.	समाधि मृत्यु	80/-
70.	पर्युषण अष्टाह्निका प्रवचन	120/-
71.	प्रतिक्रमण उपयोगी संग्रह	80/-
72.	श्रमण-हितशिक्षा	250/-
73.	हृदय प्रदीप (भाग-1)	260/-
74.	हृदय प्रदीप (भाग-2)	260/-
75.	हार्दिक-भावांजलि	210/-
76.	हालार-गौरव वज्रसेन-सौरभ	200/-
77.	आओ ! भाव सामायिक करें !	200/-
78.	चिंतन की चांदनी	200/-
79.	आओ ! संस्कृत सीखें ! भाग-3	360/-
80.	आओ ! संस्कृत सीखें ! Guide Book	270/-

पुस्तक प्राप्ति स्थान : दिव्य सन्देश प्रकाशन C/o. सुरेन्द्र जैन, Office No. 304, 3rd Floor, बे व्यु बिल्डींग, विंग-ईस्ट बे, डॉ. एम.बी. वेलकर स्ट्रीट, कालबादेवी, मुंबई-400 002. M. 84 84 84 84 51 (only whatsapp)

Kamal PRINTER'S
M. 9820530299